नई दिल्ली
शुक्रवार 2 जनवरी 2026
पौष मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 29, अंक : 260
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 17
न्यून. 07

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## स्विट्जरलैंड में स्टेट इमरजेंसी घोषित, क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के ऊपर 'नो फ्लाई जोन'

# नए साल की आतिशबाजी बनी 'मौत' स्की रिसॉर्ट में धमाका, 40 लोग मारे गए

*यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। उस वक्त रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे*

एजेंसी ▶▶ बर्न

स्विट्जरलैंड के एक रिजार्ट बार में ब्लास्ट हो गया है, इसमें कम से कम 40 लोगों के मारे जाने की खबर है, वहीं 100 से अधिक लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना स्थानीय समयानुसार रात 1.30 बजे घटी है। पुलिस ने बताया कि स्विट्जरलैंड के क्रान्स-मोंटाना स्की रिसॉर्ट के बार में हुए धमाके में कई लोगों की मौत हो गई और अन्य घायल हो गए।

यह धमाका स्थानीय समयानुसार 1:30 बजे (00:30 जीएमटी) 'ले कॉन्स्टेलेशन बार' में हुआ। इटली के विदेश मंत्रालय ने ▶▶ शेष पेज 5 पर

**घटनास्थल पर 10 हेलिकॉप्टर और 40 एंबुलेंस तैनात**





» **पीड़ितों के परिवारों की सहायता के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर और स्वागत केंद्र स्थापित**

» **सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था**

### धमाके की तत्काल मिली सूचना

आग लगने का कारण एक म्यूजिक प्रोग्राम के दौरान आतिशबाजी हो सकती है, हालांकि, पुलिस ने कहा कि कारण अज्ञात है। यह धमाका ले कॉन्स्टेलेशन बार में हुआ, जहां लोग नए साल का जश्न मना रहे थे। पुलिस प्रवक्ता गैटन लैथियन ने बताया कि आग लगने की सूचना लगभग 1:30 बजे मिली। सुबह होते-होते आग पर काबू पा लिया गया था। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार धमाके के समय रिसॉर्ट में सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद थे।

### स्विट्जरलैंड का मशहूर टूरिस्ट स्पॉट

स्विस ऑल्प्स के बीच में बसा क्रान्स-मोंटाना एक बहुत ही मशहूर टूरिस्ट स्पॉट है, जो स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और गोल्फ जैसी एक्टिविटीज के लिए दुनिया भर से लोगों को आकर्षित करता है। यह जगह स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से लगभग दो घंटे की दूरी पर है। यहां हर साल नए साल के जश्न पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचते हैं। पुलिस ने बताया कि धमाका जब हुआ, लोग नए साल का जश्न मना रहे थे।

# तंजानिया के लोग...काले शरीर सुनहरे दिल

मानव जाति के इतिहास में एक कलंकित अध्याय दास प्रथा का भी है। विशेषकर अफ्रीकी देशों के नागरिकों के साथ जो कुछ अरब और यूरोपियन व्यापारियों ने अतीत में किया है, उसकी कहानियां पढ़कर तो रोंगटे ही खड़े हो जाते हैं। इस महाद्वीप के तमाम देशों से पंद्रहवी शताब्दी से उन्नीसवीं शताब्दी के बीच तकरीबन तीन करोड़ महिलाओं और पुरुषों को उनकी इच्छा के विपरीत गुलाम बनाकर अन्यत्र स्थानों पर ले जाया गया था। बचपन में जब कभी इतिहास की किताबों में दास व्यपार और गुलाम प्रथा के अध्याय पड़ता था तो यह अचरज होता था कि अफ्रीका के लोग शारीरिक रूप से इतने मजबूत या हट्टे-कट्टे होकर भी गुलामी का जीवन जीने कैसे तैयार हो जाते थे। इस जिज्ञासा का समाधान इस तंजानिया प्रवास के दौरान हो गया है।



डॉ. हिमांशु द्विवेदी

**यात्रा वृतांत**

असल अफ्रीका के इन काजल से भी अधिक काले और इस्पात की तरह मजबूत मांसपेशियों के शरीर के अंदर मासूम मन और सुनहरा दिल निवास करता है। अ ब्लैक मैन विद गोल्डन आर्ट की कहावत शायद इन लोगों को देखकर ही गढ़ी गई थी। अभी तक जितना समय तंजानिया में बिताया है, उसमें यहां के लोगों की सरलता, विनम्रता, गंभीरता देखकर अचंभित हूं। व्यक्ति के संबंध में राय उसकी त्वचा का रंग देखकर नहीं, व्यवहार देखकर बनाना चाहिए। बुजुर्गों की यह समझाइश अब ▶▶ शेष पेज 5 पर



### तंजानिया से रायपुर का रिश्ता

तंजानिया के साथ रायपुर का भी भावनात्मक रिश्ता है। नया रायपुर में छोटे बच्चों की ह्रदय संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए स्थापित सत्य सांई ह्रदय संस्थान इस रिश्ते की वजह है। अभी तक तंजानिया से सात बच्चे उपचार के लिए यहां आ चुके हैं और प्रसन्नता की बात यह है कि उनमें से छह बच्चे निशुल्क इलाज सुविधा का लाभ उठ कर पूरी तरह से ठीक भी हो चुके हैं।

## राजधानी में गुरुवार को डीआरडीओ के 68वें स्थापना दिवस के मौके पर बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

# डीआरडीओ ने ऑपरेशन सिंदूर में की राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा, जल्द करेगा सुदर्शन चक्र का निर्माण

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी स्थित रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के 68वें स्थापना दिवस के अवसर पर सबसे पहले पिछले साल पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान को दिए गए भारत के मुंहतोड़ जवाब यानी ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख किया और कहा कि देश के इस सैन्य अभियान के दौरान संगठन द्वारा विकसित किए गए हथियारों ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। जो हमारे राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के प्रति डीआरडीओ की व्यावसायिकता और प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



इसके बाद उन्होंने स्वतंत्रता दिवस-2025 के मौके पर लालकिले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित सुदर्शन चक्र को लेकर विश्वास जताते हुए कहा कि डीआरडीओ जल्द ही ▶▶ शेष पेज 5 पर

### नवाचार संग निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाएं

रक्षा मंत्री ने डीआरडीओ से निरंतर नवाचार पर ध्यान केंद्रित करने और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने वाले अधिक क्षेत्रों की पहचान करने का आग्रह किया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि संगठन को तेजी से विकसित हो रहे प्रौद्योगिकीय इकोसिस्टम के साथ तालमेल बिठाकर आगे बढ़ते रहने और बदलते वक्त के हिसाब से उत्पाद लाते रहने का अनुरोध भी किया। गहन ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कार्यप्रणाली में हुआ सुधार

उन्होंने कहा कि संगठन ने लगातार अपनी प्रणालियों, प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली में सुधार किया है। खरीद से परियोजना प्रबंधन तक, उद्योग जगत सहभागिता से लेकर स्टार्टअप और एमएसएमई के साथ सहयोग-कार्य को सरल, तेज और ज्यादा विश्वसनीय बनाने के लिए स्पष्ट प्रयास दिखाई देते हैं। उन्होंने डीआरडीओ की प्रौद्योगिकी सृजन के साथ-साथ विश्वास निर्माण में निभाई गई भूमिका की भी प्रशंसा की और कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सिर्फ विज्ञान से नहीं चलेगा काम

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि आज का युग केवल विज्ञान का नहीं है। बल्कि इसमें लगातार विकास और सीखने की आवश्यकता है। बदलती हुई इस दुनिया में प्रौद्योगिकी स्कैनिंग, क्षमता आकलन और भविष्य की तैयारी अब महज शब्द नहीं हैं। दुनिया के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा नए युद्ध क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। जिसे कल का ज्ञान अप्रचलित हो रहा है। रक्षा मंत्री ने बताया कि हमें कभी ये नहीं मानना चाहिए कि सीखने की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। बल्कि हमें निरंतर सीखते रहना चाहिए और खुद को चुनौती देते रहने चाहिए। जिससे नई पीढ़ी के लिए मार्ग प्रशस्त हो सके।

## 15 अगस्त 2027 को चलेगी पहली बुलेट ट्रेन, रेल मंत्री मजाकिया अंदाज में बोले-आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए

# वंदे भारत स्लीपर का इंतजार खत्म गुवाहाटी-हावड़ा होगा 'पहला रूट'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोदी नए साल 2026 में बंगाल और असम को नई सौगात देने वाले हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम बंगाल को जल्द ही कोलकाता और गुवाहाटी के बीच वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन की तारीख का भी ऐलान किया है। वंदे ▶▶ शेष पेज 5 पर






### जीएसटी से भरा सरकार का खजाना

*दिसंबर माह में 6% बढ़ा, 1.74 लाख करोड़ पार*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गुड्स एंड सर्विसेस टैक्स (जीएसटी) कलेक्शन से सरकार का खजाना लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार 1 जनवरी 2026 को दिसंबर 2025 महीने में जीएसटी कलेक्शन का आंकड़ा जारी कर दिया गया है और ये शानदार रहा है। कलेक्शन साल के आखिरी महीने में सालाना आधार बढ़ोतरी के साथ 1.74 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा रहा है। इससे पिछले साल दिसंबर 2024 में जीएसटी रेवेन्यू 1.64 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा था। सरकार द्वारा जारी किए गए दिसंबर महीने के जीएसटी कलेक्शन के डेटा पर नजर डालें, तो इसमें सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की बढ़कर 1.74 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। बड़े टैक्स कट के बावजूद घरेलू बिक्री से रेवन्यू में धीमी ग्रोथ के बाद ये आंकड़ा सामने आया है। घरेलू ट्रांजैक्शन से ग्रॉस रेवन्यू 1.2% बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया, जबकि दिसंबर के दौरान आयातित सामान से रेवन्यू 19.7% बढ़कर 51,977 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा रिफंड 31% के इजाफे के साथ ▶▶ शेष पेज 5 पर




■ अर्थव्यवस्था के लिए दिखे शुभ संकेत



## बिजली की मांग पहुंची 5600 मेगावाट

**नई दिल्ली।** इस सर्दी के मौसम में पहली बार गुरुवार 1 जनवरी 2026 को बिजली की मांग का आंकड़ा 5600 मेगावाट के पार पहुंचा है। मांग को लेकर कयास लगाए जा रहे है कि जल्द ही सर्दियों के मौसम में अधिकतम बिजली की मांग के पुराने रिकॉर्ड टूट सकते है। दिल्ली स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार साल के पहले दिन गुरुवार को सुबह 11 बजे के करीब बिजली की खपत बढ़कर 5603 मेगावाट तक पहुंच गई, जो ऑल टाइम रिकॉर्ड के बेहद करीब है। गत वर्ष सर्दियों के सीजन में बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 5655 मेगावाट दर्ज हुआ था जो अब तक की सबसे अधिक मांग के रूप में दर्ज है। ऐसे में नए साल के पहले ही दिन बिजली की खपत 5603 मेगावाट दर्ज हुई है जो ऑल टाइम रिकॉर्ड से महज 52 मेगावाट ही पीछे है। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि बेशक यह मांग इस सीजन की सबसे अधिक है, लेकिन इसे बिना किसी कटौती के निर्बाध तरीके से पूरा किया गया। कंपनियों का दावा है कि इस बार अधिकतम बिजली की मांग 6000 मेगावाट के अनुमान के अनुरूप पहले ही सारी व्यवस्था कर रखी है। इसलिए कहीं कोई दिक्कत नहीं है, निर्बाध आपूर्ति जारी रहेगी।

### संगठित अपराध नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि

# द्वारका पुलिस द्वारा पकड़े दो अपराधियों को मकोका के तहत हुई सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



राजधानी में संगठित अपराध नेटवर्क को खत्म करने की दिशा में द्वारका जिला पुलिस को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। दरअसल द्वारका जिला पुलिस ने महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका), 1999 के कड़े प्रावधानों के तहत गिरफ्तार किये गये दो कुख्यात अपराधियों को सजा दिलवाने का कार्य किया है।

डीसीपी अंकित सिंह के अनुसार विकास गुलिया उर्फ विकास लगरपुरिया 18 और धीरपाल उर्फ काना 10 गंभीर अपराधों में शामिल था। इनके खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली से संबंधित अपराध, जेल अधिनियम का उल्लंघन, लोक सेवक के आदेशों की अवज्ञा, आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन और गंभीर चोट पहुंचाने जैसे मामले शामिल थे। द्वारका कोर्ट ने दोनों अपराधियों को मकोका की धारा 3 के तहत अपराधों के लिए दोषी ठहराया है। मकोका का केस नजफगढ़ थाने से संबंध था और 2015 में दर्ज किया गया था। जांच में आरोपियों की बार-बार और गंभीर आपराधिक गतिविधियों में गहरी संलिप्तता का पता चला, जो सार्वजनिक व्यवस्था और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहे थे। विकास लगारपुरिया से जुड़े 18 आपराधिक मामलों की सर्टिफाइड कॉपी संबंधित अदालतों से इकट्ठा की गई, जिनमें संज्ञान लिया गया था। इसके अलावा आरोपी धीरपाल की संलिप्तता को भी ध्यान में रखा गया और वह 10 गंभीर आपराधिक मामलों में शामिल पाया गया। अभियोजन पक्ष ने 86 में से 59 गवाहों की जांच करके एक मजबूत मामला पेश किया, जिसमें कई पिछले मामलों में जमानत मिलने के बावजूद आरोपी की लगातार गैरकानूनी गतिविधियों को दिखाया गया। न्यायालय ने दोषियों में कानून के प्रति डर या सम्मान की कमी देखी। विकास लगरपुरिया और धीरपाल को मकोका के तहत अपराध करने के लिए आजीवन कठोर कारावास और प्रत्येक पर तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना न देने की स्थिति में दोनों दोषियों को एक साल की साधारण कैद भुगतनी होगी। द्वारका जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने जांच टीम को उनके समर्पण, व्यावसायिकता और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता के लिए सराहा है। यह सजा गंभीर अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने और कानून के शासन को बनाए रखने के लिए जिला पुलिस के संकल्प का प्रमाण है। यह सजा द्वारका जिला पुलिस के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है, जिसे वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के कुशल मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में हासिल किया गया है और यह शहर में सक्रिय संगठित आपराधिक गिरोहों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के दिल्ली पुलिस के संकल्प को मजबूत करता है। विकास लगरपुरिया तहसील बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा का रहने वाला है। वहीं धीरपाल उर्फ काना उर्फ ढीलू भी झज्जर, हरियाणा का मूल निवासी है।

# फ्लैट में 27 वर्षीय महिला का मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- एसएससी की तैयारी कर रहे छात्र के फ्लैट में तीन दिनों से रह रही थी

उत्तरी दिल्ली के मुखर्जी नगर में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर एक फ्लैट से 27 वर्षीय महिला का शव फंदे से लटका मिला। मृतका की पहचान रिया चौधरी निवासी मथुरा के रूप में हुई है। वह तीन साल से पति से अलग रह रही थी। इस फ्लैट में एसएससी की तैयारी करने वाला एक युवक रहता है। महिला तीन दिनों से इस फ्लैट में रह रही थी। पुलिस आत्महत्या व हत्या दोनों पहलुओं से जांच कर रही है।

पुलिस को इस मामले की सूचना बुधवार देर शाम मिली। सूचना मिलने पर पहुंची मुखर्जी नगर थाना पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हुई। शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई। पता चला कि वह शादीशुदा थी। चार वर्ष का एक बेटा भी है। वह बीते तीन सालों से पति से अलग रह रही थी। यहां एक पुरुष दोस्त के कमरे में तीन दिनों से रुकी थी। यह कमरा मथुरा के रहने वाले एक छात्र ने किराया पर लिया हुआ है, जो यहां रहकर एसएससी की तैयारी करता है। दोनों एक दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों की दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई थी। युवक की दादी को कैंसर था। दादी की तबीयत खराब होने की वजह से दोस्त शनिवार को ही मथुरा चला गया था। 31 दिसंबर को दादी की मौत पर छात्र ने जब महिला को फोन किया तो, वह उठा नहीं रही थी। ऐसे में युवक ने किसी दोस्त से कमरे पर जाकर महिला से बात कराने के लिए कहा। दोस्त के जाने पर पता चला कि कमरे का गेट अंदर से बंद है। गेट के ऊपर लगे शीशे से अंगर झांक कर देखा तो महिला फंदे से लटकी हुई थी। तुरंत इसकी जानकारी पुलिस को दी। एफएसएल व क्राइम टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किये। महिला का मोबाइल फोन कब्जे में लिया गया है। मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस युवक से पूछताछ कर आगे की जांच व कार्रवाई कर रही है।

# नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने पर जमकर कटे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली यातायात पुलिस की सख्ती से नववर्ष की पूर्व संध्या पर शराब पीकर वाहन चलाने के कारण 857 चालान काटे गये। इस बार यह आंकड़ा पिछले सालों से काफी अधिक रहा। 2024 में शराब पीकर वाहन चलाने पर 272 चालान किए गए थे।

पुलिस के अनुसार नशे व तेज रफ्तार वाहन चलाने, मोटरसाइकिल से करतब दिखाने और अन्य उल्लंघनों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख सड़कों, रात्रि आयोजन स्थलों और आवासीय इलाकों में विशेष प्रवर्तन दल तैनात किए गए थे। रातभर विभिन्न स्थानों पर चौकियां स्थापित कर नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की गई। नववर्ष के जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस के 20 हजार जवान तैनात किए गए थे। भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की गई और जिला नियंत्रण कक्षों के बीच वास्तविक समय में समन्वय रखा गया। पुलिस के मुताबिक, कनॉट प्लेस, हौज खास और एयरोसिटी जैसे इलाकों पर विशेष ध्यान दिया गया, जहां भीड़ जुटने की संभावना होती है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य केवल उल्लंघनों पर कार्रवाई करना नहीं, बल्कि नशे में वाहन चलाने वालों को कड़ा संदेश देना भी था क्योंकि इसी के कारण सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं।

डीसीपी ट्रैफिक शशांक जायसवाल के अनुसार नववर्ष की पूर्व संध्या पर एल्कोमीटर से लैस लगभग 100 टीमों को तैनात किया गया था। 2024 की तुलना में 2025 में इन ट्रैफिक उल्लंघनों के खिलाफ कार्रवाई में काफी वृद्धि हुई है। 31 दिसंबर को कुल 8,461 उल्लंघन दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह आंकड़ा 2,901 का था। विशेष रूप से नशे में ड्राइविंग के मामले 272 से बढ़कर 857, गलत साइड ड्राइविंग के मामले 240 से बढ़कर 1,630, गलत पार्किंग के मामले 2,312 से बढ़कर 5,783 और ट्रिपल राइडिंग के मामले 77 से बढ़कर 191 हो गए।

# बैंक लोन धोखाधड़ी रैकेट में शामिल गैंग के तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच ने बैंक लोन धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। छह साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया हैं। इनके नाम अतुल अग्रवाल उर्फ मनीष कुमार (40), अजय चौरसिया (46) और दीपक (49) बताये गये। जालसाजों ने खुद को सरकारी अफसर बताया था। जाली पहचान और आय के दस्तावेज तैयार किए और धोखाधड़ी से अलग-अलग बैंकों से लोन लिया था।

डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार जांच बजाज फाइनेंस की ओर से लोकनारायण करोतिया द्वारा धारा 156(3) सीआरपीसी के तहत दर्ज कराई गई शिकायत से शुरू हुई। आरोपियों ने जाली सरकारी कर्मचारी आईडी कार्ड और फर्जी आय दस्तावेज जमा करके वेतनभोगी पर्सनल लोन लिया। उन्होंने झूठा दावा किया कि वे प्रिंसिपल डायरेक्टर ऑफ कमर्शियल ऑडिट, कैग बिल्डिंग, बहादुर शाह जफर मार्ग के कार्यालय में सीनियर ऑडिट ऑफिसर के पद पर काम करते हैं। लोन की ईएमआई डिफॉल्ट होने के बाद धोखाधड़ी का पता चला। वेरिफिकेशन से पता चला कि आरोपियों ने बताए गए कार्यालयों में कभी काम नहीं किया था। 2 सितंबर 2022 को क्राइम ब्रांच थाने में उचित धाराओं के तहत दर्ज की गई थी।

# नव वर्ष के पहले दिन राजधानी के मंदिरों सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नव वर्ष 2026 के प्रथम दिन गुरुवार को राजधानी दिल्ली के अधिकांश मंदिरों,गुरुद्वारा आदि में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह चार बजे से ही दिल्ली के प्राचीन व प्रसिद्ध मंदिरों के बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगने लगी, जो धीरे धीरे बढ़ती चली गई। भारी भीड़ के पूर्वानुमान के चलते अधिकांश मंदिर प्रबंधकों ने पहले ही व्यापक प्रबंध कर रखे थे। बड़े मंदिरों में शामिल पांडव कालीन प्राचीन श्री कालका जी सिद्ध पीठ मंदिर कालका जी, छत्तरपुर स्थित मां कात्यायनी मंदिर, झंडेवाला स्थित बद्री भगत झंडेवाला मंदिर, हरी नगर स्थित मां संतोषी मंदिर, यमुना बाजार रिंग रोड स्थित मरघट वाले हनुमान जी मंदिर, कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर, श्री गणेश मंदिर, लक्ष्मी नारायण (बिरला) मंदिर, गौरी शंकर मंदिर चांदनी चौक, दिगंबर जैन लाल मंदिर चांदनी चौक, बंगाली काली मंदिर, यमुना किनारे स्थित नीली छतरी वाला मंदिर, अक्षरधाम मंदिर, रोहिणी रिंग रोड स्थित मां कालका मंदिर, पंजाबी बाग व ईस्ट ऑफ कैलाश स्थित इस्कान मंदिर, नई दिल्ली स्थित बंगला साहिब गुरुद्वारा व रकाब गंज साहिब गुरुद्वारा सहित अन्य धार्मिक स्थलों व मठ तथा आश्रमों में पूजा अर्चना आदि कर अपने नए वर्ष की शुरुआत की। प्राचीन सिद्धपीठ श्री कालका जी मंदिर के महंत सुरेंद्र नाथ अवधूत ने कहा कि मंदिर में 31 दिसंबर 2025 की रात और नव वर्ष की पावन बेला पर 1 जनवरी 2026 की सुबह भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी रही। बता दें कि नए साल के दिन दिल्ली के छोटे बड़े मंदिरों में लोगों की भारी भीड़ लगी रहती है। लोग अपनी अपनी भावना के अनुसार मंदिर व गुरूद्वारे आदि धार्मिक स्थल पर इष्ठ के दर्शन कर पूजा पाठ आदि करते हुए नए साल के पहले दिन की शुरुआत करना अपने लिए शुभ मानते है।

# नववर्ष पर हरेवली गांव में बच्चों की दौड़ ने बढ़ाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



- विभिन्न वर्गों के बच्चों ने लिया हिस्सा
- फिटनेस और सकारात्मक सोच का दिया संदेश

दिल्ली देहात की बवाना विधानसभा स्थित हरेवली गांव में नववर्ष के शुभ अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खेलों की रौनक देखने को मिली। इस मौके पर दिल्ली युवा सुधार समिति के पदाधिकारी शीले पहलवान ने कहा कि नववर्ष के अवसर पर यदि गांव के बच्चों को कुछ नया और प्रेरणादायक मिले, तो इससे बेहतर शुरुआत कुछ और नहीं हो सकती। दिल्ली युवा सुधार समिति की ओर से गांव के बच्चों के लिए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अलग-अलग आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दौड़ के दौरान बच्चों में जबरदस्त जोश और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिली। आयोजन का उद्देश्य नववर्ष की शुरुआत खेल, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा के साथ करना रहा। शीले पहलवान ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ती है और वे मोबाइल व नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहते हैं। गांव के अभिभावकों और ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे और कार्यक्रम आयोजित करने की मांग की।

# नववर्ष के पहले दिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हनुमान जी की पूजा की

- यमुना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर लिया आशीर्वाद, दिल्लीवासियों के सुख-समृद्धि और विकसित दिल्ली की कामना की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



नववर्ष के पहले दिन गुरुवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यमुना बाजार स्थित हनुमान मंदिर (मरघट वाले) पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की और भगवान बजरंग बली का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देश और राजधानीवासियों के लिए सुख, शांति, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नया साल 2026 सभी भारतवासियों, दिल्ली के परिवारों, भाई-बहनों और प्रत्येक निवासी के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लेकर आए। उन्होंने कहा कि उनकी यही कामना है कि दिल्ली निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े और एक विकसित राजधानी के रूप में सशक्त हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु हनुमान सत्य, साहस, सेवा और संकल्प के प्रतीक हैं। उनका आशीर्वाद सभी को जनकल्याण, कर्तव्यनिष्ठा और सकारात्मक सोच के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रार्थना की कि बजरंग बली का आशीर्वाद दिल्ली और देश पर सदैव बना रहे। पूजा-अर्चना के पश्चात मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से संवाद किया और सभी को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# ऑपरेशन विश्वासः शाहदरा पुलिस ने एक करोड़ के मोबाइल बरामद किये

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



ऑपरेशन विश्वास के तहत शाहदरा पुलिस ने 1 करोड़ कीमत के 711 चोरी हुए और खोए हुए मोबाइल बरामद किए। नए साल की पूर्व संध्या पर 86 मोबाइल उनके असली मालिकों को सौंपे गये। इन डिवाइसों को बरामद करने के लिए डीसीपी शाहदरा की देखरेख में जिले के विभिन्न पुलिस स्टेशनों और यूनिटों से 13 टीमें गठित की गई थी।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार शाहदरा जिला पुलिस द्वारा 1 मई 2025 को ऑपरेशन विश्वास नाम से एक अभियान शुरू किया गया था, जिसका उद्देश्य चोरी हुए, छीने गए, लूटे गए और खोए हुए मोबाइल फोन का पता लगाना और उन्हें बरामद करना था। यह ऑपरेशन शाहदरा जिले की टेक्निकल सर्विलांस टीम द्वारा तकनीकी रूप से चलाया गया था, जिसमें एएसआई दीपक कुमार, हेडकांस्टेबल गगन दीप, तेजवीर सिंह और मनोज कुमार शामिल थे। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर यह पाया गया कि जिले के विभिन्न मामलों में शामिल बड़ी संख्या में मोबाइल फोन दिल्ली सहित देश के विभिन्न हिस्सों में सक्रिय थे। इसके बाद थानों और यूनिटों से 13 टीमें गठित की गई। लगातार प्रयासों से कुल 711 मोबाइल बरामद किए गये हैं। इससे जनता का पुलिस पर विश्वास मजबूत होने की उम्मीद है। इससे पहले 2023 में 205 मोबाइल और 2024 में 555 मोबाइल ही बरामद हो पाये थे।

### हाईकोर्ट के आदेशों की खुलेआम हो रही अवहेलना, जान खतरे में

# दिल्ली में ओवरलोड व ओवर हाइट वाहनों का आतंक जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में ओवरलोड और ओवरहाइट व्यावसायिक वाहनों का धड़ल्ले से संचालन इन दिनों भी जारी है। यह स्थिति तब है जब हाईकोर्ट द्वारा ऐसे वाहनों पर सख्त कार्रवाई के स्पष्ट आदेश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद ज़मीनी स्तर पर न तो प्रभावी जांच हो रही है और न ही ठोस कार्रवाई दिखाई दे रही है। सड़क सुरक्षा मामलों पर कार्य करने वाले एक सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने बताया कि हाल ही में उत्तर प्रदेश में एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें एक ओवरलोड ट्रक साथ वाले छोटे सरकारी वाहन पर गिर गया। यह हादसा एक चेतावनी है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो ऐसे हादसे दिल्ली में भी बढ़ सकते हैं। सामाजिक कार्यकर्ता निशांत गुलाटी ने दिल्ली में खुलेआम चल रही ओवरलोड और ओवरहाइट गाड़ियों की तस्वीरें दिखाते हुए कहा कि यह केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि नागरिकों की जान से भी खिलवाड़ हो रही है। कई जगह ऐसे वाहन 'चलती हुई मौत' बन चुके हैं।



#### दिल्ली सरकार से की मांग

सामाजिक कार्यकर्ता गुलाटी ने दिल्ली सरकार से मांग करते हुए कहा कि दिल्ली में तुरंत विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया जाए। ओवरलोड व ओवर हाइट वाहनों को तत्काल जब्त किया जाए। वजन और ऊंचाई जांच प्रणाली को अनिवार्य और सक्रिय किया जाए। बार-बार नियम तोड़ने वाले वाहनों के परमिट व पंजीकरण रद्द किए जाएं। कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

## दिल्ली कांग्रेस ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राम बाबू शर्मा की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष व एमसीडी के दिग्गज नेता रहे स्वं राम बाबू शर्मा की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उन्हें याद किया और श्रद्धांजली अर्पित की। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में नव वर्ष के पहले दिन गुरूवार को सादे आयोजन में प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने राम बाबू शर्मा की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि राम बाबू शर्मा ने दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए दिल्ली प्रदेश कार्यालय की बहुमंजिला इमारत का निर्माण किया था, जो दिल्ली कांग्रेस परिवार का गौरव है। उनके द्वारा बनाए राजीव भवन के साथ जुड़े राम बाबू शर्मा के नाम को आने वाली पीढ़िया भुला नहीं सकती। इसलिए उनकी याद में इस भवन की पहली मंजिल के सम्मेलन कक्ष का नाम राम बाबू शर्मा को समर्पित कर उनके नाम पर रखा गया है। इस मौके पर यादव के अलावा राम बाबू शर्मा के पुत्र पूर्व विधायक विपिन शर्मा, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार डा0 नरेन्द्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, भीष्म शर्मा, कुंवर करण सिंह, निगम स्थायी समिति के पूर्व चेयरमैन जितेन्द्र कुमार कोचर आदि मौजूद थे। इस अवसर पर यादव ने कहा कि राम बाबू शर्मा दिल्ली की राजनीति के एक कद्दावर शख्सियत थे। जिन्होंने अपने परिश्रम और पार्टी में योगदान के बलबूते निर्वाचित प्रतिनिधि के रूप में निगम पार्षद और विधायक की जिम्मेदारी निभाई। वह एक ब्लाक अध्यक्ष से लेकर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष तक के पद पर पहुंचे और अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। यादव ने कहा कि राम बाबू शर्मा ने निगम में स्थायी समिति के चेयरमैन के पद पर रहते हुए दिल्ली नगर निगम पर एकछात्र राज किया और दिल्ली की स्वच्छता, सफाई व्यवस्था के लिए उपयुक्त कर्मचारियों की भर्ती कर प्रदूषण जैसे संकट को दिल्ली में बढ़ने नही दिया था।

## संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 का उठाएं लाभ : महापौर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी संपत्ति करदाताओं से वर्ष 2025-26 की संपत्ति कर माफी योजना - संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) - का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की है। सुनियो योजना के अंतर्गत, करदाता वित्त वर्ष 2020-21 से पूर्व की अवधि के लिए देय संपत्ति कर, ब्याज एवं दंड पर पूर्ण छूट का लाभ उठा सकते हैं, बशर्ते वे चालू वित्त वर्ष 2025-26 तथा पूर्ववर्ती पांच वित्त वर्षों (अर्थात वित्त वर्ष 2020-21 से 2024-25 तक) के लिए देय संपत्ति कर की मूल राशि का भुगतान बिना किसी ब्याज एवं दंड के करें।

इस योजना को 5 प्रतिशत विलंब शुल्क के साथ 31 जनवरी, 2026 तक के लिए आगे बढ़ा दिया गया है। महापौर ने कहा कि सभी संपत्ति मालिकों से अपील हैं कि वे सुनियो योजना के अंतर्गत इस सुनहरे अवसर का पूरा लाभ उठाएं और बिना किसी ब्याज या दंड के अपने बकाया संपत्ति कर का निपटान करें।

### एंटी स्मॉग गन और मिस्ट स्प्रे से राहत की तैयारी, सीएम के निर्देशों के बाद तेज हुआ डीएमआरसी का प्रदूषण नियंत्रण अभियान

# दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ एक मॉडल एजेंसी के रूप में कार्य करे डीएमआरसी : रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को मेट्रो द्वारा उठाए जा रहे कदमों की सराहना करते हुए कहा कि डीएमआरसी को दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ एक मॉडल एजेंसी के रूप में कार्य करना चाहिए, ताकि अन्य विभाग भी उससे प्रेरणा ले सकें। दरअसल राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) भी सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभा रहा है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मुलाकात में मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें अवगत कराया है कि मेट्रो स्टेशनों और एलिवेटेड रूट पर धूल नियंत्रण एवं प्रदूषण कम करने के उद्देश्य से एंटी स्मॉग गन और मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाए जा रहे हैं। यह अभियान चरणबद्ध तरीके से लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के नागरिकों को स्वच्छ



हवा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। मुख्यमंत्री से मुलाकात में मेट्रो अधिकारियों ने जानकारी दी कि दिल्ली मेट्रो द्वारा प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ठोस और तकनीकी उपाय किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि निर्माणाधीन स्थलों पर पहले से ही 83 एंटी स्मॉग गन सहित अन्य धूल नियंत्रण उपाय लागू किए गए हैं। इसके अलावा 20 नई एंटी स्मॉग गन लगाने की योजना है, जिनमें से कई पहले ही स्थापित की जा चुकी हैं। शेष 10 एंटी स्मॉग गन जल्द स्थापित कर दी जाएंगी। मेट्रो अधिकारियों ने संभावना व्यक्त की कि सभी एंटी स्मॉग गन की स्थापना का कार्य 15



जनवरी तक पूरा कर लिया जाएगा। जिन स्टेशनों पर यह गन लगाई गई है या लगनी है उनमें कश्मीरी गेट, समयपुर बादली, द्वारका सेक्टर-21, राजौरी गार्डन, आनंद विहार, पीरागढ़ी, अशोक विहार के अलावा मेट्रो भवन आदि शामिल है।

## 37 मेट्रो स्टेशनों पर लगाया जा चुका है मिस्ट स्प्रे सिस्टम

मेट्रो अधिकारियों ने यह भी बताया कि मिस्ट स्प्रे सिस्टम अब तक 37 मेट्रो स्टेशनों पर लगाया जा चुका है। योजना के तहत दिल्ली के सभी एलिवेटेड मेट्रो स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम स्थापित किया जाएगा। मुख्य सड़कों पर स्थित स्टेशनों को प्राथमिकता दी जा रही है और इस दिशा में अधिकांश कार्य 20 जनवरी तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। जहां एंटी स्मॉग गन उपलब्ध नहीं होंगी, वहां मिस्ट स्प्रे सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाएगा। जिन स्टेशनों पर मिस्ट स्प्रे सिस्टम लगाया गया है, उनमें पीतमपुरा, रिठाला, घिटोरनी, करोल बाग, मोती नगर, उत्तम नगर ईस्ट, निर्माण विहार, कैलाश कॉलोनी, बदरपुर, मोती बाग आदि स्टेशन शामिल हैं।

## पिलरों पर आर्टवर्क, सेंट्रल वर्ज का रखरखाव

मेट्रो अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रदूषण नियंत्रण के साथ-साथ दिल्ली मेट्रो राजधानी के सौंदर्यीकरण और स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दे रही है। करीब 200 अतिरिक्त मेट्रो पिलरों पर आर्टवर्क कराने की योजना बनाई गई है, जिसे 30 अप्रैल तक पूरा किया जाएगा। इनमें से 50 पिलरों पर आर्टवर्क जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिलहाल 10 पिलरों पर आर्टवर्क का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि कई अन्य पिलरों पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने यह भी बताया कि इसके अलावा कई मेट्रो स्टेशनों के आसपास सेंट्रल वर्ज (मध्य पट्टी) के रखरखाव का भी कार्य शुरू किया जा रहा है। पहले चरण में 25 स्टेशनों को चिह्नित किया गया है, जिन पर कार्य चल रहा है या शीघ्र शुरू होने वाला है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ समन्वय स्थापित किया गया है और आवश्यक तकनीकी जानकारी साझा की जा चुकी है।

## पिछले माह सीएम की मेट्रो अधिकारियों के साथ हुई थी बैठक

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछले माह दिल्ली मेट्रो रेल निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी, जिसमें आदेश दिए गए थे कि मेट्रो के सभी निर्माण स्थलों पर धूल नियंत्रण के आधुनिक उपाय अनिवार्य रूप से लागू किए जाएं और एलिवेटेड रूट के नीचे नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री का कहना था कि दिल्ली मेट्रो दिल्ली-एनसीआर की लाइफ लाइन बन चुकी है, इसलिए उसे दिल्ली में प्रदूषण के खिलाफ एक मॉडल एजेंसी के रूप में कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छ हवा में सांस लेना दिल्लीवासियों का मौलिक अधिकार है और सरकार इस अधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर सख्ती से कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि चाहे मेट्रो हो या कोई अन्य एजेंसी, प्रदूषण के खिलाफ सभी को लगातार एक्शन मोड में काम करना होगा, तभी दिल्ली के प्रदूषण पर प्रभावी और स्थायी नियंत्रण संभव है।

## दिल्ली में नए साल की शुरुआत बेहद खराब हवा और शीतलहर जैसी स्थिति से हुई, कोहरे से राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी में नव वर्ष 2026 के पहले दिन गुरुवार की शुरुआत प्रदूषण वाली बेहद खराब हवा और शीत लहर जैसी हवाओं के साथ हुई। दिन में आसमान पर बादल भी दिखाई दिए लेकिन घने कोहरे से काफी राहत मिली। सुबह राजधानी क्षेत्र में एयर क्वालिटी बेहद खराब से गंभीर स्तर के बीच दर्ज की गई। दिल्ली में सबसे प्रदूषित हवा वजीरपुर और आनंद विहार में दर्ज की गई। सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली के लगभग सभी इलाकों में एक्यूआई 300 से 420 के बीच रिकॉर्ड किया गया, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बेहद खतरनाक माना जाता है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई 418, रोहिणी में 413, वजीरपुर में 414, सोनिया विहार में 421, विवेक विहार में 404 और डीटीयू में 391 दर्ज किया गया। वहीं अशोक विहार में एक्यूआई 392, चांदनी चौक में 377, बवाना में 370, आर.के. पुरम में 381, शादीपुर में 382,सिरीफोर्ट में 384, अलीपुर में 328, आया नगर में 327, सीआरआरआई मथुरा रोड 310, पंजाबी बाग में 391 और पूसा में 366 एक्यूआई दर्ज किया गया। इससे प्रतीत होता है कि 2026 के पहले दिन भी राजधानी का शायद ही कोई इलाका ऐसा रहा हो जहां हवा सांस लेने लायक रही हो। मौसम विभाग की भविष्यवाणी के अनुरूप एक जनवरी को खबर लिखे जाने तक दिल्ली में कहीं भी बारिश की सूचना नहीं मिली। ताजा अनुमान व्यक्त करते हुए मौसम विभाग ने कहा है कि 2 और 3 जनवरी को सुबह के समय दिल्ली में घना कोहरा छाने की संभावना है। विभाग ने बताया कि गुरुवार को न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में 10.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि अधिकतम तापमान गिरावट के साथ 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे है, यानी दिन में सर्दी बढ़ गई है। मौसम विभाग का कहना है कि 2 जनवरी को कई क्षेत्रों में घने से घना कोहरा देखने को मिलेगा। जबकि अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम 10 डिग्री, जबकि 3 जनवरी को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री तक गिर सकता है।

## शिक्षा निदेशालय ने सोशल मीडिया पर झूठी और गलत जानकारी फैलाने के खिलाफ दिल्ली पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए और कानून के मुताबिक सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए : शिक्षा निदेशक

दिल्ली सरकार के शिक्षा निदेशालय ने सोशल और डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म पर झूठी, गुमराह करने वाली और गलत जानकारी फैलाने का गंभीरता से संज्ञान लिया है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि दिल्ली के सरकारी स्कूलों के टीचरों को आवारा कुत्तों की गिनती करने का निर्देश दिया गया था। इस मामले में शिक्षा निदेशालय ने सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन, नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट, नई दिल्ली में एक फॉर्मल शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें झूठी कहानी की शुरुआत, बनाने और उसे बढ़ाने की जांच की मांग की गई है। वहीं ऐसी गलत जानकारी फैलाने में शामिल सोशल मीडिया हैंडल की एक लिस्ट पुलिस के साथ शेयर की गई है। शिकायत में बताया गया है कि इन कामों पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, 2000 के तहत प्रावधान लागू होते हैं, जिसमें क्रिमिनल मानहानि, पब्लिक मिसचीफ, जालसाजी, नकल करना और गुमराह करने वाले इलेक्ट्रॉनिक कंटेंट को पब्लिश या ट्रांसमिट करने से जुड़े अपराध शामिल हैं। शिक्षा निदेशालय ने शिकायत में मांग की है कि जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए, गलत कंटेंट बनाने वालों और फॉरवर्ड करने वालों की पहचान के लिए पूरी जांच की जाए और ऐसी हरकतें दोबारा न हों, इसके लिए कानून के मुताबिक सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। शिक्षा निदेशालय ट्रांसपेरेंट गवर्नेंस, स्टूडेंट्स की सुरक्षा, टीचरों की इज्जत बनाए रखने और जानबूझकर गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के अपने पक्के वादे को दोहराता है, जिससे लोगों का भरोसा और इंस्टीट्यूशनल क्रेडिबिलिटी कम होती है। मीडिया से बात करते हुए गुरुवार को शिक्षा निदेशक ने साफ तौर पर कहा कि शिक्षा निदेशालय ने ऐसा कोई आदेश, निर्देश, सर्कुलर या पॉलिसी का फैसला कभी जारी नहीं किया है। फैलाए जा रहे दावे पूरी तरह से मनगढ़ंत, बेबुनियाद और झूठे हैं, और इनका शिक्षा विभाग के किसी भी आधिकारिक फैसले या निर्देश से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि 20.11.2025 का एक सर्कुलर सिर्फ सुप्रीम कोर्ट के सो मोटो रिट पिटीशन (सिविल) नंबर 5 के 2025 के निर्देशों के पालन में जारी किया गया था, जिसका टाइटल था 'शहर आवारा कुत्तों से परेशान, बच्चे कीमत चुका रहे हैं'। सर्कुलर का एकमात्र मकसद सिक्योरिटी स्टाफ की तैनाती और सही एक्सेस कंट्रोल उपायों के जरिए स्कूल परिसर में आवारा कुत्तों के आने को रोककर स्टूडेंट्स की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। निदेशक ने जोर देकर कहा कि उस सर्कुलर में टीचरों द्वारा आवारा कुत्तों की गिनती करने का कोई जिक्र नहीं है। टीचरों की प्रोफेशनल गरिमा, पढ़ाई में भूमिका और सम्मान सबसे ऊपर और अटूट है। शिक्षा निदेशक ने बताया कि फर्जी कहानी के फैलने पर, उसने 30 दिसंबर 2025 के एक प्रेस नोट के जरिए आधिकारिक तौर पर स्थिति साफ कर दी थी, जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि शिक्षा निदेशालय ने ऐसा कोई निर्देश कभी जारी नहीं किया था।

## करो हर धर्म व संस्कृति का सम्मान, मगर घटने ना दो अपनी संस्कृति का मान : हर्ष मल्होत्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने नव वर्ष के प्रथम दिन गुरूवार को कहा कि बेशक हर धर्म व संस्कृति का सम्मान करो, मगर अपनी संस्कृति का मान घटने ना दो। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति व सभ्यता ही ऐसी संस्कृति है जिसने हमेशा विश्व को नई दिशा देने का कार्य किया है। मंत्री हर्ष मल्होत्रा यमुनापार एजीसीआर कालोनी कड़कड़डूमा कोर्ट के नज़दीक संस्कृति व सभ्यता के प्रति जागृत करने के दृष्टिगत चल रहे 8 दिवसीय अष्टोत्तर शत परायण श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ महोत्सव में संदेश दे रहे थे। इस अवसर पर हर्ष मल्होत्रा के अलावा कार्यक्रम के आयोजक महामंडलेश्वर श्री रामगोविन्द दास महात्यागी जी महाराज, विधायक संजय गोयल , पूर्व विधायक नसीब सिंह , भाजपा शाहदरा जिला अध्यक्ष दीपक गाबा , भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष विपिन जैन , भाजपा नेता



राजीव शर्मा , यज्ञ के मुख्य यजमान रजनीश गुप्ता , विश्व प्रसिद्ध जादूगर राजकुमार ,दिल्ली हाई कोर्ट की गवर्निंग काउंसिल के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट जे पी शर्मा , निगम पार्षद राजू सचदेवा व महेन्द्र कौशिक सहित अन्य प्रमुख लोग मौजूद थे। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री रामगोविन्द दास महात्यागी जी महाराज ने कहा कि यज्ञ महोत्सव का आयोजन प्रदूषित होते पर्यावरण के संरक्षण और हिन्दू समाज को अपनी संस्कृति व सभ्यता के प्रति जागृत करने के दृष्टिगत रहा है। जिसमें मथुरा, काशी , अयोध्या व वृंदावन के आचार्यों के अलावा हजारों सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालुओं द्वारा ईस्वी नवसंवत अंग्रेजी वर्ष 2026 का सनातन संस्कृति के साथ भव्य अभिनन्दन किया गया ।

## दुनिया में डीयू जैसा नहीं कोई विश्वविद्यालय : प्रो. योगेश सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) जैसा कोई और विश्वविद्यालय दुनिया में नहीं है। नववर्ष के पहले कार्य दिवस के अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने संवाद कार्यक्रम के दौरान यह बात कही। इस अवसर पर कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने नववर्ष की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ बीते वर्ष में डीयू की उपलब्धियां भी गिनवाई। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि डीयू की कार्यशैली अलग है। यहां विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक प्रोग्राम हैं और इसकी संरचना भी अन्य विश्वविद्यालयों के अलग है। वहीं, बीते वर्ष में विश्वविद्यालय द्वारा



विभिन्न मंचों पर सराहनीय प्रदर्शन के लिये कुलपति ने अपने सभी सहयोगियों की पीठ भी थपथपाई। कुलपति ने कहा कि आज का दिन हमारे पास 365 खाली पृष्ठों वाली एक पुस्तक और हाथ में एक पेन के साथ आया है। हम अपने विश्वविद्यालय में सकारात्मक बदलाव और भविष्य के लिए उम्मीद के लेखक हैं। हमने नए वर्ष को उपलब्धियों से भरना है।

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए बताया कि वर्ष 2025 में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में डीयू ने अच्छी उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी रैंकिंग टैलेंट, फंडिंग, पार्टनरशिप और रिसोर्स को खींचती है, जिससे ब्रांड की अच्छी रेप्युटेशन और ग्लोबल विज़िबिलिटी होती है। यह इंस्टीट्यूशनल क्वालिटी, रेप्युटेशन और परफॉर्मेंस का संकेत है जो भावी विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयों की तुलना करने, एकेडमिक एक्सीलेंस, रिसर्च आउटपुट और संभावित करियर मौकों पर फैसले लेने में मदद के लिए एक भरोसेमंद सोर्स के तौर पर काम करते हैं।

## अधिकारी जनोपयोगी योजनाएं बनाएं और उन्हें इसी वर्ष अमल में लाएं : रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नव वर्ष के अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों को विशेष 'टास्क' दिया है कि जनोपयोगी योजनाएं बनाएं और उन्हें इसी वर्ष अमल में लाएं। दरअसल नव वर्ष पर सरकार ने राजधानी के विकास का एक नया रोडमैप तैयार किया है। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के सभी विभागों के प्रमुखों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक में कहा कि उनकी सरकार दिल्ली को एक 'सुविधा संपन्न और विकसित' राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली सचिवालय में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, मुख्य सचिव राजीव वर्मा सहित दिल्ली सरकार के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के पुरुषार्थ और उनकी यात्रा की सराहना की। उन्होंने कहा कि मैं समझ सकती हूं कि आप सभी इस ओहदे तक पहुंचने के लिए न जाने कितनी मेहनत करते हुए यहां पहुंच पाए हैं। आप वे लोग हैं जिनके पास पावर भी है, अथॉरिटी भी है और विज़न भी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को उनकी शक्ति का अहसास कराते हुए कहा कि दुनिया में करोड़ों युवा इन पदों का सपना देखते हैं, लेकिन आज आप उस स्थिति में हैं जहां से आप परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब भी देश में किसी बड़े बदलाव या सफल मॉडल की बात होती है, चाहे वह मेट्रो हो या इंदौर का स्वच्छता मॉडल, उसके पीछे किसी न किसी कर्मठ अधिकारी की मेहनत होती है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्ली को भी अब ऐसे ही 'आइकॉनिक' प्रयासों की जरूरत है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शासन की कार्यशैली में एक बड़े बदलाव का संकेत देते हुए अधिकारियों को सीधे जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि सरकार जन-हितैषी योजनाएं चाहती हैं ताकि आम जन सुखी व संतुष्ट हो। इन योजनाओं को धरती पर उतारने में अधिकारी खासी मेहनत करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सभी विभागों के प्रमुखों को टास्क देती हैं कि वे जनोपयोगी और जनता के हितों से जुड़ी योजनाओं को इसी वर्ष अमल में लाएं।

## दिल्ली में अवैध विज्ञापनों पर नगर निगम ने की सख्त कार्रवाई

दया राम ⏭ नई दिल्ली

- मुख्यमंत्री की अपील बाद शहर की सुंदरता बचाने की मुहिम तेज

देश की राजधानी दिल्ली में अवैध विज्ञापनों के खिलाफ दिल्ली नगर निगम ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। दिल्ली नगर निगम द्वारा समय-समय पर चलाए जा रहे विशेष अभियानों के तहत हाल के दिनों में विज्ञापन नीति का उल्लंघन करने वाले कई अवैध विज्ञापनों को हटाया गया और संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई। निगम के विज्ञापन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली में सभी प्रकार के बाह्य विज्ञापनों का संचालन 'बाह्य विज्ञापन नीति-2017' के तहत किया जाता है। इसके बावजूद कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर सार्वजनिक स्थलों पर अवैध विज्ञापन लगाकर न सिर्फ संबंधित विज्ञापन नीति का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि शहर



की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित कर रहे हैं। वहीं, बता दें कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली को सुंदर बनाने के लिए दिल्लीवासियों से सहयोग की अपील की है और प्रशासन को ध्यान देने के लिए कहा है। अधिकारी के अनुसार, ऐसे अवैध विज्ञापनों के खिलाफ निगम द्वारा न केवल उन्हें हटाया जा रहा है, बल्कि दोषियों पर जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

### नीति नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

दिल्ली नगर निगम शासन प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि नियमों का उल्लंघन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने क्षेत्र में लगे अवैध विज्ञापनों की जानकारी निगम को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। निगम का उद्देश्य दिल्ली को साफ, सुंदर और नियमों के अनुरूप व्यवस्थित शहर बनाना है।

### समाज कल्याण मंत्री ने जन शिकायतों पर अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के दिए निर्देश

## विकास कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा किसी भी प्रकार का समझौता : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री तथा उत्तर पश्चिम दिल्ली के प्रभारी मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने व्यापक जनसंपर्क के दौरान कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और तय समय-सीमा में कार्य पूरे न करने वाले अधिकारियों एवं संबंधित एजेंसियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। मंत्री इंद्राज ने स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान कहा कि सभी जर्जर पानी और सीवर की लाइनें बदली जाएंगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बगैर नक्शा पास हुए किसी भी तरह के कनेक्शन न दिए जाएं। गौरतलब है कि मंत्री इंद्राज ने दीप विहार, बेगमपुर, बरवाला रोड, राजीव नगर, राजीव नगर एक्सटेंशन, पप्पू कॉलोनी, कृष्णा कॉलोनी, शिव विहार और शाहबाद डेयरी क्षेत्रों का दौरा कर स्थानीय निवासियों से सीधा संवाद किया और उनकी शिकायतों पर अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।



जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने सड़कों, गलियों के निर्माण, पानी की आपूर्ति, नालियों की सफाई, सीवर ओवरफ्लो को लेकर शिकायतें कैबिनेट मंत्री के समक्ष रखीं। उन्होंने कई स्थानों पर बरसात के दौरान जलभराव से लोगों को हो रही परेशानी का भी जिक्र किया।मंत्री इंद्राज ने मौके पर मौजूद दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली नगर निगम, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का करें निरीक्षण

मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश हैं कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करें, विकास कार्यों की गुणवत्ता की जांच करें और स्थानीय निवासियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखें।मंत्री ने चल रहे सभी विकास कार्यों की डेडलाइन पर चर्चा की और कहा कि इस तरह के जनसंपर्क वो लगातार करते रहेंगे और निर्देशों के पालन की समीक्षा भी लगातार होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि हर कॉलोनी में मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क, सीवर, पानी, सफाई और प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ हों, ताकि लोगों को सम्मानजनक जीवन मिल सके। मंत्री ने कहा कि उत्तर पश्चिम दिल्ली का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है और सरकार जनता के साथ मिलकर विकसित दिल्ली के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## विधानसभा में अटल बिहारी वाजपेयी और पं. मालवीय के चित्रों का अनावरण कल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 3 जनवरी 2026 को दिल्ली विधानसभा सदन में भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी एवं भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय के चित्रों का अनावरण करेंगे, यह जानकारी दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को दी। इस अवसर पर 'भारत माता' शीर्षक से प्रकाशित एक विशेष कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जाएगा। यह प्रकाशन चित्रकला, स्थापत्य और साहित्य के माध्यम से भारतीय राष्ट्र भावना की अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करता है तथा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम्' की रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में समर्पित है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे। कार्यक्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता तथा पद्म भूषण राम बहादुर राय, अध्यक्ष, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम मंत्री प्रवेश साहिब सिंह तथा दिल्ली विधानसभा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता करेंगे। इसके अतिरिक्त, साहित्य कला परिषद के कलाकारों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा, जो भारत की समृद्ध सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विरासत को प्रतिबिंबित करेगा। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में दिल्ली पुलिस, लोक निर्माण विभाग, बागवानी विभाग, अग्निशमन सेवा, स्वास्थ्य विभाग तथा दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी पकड़ाया



**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस-2 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी इमरान खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच एवीटीएस-2 की टीम ने इमरान खान निवासी कुरेशीपुर फरीदाबाद को टीटू कालोनी फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। थाना खेडीपुल में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इमरान खान देशी कट्टा नूंह बस अड्डा से 4000 रुपए में किसी अंजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था।

## बाइक की टक्कर से महिला मैनेजर घायल




**गुरुग्राम।** सेक्टर-65 थाना एरिया में सड़क किनारे खड़ी एक रेस्टोरेंट मैनेजर युवती को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। युवती के पिता की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के अमेठी निवासी कमलेश ने बताया कि उसकी बेटी संजू गुरुग्राम के थर्ड वेव कॉफी रेस्टोरेंट में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 24 दिसंबर को वह अपनी ड्यूटी खत्म कर घर के लिए निकली और सड़क किनारे खड़ी होकर ऑनलाइन बाइक बुक कर रही थी।

## ठगों ने कर्मी के अकाउंट से 98 हजार निकाले




**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में साइबर ठगों ने मोबाइल हैक कर कंपनी कर्मी को 98,028 रुपए की चपत लगा दी। शिकायत मिलने पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया और कार्रवाई शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में लक्ष्मी गार्डन निवासी अमित ने बताया कि वह उद्योग विहार फेस-4 में कंपनी में काम करता है। गत 11 सितंबर 2025 को वह अपने घर पर फेसबुक चला रहा था और अचानक उसका मोबाइल गर्म और हैंग होने लगा। जिस पर उसने अपना फोन बंद कर दिया और थोड़ी देर बाद जब उसने अपना फोन चालू किया तो उसके मोबाइल पर कोई भी कॉल व मैसेज नहीं आ रहे थे।

# नव वर्ष की शुभकामनाओं के साथ नगर आयुक्त ने अधिकारियों को दिए 2026 के टारगेट

## ननि मुख्यालय पर नव वर्ष के पहले दिन रहा लोगों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नगर निगम मुख्यालय पर नव वर्ष के प्रथम दिन उत्साह का माहौल बना रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहर वासियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई इसी क्रम में निगम अधिकारियों के साथ-साथ पार्षदों से भी मुलाकात करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई।

नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों को नए वर्ष 2026 के टारगेट भी दिए गए। जिसमें मुख्य रूप से चल रहे कार्यों को रफ्तार देने के लिए निर्देश दिए गए, निगम अधिकारी गन, पार्षदों के साथ-साथ जिले के कई मुख्य अधिकारी भी नगर निगम पहुंचे तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से मुलाकात करते हुए नए वर्ष की शुभकामनाएं दी।

वही शहर हित में संयुक्त रूप से कार्य करने के लिए चर्चा की गई जिन में सिटी मजिस्ट्रेट, एसडीएम, मोदीनगर, सचिव जी डी ए, तहसीलदार तथा बेसिक शिक्षा अधिकारी व अन्य उपस्थित रहे। नगर आयुक्त द्वारा निगम में आए हुए आगंतुकों





से मुलाकात करते हुए नव वर्ष की शुभकामनाएं दी गई, निगम के समस्त विभाग के अधिकारियों से मुलाकात करते हुए 2026 में 6 महीने के भीतर जून तक 14 चल रहे कार्यों को रफ्तार देने के लिए निर्देश दिए गए जिसमें निर्माण विभाग को सी एम ग्रिड फेस 2 के कार्य, सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, विजयनगर कार्यालय, सेफ सिटी के अंतर्गत 350 कैमरा इंस्टॉलेशन का कार्य, कारकस प्लांट का कार्य, उद्यान विभाग संबंधित उपवन योजना का कार्य, बायोडायवर्सिटी पार्क का कार्य, मियांवकी पद्धति को बढ़ाने का कार्य, इसी के साथ तीसरे एबीसी सेंटर जो की विजयनगर में बन रहा है उसको जनवरी माह में पूर्ण करने के लिए विशेष रूप से कहा गया, तथा इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के कार्य को एक सप्ताह में पूर्ण करने के लिए कहा गया, इसके अलावा जलकल विभाग से बायो सीएनजी प्लांट का कार्य, विजयनगर में गंगाजल का कार्य, तथा प्रकाश विभाग के लिए 20 चार्जिंग स्टेशन पर 100 पॉइंट स्थापित करने का कार्य तेजी से करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### नव वर्ष पर फरीदाबाद को बड़ी सौगात, कृष्ण पाल गुर्जर ने हॉस्पिटल ऑन व्हील्स को दिखाई हरी झंडी

# उद्योगों में जाकर मजदूरों की होगी स्वास्थ्य जांच समय और खर्च दोनों की होगी बचतः मंत्री गुर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नव वर्ष के आगमन पर गुरुवार को फरीदाबाद में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने सेक्टर-28 स्थित अपने कार्यालय परिसर से हॉस्पिटल ऑन व्हील्स की दो अत्याधुनिक चिकित्सा बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनके साथ बल्लभगढ़ विधायक मूलचंद शर्मा, बड़खल विधायक धनेश अदलखा, फरीदाबाद महानगर जिलाध्यक्ष सोहन पाल सिंह, कविन्द्र चौधरी भी मौजूद रहे।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए कहा कि केंद्र सरकार के बिजली मंत्रालय की सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों (पीएसयू) द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्वास्थ्य क्षेत्र



में एक महत्वपूर्ण और सराहनीय योगदान दिया गया है। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान राज्य मंत्री के रूप में सेवा देते हुए फरीदाबाद के मजदूरों एवं गरीब वर्ग के कल्याण के उद्देश्य से एक करोड़ रुपए की राशि सीएसआर के अंतर्गत ईएसआई फरीदाबाद को प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि यह पहल ग्रामीण एवं शहरी जरूरतमंद लोगों तक सुलभ त्वरित और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि हॉस्पिटल ऑन व्हील्स के माध्यम से उन क्षेत्रों में भी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी, जहां अस्पतालों की पहुंच सीमित है। इन बसों में प्राथमिक उपचार, जांच सुविधाएं आवश्यक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे, जिससे आम नागरिकों को घर के नजदीक स्वास्थ्य लाभ मिल सकेगा। यह हरियाणा का पहला हॉस्पिटल ऑन व्हील्स है, जो पूरी तरह आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से सुसज्जित है। मोबाइल मेडिकल वैन एक चलते-फिरते अस्पताल के रूप में कार्य करेगी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इस वैन में एयर कंडीशनिंग, जनरेटर, एक्स-रे मशीन, लैब टेस्टिंग की सुविधा, ब्लड टेस्ट, ईएनटी जांच सहित दर्जनों प्रकार की आवश्यक चिकित्सीय जांच की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस अत्याधुनिक वैन के माध्यम से मजदूरों को एक ही स्थान पर सभी जरूरी स्वास्थ्य जांच और प्राथमिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इस पहल का सबसे बड़ा लाभ उन श्रमिकों को मिलेगा, जो दिन-रात औद्योगिक इकाइयों में कड़ी मेहनत करते हैं और समय के अभाव में अस्पताल जाकर नियमित स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते। अब अस्पताल स्वयं मजदूरों के पास पहुंचेगा। यह मोबाइल मेडिकल वैन उद्योगों में जाकर वहीं पर श्रमिकों की जांच करेगी और उन्हें समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश के नागरिकों, विशेषकर गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी सोच के साथ देश की सबसे बड़ी बुनियादी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को लागू किया गया, जिसके तहत आज देश के लगभग 70 करोड़ नागरिक हर वर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज प्राप्त कर रहे हैं।

### पूर्व विधायक के निवास पर भव्य कीर्तन का आयोजन

## बाबा खाटू श्याम के कीर्तन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नव वर्ष 2026 के शुभ अवसर पर जवाहर कॉलोनी एनआईटी 86 फरीदाबाद स्थित पंडित नीरज शर्मा पूर्व विधायक के निवास स्थान पर बाबा खाटू श्याम जी का भव्य कीर्तन आयोजित किया गया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रातः 10 बजे से प्रभु इच्छा तक चले कीर्तन में भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। कीर्तन उपरांत श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया गया। कीर्तन उपरांत श्रद्धालुओं के लिए निवास स्थान पर प्रसाद वितरण भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।

## नए वर्ष के पहले दिन मंदिरों और गुरुद्वारों में उमड़ी भीड़

**फरीदाबाद।** नव वर्ष के पहले दिन बृहस्पतिवार को शहर के लोग सुख-समृद्धि की प्रार्थना के लिए मंदिर व गुरुद्वारे पहुंचे। मंदिरों में कीर्तनए भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। सूरजकुंड रोड स्थित श्री सिद्धदाता आश्रम में सुबह ही भजन कार्यक्रम शुरू कर दिया गया था। यहां भंडारे का भी आयोजन किया गया। ऐसे ही श्री महारानी वैष्णो दवी मंदिर, सिद्धपीठ महाकाली मंदिर तथा सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर, बांके बिहारी मंदिर में भी सुबह ही श्रद्धालुओं ने आकर देवी-देवताओं का पूजन किया। कई जगह केक काट कर नव वर्ष मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# पशु पकड़ने गई ननि टीम पर हमला, दो पर मामला दर्ज

## पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच अधिकारी नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

शहर में अलग-अलग जगह पशु पकड़ने गई नगर निगम टीम पर हमला करने का मामला सामने आया है। नगर निगम की शिकायत पर पुलिस थाना सेक्टर-56 और न्यू कॉलोनी में दो अलग-अलग एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नगर निगम गुरुग्राम में सहायक सैनिटरी इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत आकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वे निगम की टीम के साथ सेक्टर-56 क्षेत्र में सड़कों पर घूम रही गायों को पकड़ने की ड्यूटी पर थे। टीम में अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद थे। इस दौरान कुछ लोगों ने जानबूझकर निगम के सरकारी कार्य में बाधा डाली। जब टीम ने गायों को पकड़ने का प्रयास किया तो बाइक पर आए कई युवकों ने निगम कर्मियों पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत मिलने पर सेक्टर-56 थाना पुलिस ने भीम, तरुण, सन्नी, रितिक व संजय के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं दूसरी घटना थाना न्यू कॉलोनी क्षेत्र में सामने आई। न्यू कॉलोनी इलाके में आवारा गायों को पकडऩे के लिए नगर निगम की टीम जब मौके पर पहुंची, तो कुछ अज्ञात लोगों ने निगम की गाड़ी पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने गायों को निगम की गाड़ी से जबरन छुड़ा लिया, कर्मचारियों के साथ हाथापाई की और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। इस घटना का वीडियो भी बनाया गया, जिसे जांच के दौरान पुलिस को उपलब्ध कराने की बात कही गई है। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

### आरोपी को तीन दिन की रिमांड पर लिया

## निवेश के नाम पर एक करोड़ आठ लाख रुपए की ठगी, एक आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है जिसके निरंतर में शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 1,08,10,000 रुपए की ठगी करने के एक मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना एनआईटी की टीम ने खाता उपलब्ध व खाता ऑपरेट करवाने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि सेक्टर 21 वासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना एनआईटी में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके व्हॉट्सएप पर एक मेसेज आया मेसेज भेजने वाले ने स्वयं को का कर्मचारी ने बताया। हॉट्सएप पर एक लिंक भेजा। जिस पर क्लिक करने के बाद उसका एडवांस ब्रोकर अकाउंट खोला गया। अदालत में पेश कर आरोपी को 3 दिन पुलिस रिमांड पर लिया है।

# कार से वृंदावन जा रहे पांच दोस्तों में से दुर्घटना में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

फरीदाबाद में बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने बृहस्पतिवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। टायर फटने के बाद कार पलट गई और हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में एक युवक की हालत गंभीर है। घटना तड़के तीन बजे की है। जवाहर कॉलोनी में रहने वाले पांच दोस्त वृंदावन जा रहे थे। घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। जवाहर कॉलोनी के रहने वाले सारांश, लक्ष्य, राघव, तुषार और यथार्थ ने नए साल पर वृंदावन जाने की योजना बनाई थी। पांचों दोस्त बृहस्पतिवार तड़के तीन बजे घर से निकल गए। पांचों दोस्तों ने पहले एनआइटी.1 स्थित संतों के गुरुद्वारे में मत्था टेका। इसके बाद वह बलेनो कार से वृंदावन के लिए निकल गए। कार को सारांश चला रहा था। लक्ष्य ड्राइवर के बगल वाली सीट पर बैठा हुआ था। वहीं राघव, तुषार और यथार्थ पीछे की सीट पर बैठे हुए थे। बताया गया कि नीलम फ्लाईओवर पार करने के बाद जैसे ही गाड़ी बाटा मेट्रो स्टेशन के सामने आई तो टायर फट गया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | पालिका कॉलोनी भिवानी रोड रोहतक वार्ड 18 + एम.सी. रोहतक में श्री दुर्गाना मंदिर के निकट धर्मशाला का निर्माण (पुनः आमंत्रण) + 3 कार्य। | 31.12.2025 07.01.2026 | रु.1,14,66,662/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41657/I/88/7 दि. 01.01.26


### न्यू ईयर पार्टी के लिए

# युवती मुहैया कराने के नाम पर युवक से लूटपाट, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

सेक्टर-29 थाना एरिया में न्यू ईयर की डांस पार्टी के लिए पार्टनर लड़की उपलब्ध कराने का झांसा देकर युवक से मारपीट करने व लूटपाट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने युवक को बुलाकर उसके साथ मारपीट की और ऑनलाइन रुपए भी ट्रांसफर करा लिए। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मास्टर माइंड अभी फरार है।

पुलिस को 26 वर्षीय युवक ने शिकायत कि वह 28 दिसंबर को वह सेक्टर-29 स्थित एक क्लब में बैठा था। इसी दौरान इसने जस्ट डायल वेबसाइट पर उपलब्ध एक नंबर पर कॉल कर 31 दिसंबर की न्यू ईयर पार्टी के लिए डांस पार्टनर लड़की की मांग की। उसी नंबर से इसके पास कॉल आया और 31 दिसंबर को लड़की उपलब्ध कराने की बात कही गई। युवक को कॉल करके 29 दिसंबर को लड़की देखने के बहाने सुशांत लोक, गुरुग्राम बुलाया गया। युवक वहां पहुंचे तो उसे एक कार खड़ी मिली। जिसमें कर्ण, भविष्य व विशाल नामक तीन युवक मौजूद थे। विशाल ड्राइवर सीट पर बैठा हुआ था। कर्ण ने कहा कि लड़की आने वाली है और युवक को गाड़ी में बैठा लिया। कुछ ही देर में विशाल ने गाड़ी चला दी और गाड़ी में बैठे कर्ण व विशाल ने युवक को दबोच लिया। उसके साथ मारपीट की और पर्स व मोबाईल फोन छीन लिया। इसके बाद मोबाईल के माध्यम से इसके बैंक खाते से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर कर लिए। इसके बाद युवक को सुनसान जगह पर छोड़कर आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले में सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को काबू कर लिया।

## देसी कट्टा सहित आरोपी को दबोचा

**फरीदाबाद।** क्राईम ब्रांच एवीटीएस-2 की टीम ने अवैध हथियार रखने के मामले में आरोपी इमरान खान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि क्राईम ब्रांच एवीटीएस-2 की टीम ने इमरान खान निवासी कुरेशीपुर टीटू कालोनी फरीदाबाद के पास से काबू कर एक देशी कट्टा बरामद किया गया है। खेडीपुल में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी इमरान खान देशी कट्टा नूंह बस अड्डा से 4000 रुपए में किसी अंजान व्यक्ति से खरीद कर लाया था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फरीन, पुत्र गुलफाम निवासी एफ-58, गली नंबर 13, रामलीला मैदान के पास, जनता मजदूर कॉलोनी, गढ़ी मेंडू, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 158/2019 दिनांक 20.06.2019 भा.द.सं. की धारा 379/411/34 के तहत, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **फरीन** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **फरीन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 158/2019 दिनांक 20.06.2019 भा.द.सं. की धारा 379/411/34 के तहत, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **फरीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **18.02.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-II, कोर्ट नं.138
केन्द्रीय जिला, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली-110054
DP/17080/N/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 CrPC / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) दिलदार पुत्र** सुराई **निवासी** मकान नं0-ए-789, फेज-2, मेट्रो विहार होलंबी कलां, दिल्ली, **(2) कासिम पुत्र** अहमद अली **निवासी** मकान नं. बी-69, मेट्रो विहार होलंबी कलां, दिल्ली, ने **FIR No. 60/2020, U/S 392/394/34 IPC, पुलिस स्टेशन नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी-उत्तरी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त मिल नहीं रहे है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त फरार हो गये है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 60/2020, U/S 392/394/34 IPC, पुलिस स्टेशन नरेला औद्योगिक क्षेत्र, बाहरी-उत्तरी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) दिलदार (2) कासिम** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.02.2026** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ज्योति नैन
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07, उत्तर,
कोर्ट नं0-06, प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/20/ON/2026
(Court Matter)


### 27 व 28 नवंबर 2025 को लॉटरी के माध्यम से 762 भूखंडों का आवंटन किया गया था

# 800 एकड़ भूमि के क्रय के दौरान किसानों से जीडीए ने जो वायदा किया उसे निभाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण एक ओर जहां हरनंदीपुरम आवासीय योजना के तहत आठ राजस्व ग्रामों की जमीन अधिग्रहण करने में जुटा हुआ है वहीं वह अपनी मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना में कास्तकारों से किए गए वादे को भी बखूबी निभा रहा है।

जीडीए ने कृषकों से जो वायदा किया था उसे पूरा किया है। वर्ष 2004 में मधुबन-बापूधाम आवासीय योजना के तहत जीडीए ने 800 एकड़ भूमि कास्तकारों से क्रय की थी। वैसे पूरी आवासीय



योजना 1374 एकड़ में है लेकिन आठ सौ एकड़ भूमि क्रय के दौरान जीडीए ने कास्तकारों से वादा किया था कि उन्हें 6/4 प्रतिशत विकसित भूखंड दिए जाएंगे। इसके तहत गत 27 नवंबर व 28 नवंबर 2025 को हिन्दी भवन में कृषकों की मौजूदगी में 762 भूखंडों का आवंटन लॉटरी द्वारा किया गया था।

## ईडब्ल्यूएस लाभार्थियों को मिले आवंटन व कब्जा पत्र

**गाजियाबाद।** जीडीए सचिव विवेक मिश्रा ने साल के पहले दिन गुरुवार को पीएम आवास योजना के अंतर्गत बनाये जा रहें ईडब्ल्यूएस भवनों के आवंटन/ कब्जा दिये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। बैठक में प्रभारी पीएमएवाई सेल ने अवगत कराया कि प्राधिकरण की 05 योजनाओं मधुबन बापूधाम, डासना, प्रताप विहार, नूरनगर (राजनगर एक्सटेंशन), निवाड़ी में निर्मित कराए जा रहे 3496 ईडब्ल्यूएस भवनों के सापेक्ष 2239 भवनों के आवंटन उपरांत लगभग 2002 आवंटियों को आवंटन पत्र निर्गत किया जा चुका है।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में एयरपोर्ट स्टाफ के एक्मोडेशन हेतु जीएलएफ एआर सिरसा रोड में स्थित मुख्य अधीक्षक (श्रेणी-I) हेतु 1 अदद आवास की विशेष मरम्मत (एसीडी कनेक्शन का प्रावधान केवल) + 4 कार्य। | 30.12.2025 06.01.2026 | 16.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | पानीपत में लघु सचिवालय में 24 अदद ट्रांजिट फ्लैट्स का निर्माण (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 01.01.2026 07.01.2026 | 59.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में टोहाना में मौजूदा ज्यूडीशियल ब्लॉक में लिफ्ट का प्रावधान। | 31.12.2025 07.01.2026 | 7.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज पंचकूला | बरवाला - गांव बरवाला ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में पंचायत घर का निर्माण (एमपीएलएडीएस) + 1 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 11.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रोहतक | गांव बसाना में नायक (एससी) चौपाल का निर्माण + 4 कार्य। | 31.12.2025 06.01.2026 | 52.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813604629 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बे में 3 माह के सफलतापूर्वक ट्रायल संचालन के पश्चात और उसके पश्चात 5 वर्ष की त्रुटि जिम्मेवारी अवधि के दौरान 12 माह हेतु प्रचालन एवं रखरखाव समेत एनआईटी में पूर्णतया वर्णित सड़कों और पाथवे तथा अन्य मदों समेत एमपीएस नत्तार इत्यादि में पम्पिंग मशीनरी को बदलना, एसटीपी तक रानियां मिनी बाईपास के साथ-साथ एचडीपीई लाइनर सहित 1100 मिमी आरसीसी पाइप को बदलना और पम्पिंग मशीनरी तथा लैब उपकरण समेत सीसीटीवी कैमरों, पीएलसी एससीएडीए सहित, पॉलीइलैक्ट्रोलाइट डॉजिंग सिस्टम, सेंट्रीफ्यूज फीड सम्प, बाईपास व्यवस्था के साथ-साथ मौजूदा एफ्ल्यूएंट चैनल तक ट्रीटेड एफ्ल्यूएंट के निपटान हेतु डीआई पाइप ग्रेविटी मेन, क्लोरिन कांटेक्ट टैंक, क्लोरीनेटर्स, मैकेनिकल स्लज डीवाटरिंग डिवाइस (सेंट्रीफ्यूज)/बेल्ट फिल्टर प्रेस, फाइबर डिस्क फिल्टर, एसबीआर बेसिन्स, ग्रिट चेम्बर्स, मैकेनिकल फाइन स्क्रीन एवं चैनल, मैकेनिकल कोर्स स्क्रीन, इनलेट चेम्बर, मेन पम्पिंग स्टेशन निहित एसबीआर टेक्नोलॉजी पर केलनिया रोड सिरसा कस्बा में पीक फैक्टर 2.50 सहित 10.00 एमएलडी एसटीपी के लिए 25.00 एमएलडी एमपीएस का निर्माण। | 30.12.2025 21.01.2026 | 1888 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 7 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार नूह | एचवीएसी का व्यापक रखरखाव अनुबंध। | 05.01.2026 19.01.2026 | 120 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01267-282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 8 | बागवानी विभाग, सीओई पिनांगवा, नूह | वर्ष 2025-26 हेतु सीओ, पिनांगवान (नूह) में "आकार (120 फुट × 80 फुट × 12 फुट) के जल संग्रहण टैंक (ब्रिक लाइनिंग) का निर्माण" हेतु ई-निविदा। | 02.01.2026 30.01.2026 | ईएमडी 65000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9354801351 coepinangawa0@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/200/41663/I/88/7 दि. 01.01.26

उत्तर प्रदेश के आर्थिक विकास को मिलेगी मजबूती

# वेस्ट वाटर री-साइक्लिंग के जरिए प्रदेश में जल संकट दूर करेगी योगी सरकार

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश को जल संकट से स्थायी मुक्ति दिलाने और सतत विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से योजना तैयार की गई है। योगी सरकार ने स्पष्ट लक्ष्य तय किया है कि वर्ष 2030 तक प्रदेश में उत्पन्न होने वाले 50 प्रतिशत वेस्ट वॉटर (अपशिष्ट जल) और वर्ष 2035 तक 100 फीसदी वेस्ट वॉटर का ट्रीटमेंट कर दोबारा उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। इस पहल के तहत आने वाले वर्षों में वेस्ट वॉटर से न केवल खेती की जाएगी, बल्कि उद्योग भी संचालित किए जाएंगे। योगी सरकार की यह योजना जल संरक्षण के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होने वाली है। इससे एक ओर जहां भूजल पर निर्भरता कम होगी, वहीं दूसरी ओर पर्यावरण संरक्षण को मजबूती मिलेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी। वर्तमान समय में वेस्ट वाटर बर्बाद होती है। इसका ट्रीटमेंट कर रीयूजेबल बनाए जाने से लोगों को काफी फायदा होगा।

**योगी आदित्यनाथ सरकार ने प्रदेश में जल संकट से निपटने की दिशा में बड़ी योजना तैयार की है। उपयोग किए गए पानी को री-साइकिल करने की योजना है।**

### तीन चरणों में लागू होगी योजना



*राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिंदर सिंह के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में नदियों के संरक्षण के साथ-साथ अपशिष्ट जल प्रबंधन को लेकर भी ठोस रोडमैप तैयार किया गया है। यह योजना तीन चरणों में लागू की जाएगी। पहला चरण (2025–2030) के तहत सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और वेस्ट वॉटर संग्रहण की व्यवस्था पहले से उपलब्ध है, वहां 50 प्रतिशत अपशिष्ट जल के रीयूज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दूसरा चरण वर्ष 2030 से 2035 के बीच संचालित किया जाएगा। इसके तहत पहले चरण वाले क्षेत्रों में एसटीपी की क्षमता का विस्तार कर 100 प्रतिशत वेस्ट वॉटर के ट्रीटमेंट और दोबारा उपयोग को सुनिश्चित किया जाएगा। तीसरा चरण वर्ष 2045 तक है। इसके तहत जिन क्षेत्रों में अभी उपचार और संग्रहण की व्यवस्था उपलब्ध नहीं है, वहां चरणबद्ध तरीके से पहले 30 प्रतिशत, फिर 50 प्रतिशत और अंत में 100 प्रतिशत वेस्ट वॉटर के उपयोग की व्यवस्था विकसित की जाएगी।*

### वेस्ट वॉटर बनेगा विकास का संसाधन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के तहत वेस्ट वॉटर को अब बोझ नहीं, बल्कि आर्थिक संसाधन के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए राज्य सरकार उपचारित जल के सुरक्षित दोबारा उपयोग को लेकर एक व्यापक नीति तैयार कर रही है। इस नीति के अंतर्गत उपचारित जल का इस्तेमाल नगर निकायों के विभिन्न कार्यों, औद्योगिक इकाइयों, कृषि कार्यों और गैर-पेय घरेलू उपयोग में किया जाएगा। इससे ताजे जल स्रोतों पर दबाव कम होगा और जल संतुलन मजबूत होगा।

### पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा

योगी सरकार की इस नीति का मुख्य उद्देश्य जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को कम करना, नदियों और पर्यावरण का संरक्षण करना तथा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में संतुलित और सतत विकास सुनिश्चित करना है। यह योजना पर्यावरणीय लाभों के साथ-साथ आर्थिक दृष्टि से भी प्रदेश के लिए दीर्घकालिक फायदे लेकर आएगी। राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के परियोजना निदेशक जोगिंदर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश जल संरक्षण और जल प्रबंधन के क्षेत्र में तेजी से राष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि सीएम योगी के निर्देश पर शहरी, ग्रामीण और गैर-पेय उपयोग के लिए अलग-अलग कार्ययोजनाएं बनाई जा रही हैं।

### कृषि, उद्योग, शहरी विकास को लाभ

वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ट्रीटेड जल का उपयोग कृषि सिंचाई, औद्योगिक जरूरतों और शहरी गैर-पेय कार्यों में किया जाएगा। इससे किसानों को वैकल्पिक जल स्रोत मिलेगा, उद्योगों के लिए जल उपलब्धता बढ़ेगी और शहरी क्षेत्रों में जल संकट की समस्या काफी हद तक कम होगी।

## खबर संक्षेप

### अलीगढ़ में शिक्षक की हत्या का हुआ खुलासा



**अलीगढ़।** एएमयू के एबीके बॉयज स्कूल में कम्प्यूटर शिक्षक रॉव दानिश अली की हत्या का खुलासा हो गया है। पुलिस ने अमिर निशा सलमान को गिरफ्तार किया है। सलमान ने बताया कि वर्ष 2018 में साबेज पुत्र अजमत की हत्या हुई थी, जिसमें अभियुक्त सलमान के साथी जेल गए थे। राव दानिश पर मुखबिरी करने का शक था ।

### प्राथमिक स्कूलों में 14 तक रहेंगे अवकाश



**लखनऊ।** दो जनवरी से प्रदेश के सभी माध्यमिक स्कूल खुल जाएंगे। सीएम योगी ने 29 दिसंबर से लेकर एक जनवरी तक अवकाश घोषित किया था। यह स्कूल सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक खुलेंगे। सर्दी को देखते हुए स्कूलों के समय को एक घंटा कम किया गया है। इसके अलावा प्राथमिक स्कूलों में 14 जनवरी तक अवकाश घोषित हो गया है।

घर के फर्नीचर देख दंग रह गई सीबीआई

# लक्जरी रहन-सहन, सोने-चांदी की ईंट व गहने अफसरों ने जमा की थी अकूत संपत्ति

एजेंसी ▶▶ झांसी

झांसी में सेंट्रल जीएसटी अफसरों ने अपनी तैनाती के दौरान अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उनके आलीशान मकान एवं रहन-सहन देख सीबीआई टीम भी दंग रह गई। छापे के दौरान सीबीआई ने 1.60 करोड़ रुपये समेत सोने-चांदी की ईंट एवं जेवरात बरामद किए। घरों में नकदी बिस्तर में छिपाकर रखी गई थी। गद्दे फाड़ने के बाद रकम बरामद हो सकी। भारी मात्रा में मिलनी नकदी को गिनने के लिए मशीनें मंगवाई गईं।

सीबीआई टीम सबसे पहले अनिल तिवारी के यहां पहुंची। अनिल के यहां महंगे फर्नीचर समेत पूरे घर में लग्जरी वस्तुएं थीं। एक से एक महंगे आइटमों का घर की सजावट में इस्तेमाल हुआ था। सीबीआई को यहां से कई गोपनीय फाइल भी मिली। टीम इसे अपने साथ ले गई। यहां से नकदी भी बरामद हुई। सीबीआई को बताया गया कि अनिल झांसी में करीब ढाई दशक से तैनात हैं। जीएसटी से जुड़े सारे विवादित मामले अनिल के सहारे सुलझाए जाते हैं। दो साल पहले उनका आगरा तबादला हो गया था लेकिन, कुछ महीनों बाद वह दोबारा झांसी आ गए। ढाई दशक की तैनाती के दौरान अनिल ने अकूत संपत्ति जमा कर ली।



### सीबीआई ने बरामद किया 1.70 करोड़

अनिल सिविल लाइंस स्थित एक प्रतिष्ठित रेस्तरा में पार्टनर समेत जमीन के कारोबार में भी शामिल हैं। जमीन के धंधे में करोड़ों रुपए लगा रखे हैं। वही अजय शर्मा ने भी अपनी चार साल की तैनाती में अकूत संपत्ति जमा कर ली थी। उसके घर में भी लग्जरी आइटमों की भरमार मिली। उनके पास से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई। डिप्टी कमिश्नर आईआरएस प्रभा भंडारी की छह माह पहले तैनाती हुई थी। हालांकि उन्होंने भी अनिल एवं अजय के हवाले ही पूरा कार्यालय कर दिया था। बताया जाता है कि प्रभा ने कुछ माह पहले ही 68 लाख रुपए का फ्लैट खरीदा था। जीएसटी अफसरों के पास से घूस के तौर पर 70 लाख समेत 1.70 करोड़ रुपए बरामद हुए। उनके घर से सोने-चांदी की ईंट एवं शेयर मार्केट में पैसा लगाए जाने की बात भी उजागर हुई। हालांकि सीबीआई ने अलग-अलग बरामदगी का खुलासा नहीं किया।

### दिनभर चली कार्रवाई दो बार डिप्टी कमिश्नर के घर पहुंची सीबीआई

सीबीआई टीम मंगलवार से झांसी में डेरा डाले हुई थी सबसे पहले सुबह करीब दस बजे इलाइट चौराहे पर अचानक से पहुंची तीन गाड़ियों से सीजीएसटी के दो कर्मचारी को घेरकर पकड़ा गया, इसमें एक महिला कर्मचारी शामिल थी। सीबीआई अफसरों ने यहां किसी से बात नहीं की। इसके बाद अलग-अलग टीम अनिल तिवारी एवं अजय कुमार शर्मा, नरेश कुमार गुप्ता एवं राजू मंगनानी के घर पहुंची। डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी के घर भी सीबीआई टीम पहुंची। सीबीआई टीम के पहुंचने पर वह घर में नहीं थीं। ताला तोड़ने की धमकी देने पर घर खोला गया। इसके बाद देर-शाम को भी सीबीआई टीम दोबारा से अनिल तिवारी एवं डिप्टी कमिश्नर के घर पहुंची। इसके अलावा सीबीआई टीम ने सेंट्रल जीएसटी ऑफिस के भी चक्कर काटे।

### सीजीएसटी के छापे के बाद से सर्विलांस पर थे अफसरों के नंबर

तेजपाल मंगनानी एवं राजू मंगनानी के जय दुर्गा हार्डवेयर प्रतिष्ठान में टैक्स चोरी की शिकायत पर 18 दिसंबर को सेंट्रल जीएसटी टीम ने छापा मारा था। करोड़ों की चोरी पकड़ी गई थी। केंद्रीय टीम ने कई दस्तावेज बरामद किए थे। इस मामले को निपटाने के लिए दो करोड़ की रिश्वत मांगी गई थी। जिस व्यक्ति की शिकायत पर छापा मारा गया था, उसे इसकी भनक मिल गई। उसने इसकी शिकायत कर दी। स्थानीय सेंट्रल जीएसटी टीम इसके पहले भी सीबीआई के रडार पर आ गई। सीबीआई ने कारोबारी समेत अनिल एवं अजय शर्मा को सर्विलांस पर ले लिया। नरेश ने राजू मंगनानी की मुलाकात अनिल तिवारी से कराई। इसके बाद सीबीआई टीम गुपचुप तरीके से झांसी पहुंची।

कुछ पल के लिए भावुक हो गया पूरा माहौल

# बेटे निशांत के साथ नालंदा पहुंचे सीएम नीतीश कुमार, दी श्रद्धांजलि



एजेंसी ▶▶ नालंदा

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अपनी माता स्व. परमेश्वरी देवी की 16वीं पुण्यतिथि पर हरनौत प्रखंड स्थित पैतृक गांव कल्याणबीघा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्मृति वाटिका में पहुंचकर पुष्प अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री कुछ क्षणों तक शांत भाव से ध्यानमग्न रहे, जिससे माहौल पूरी तरह भावुक हो गया।

सीएम के साथ उनके परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे। उनके भाई और पुत्र निशांत कुमार ने भी स्वर्गीय परमेश्वरी देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सांसद, मंत्री, विधायक सहित कई जनप्रतिनिधि तथा जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### पत्नी स्व. मंजू देवी की प्रतिमा पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए

*श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने माता के साथ-साथ अपने पिता स्वर्गीय राम लखन सिंह वैद्य और पत्नी स्वर्गीय मंजू देवी की प्रतिमा पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने स्मृति वाटिका परिसर का भ्रमण किया और वहां की साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने गांव के ग्रामीणों से मुलाकात की। उन्होंने बुजुर्गों, महिलाओं और युवाओं से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं व सुझावों को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, सिंचाई और रोजगार से जुड़े मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। इस पर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।*

### गांव कल्याण बिगहा में काफी उत्साह का माहौल दिखा

*नीतीश कुमार के पहुंचने के उनके गांव कल्याण बिगहा में काफी उत्साह का माहौल दिखा। मुख्यमंत्री से मिलने बड़ी तादाद में कई गावों के लोग जुट गए। मुख्यमंत्री के आने से काफी चहल पहल दिखा। लोगों ने अपनी समस्यों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।*

## पेज एक का शेष

### नए साल की ....

पुलिस ने हवाले से कहा कि इस घटना में कम से कम 40 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग घायल हैं। इलाके को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है और हवाई उड़ान पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। स्विटजरलैंड ने स्टेट इमरजेंसी घोषित कर दी है, हादसे में राहत और बचाव कार्य में 10 हेलिकॉप्टर, 40 एंबुलेंस और 150 रिस्पान्डर लगे हुए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक अपुष्ट वीडियो फुटेज में उस बार में आग लगी हुई दिखाई दे रही है जहां नए साल की पूर्व संध्या का जश्न मनाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि पीड़ित परिवारों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

**यह सबसे महंगा इलाका:** 15,000 की आबादी वाला यह शहर देश के सबसे खास और महंगे इलाकों में गिना जाता है और सालभर मिलने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी वजह यह है कि यह रोन घाटी में दक्षिण की ओर ढलान वाले पठार पर स्थित है। क्रांस-मोंटाना से मैटरहॉर्न पहाड़ दिखाई देता है, जिसे स्विट्जरलैंड की सबसे मशहूर पहचान माना जाता है। इसके अलावा यहां से मोंट ब्लांक जैसी अन्य ऊंची चोटियों के भी शानदार नजारे मिलते हैं।

**अस्पताल की व्यवस्था चरमराई:** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हताहतों की भारी संख्या के कारण स्थानीय चिकित्सा सुविधाएं तुरंत चरमरा गईं है। क्षेत्रीय पार्षद मैथियास रेनार्ड ने बताया कि स्थानीय अस्पताल की गहन चिकित्सा इकाई और ऑपरेशन थिएटर कुछ ही घंटों में पूरी तरह भर गए। घायलों में कई गंभीर हैं। बता दें कि क्रान्स-मोंटाना, करीब 10,000 आबादी वाली एक नगर पालिका है। यह स्विस आल्प्स के मध्य में मैटरहॉर्न से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर में स्थित है।

### तंजानिया के लोग...

जाकर समझ आई है। हम भारतीयों का गोरी त्वचा को लेकर अलग ही आकर्षण रहता आया है श्याम अर्थात काले रंग के प्रति आकर्षण केवल कृष्ण भक्ति से ओतप्रोत भजनों तक ही सीमित रहा है। गोरों की रिहाईश मुख्यतौर पर यूरोप और अमेरिका में है। वहां की यात्रा के दौरान आपको अधिकांश मौकों पर स्थानीय निवासियों के व्यवहार में शुष्कता और रुखापन महसूस होगा। यह रुखापन ही वह वजह है कि यूरोप की यात्रा के दौरान भी हम भारतीयों की पहली पसंद यूरोपियन एयरलाइंस की जगह एमिरेट्स, कार्यालय एतिहाद एयरलाइंस रहती है।

पूर्वी अफ्रीका के देश तंजानिया में अनुभव इससे पूरी तरह जुदा हैं। एयर तंजानिया के विमान की परिचालिका से लेकर होटल और कैंप के स्टाफ तक हर मौके पर लोग चेहरे पर स्वाभाविक मुस्कान के साथ मदद को आतुर दिखते हैं। टिप ना मिलने पर भी उनके चेहरे से मुस्कुराहट ओझल नहीं होती है।

इनके स्वभाव में ईमानदारी और जिम्मेदारी का प्रत्यक्ष अनुभव तब हुआ जब म्वांजा के होटल से तकरीबन सौ किलोमीटर दूर आ जाने के बाद वाहन चालक हमीद के पास फोन आया कि अपनी गले की सोने की चेन मैं कमरे में ही छोड़ आया हूं। होटल स्टाफ, सफारी कंपनी और हमीद ने साझा प्रयास कर तीन दिन के भीतर सात सौ किलोमीटर दूर मनियारा में वह चेन मेरे हवाले कर दी। इसके एवज में उन्होंने कोई शुल्क भी नहीं लिया। यूरोप या अमेरिका में तो आप ऐसी कल्पना भी नहीं कर सकते।

विदेश यात्रा के दौरान शाकाहारी होना खासा परेशानी भरा रहता है। विकल्प बहुत सीमित होते हैं और अगर आपकी बुकिंग फुल बोर्ड के रूप में है तो जो बुफे में परोसा गया है उसी से आपको काम चलाना होता है। यहां इस मामले में भी हालात पूरी तरह जुदा रहे। हर जगह होटल के शेफ ने आकर पसंद ना केवल जानना ही चाही बल्कि उसको पूरा करने की ईमानदार कोशिशें भी की। वेटर भी उसमें पूरी तरह से भागीदार रहते रहे। वाकई यह सेवा भाव अचंभित करने वाला था। इनकी इस मासूमियत और व्यवहारिक कोमलता का सदियों तक गलत फायदा उठाया गया। इसे रंगभेदी मानसिकता ना समझा जाए। यह कटु सत्य है कि गोरे तन में काला मन लिए हुए कुटिल लोगों ने अपनी शातिरता और अत्याधुनिक हथियारों के बूते सदियों तक इन पशुपालकों को ही अपना पालतू बनाए रखा। नये साल के मौके पर कुछ नया और सकारात्मक साझा करने के उद्देश्य से अपने मनोभाव को आपसे साझा किया।

अब बात एक बार फिर यात्रा पर केंद्रित करते हैं। सेरेंगेट्टी नेशनल पार्क के बाद अब हमारा मुकाम गोरंगोरो नेशनल पार्क है। लाखों साल पहले ज्वालामुखी फूटने के चलते एक विशाल गहरा गड्ढा बना जो जैव विविधता के चलते अब विश्व धरोहर भी है। बिग फाइव प्राणियों में गेंडे की तलाश यहां आकर ही पूरी होती है। सेरेंगेट्टी से यहां तक का सफर आसान नहीं रहता। डामर विहीन पत्थरों से भरी सड़क पर चार से पांच घंटे बिताने के बाद ही आप यहां पहुंच पाते हैं।तन डोले कि मन डोले का मुकम्मल अहसास इस दौरान होता रहता है। तकरीबन 206 किलोमीटर व्यास के इस क्रेटर के गहरे इलाके में उतरने और ऊपर आने के रास्ते अलग अलग हैं। जमीन की प्रकृति ऐसी है यहां पेड़ बमुश्किल ही देखने को मिलते हैं। हर ओर घास के मैदान हैं। अच्छी लंबी चौड़ी झील भी है जहां सफेद - गुलाबी रंग के हजारों फ्लेमिंगों पक्षियों की मौजूदगी रोमांचित कर देती है। बड़ी संख्या में विशालकाय शरीर के हिप्पोपोटामस अर्थात दरियाई घोड़े भी दिखाई दे जायेंगे। कटार जैसे बड़े और धारदार दांतो को जब वह अपना मुंह फाड़कर दिखाते हैं तो शरीर में झुरझुरी दौड़ जाती है। शेर, जंगली सूअर, हाथी , जिराफ जैसे जानवर भी पर्याप्त हैं। एक स्थान पर हाथियों के बीच मुकाबले का वीडियो बनाने का मौका भी हमें मिला।हाथियों की मतवाली चाल को देखना भी अलग ही अनुभव होता है। आपकी जेब में पैसे जरूरत से ज्यादा हों और समय भी इफरात हो तो नजदीक में मनियारा नेशनल पार्क और तरंगिरी नेशनल पार्क भी मौजूद हैं। लेकिन कुल मिलाकर अब इतना कुछ देख लिया है कि अब कुछ और देखने की तुरंत तो चाह नहीं रही। इसलिए अब समय है वापसी का। इस वादे के साथ कि जल्द ही फिर किसी नये स्थान की सैर आप पाठकों को जरूर करायेंगे।

**सलाह :** आप जितने भी समझदार हों लेकिन यात्रा के अनुभव के आधार पर आपको यह सलाह है कि सफारी के लिहाज से पहले से सब कुछ बुक करके घर से निकलना ही बेहतर है। अच्छी साख वाले किसी ट्रैवल एजेंट के माध्यम से वह टूर पैकेज बनवाना ही बेहतर है जिसमें विदेशी धरती पर उतरने से लेकर वापसी के लिए विमान में चढ़ने तक की हर चीज शामिल हो। ऐसा ना करने पर यात्रा आपके लिए दुखद अनुभव भी साबित हो सकती है।

### डीआरडीओ ने ऑपरेशन....

इसका निर्माण कर लेगा। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। यहां बता दें कि सुदर्शन चक्र पहल के तहत संगठन अगले दस वर्षों में पूर्ण हवाई सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को वायु रक्षा प्रणाली से लैस करने के लिए जिम्मेदार है। ऑपरेशन सिंदूर में हमने आधुनिक युग में वायु रक्षा के महत्व को देखा था।

**डॉ.कामत ने साझा किया 2026 का रोडमैप:** डीआरडीओ सचिव और अध्यक्ष डॉ.समीर.वी.कामत ने रक्षा मंत्री को वर्तमान में जारी अनुसंधान, विकास गतिविधियों, 2025 की उपलब्धियों, उद्योग, स्टार्टअप और शिक्षा जगत को बढ़ावा देने वाली विभिन्न पहलों के साथ ही 2026 के रोडमैप के बारे में जानकारी दी है। जिसमें तय किए गए प्रमुख लक्ष्यों, संगठन की बेहतरी के लिए किए जा रहे तमाम सुधारों से उन्हें अवगत कराया गया। इस बातचीत के दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, महानिदेशक, कॉर्पोरेट निदेशक और अन्य वरिष्ठ डीआरडीओ वैज्ञानिक, अधिकारी मौजूद थे।

### नवाचार संग निजी ....

प्रौद्योगिकी और अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों की दिशा में जारी प्रयासों की सराहना की और कहा कि इस दिशा में प्रगति से न केवल राष्ट्र की क्षमताओं में वृद्धि होगी। बल्कि रक्षा इकोसिस्टम भी मजबूत होगा।

### कार्यप्रणाली में हुआ....

इसकी वजह से लोग आशा, विश्वास और निश्चय के साथ इस संगठन की ओर देखते हैं। निजी क्षेत्र के साथ भी संगठन का सहयोग जारी है। उद्योग, शिक्षा जगत और स्टार्टअप्स के साथ बढ़ी हुई सहभागिता से एक समन्वित रक्षा इकोसिस्टम का निर्माण हुआ है।

### वंदे भारत स्लीपर ...

भारत स्लीपर ट्रेन का परीक्षण और प्रमाणन (सर्टिफिकेशन) प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी हो गई है। वैष्णव ने घोषणा की कि देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन गुवाहाटी और हावड़ा (कोलकाता) के बीच चलाई जाएगी। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन लंबी दूरी की रात की यात्राओं के लिए डिजाइन की गई है। यह ट्रेन यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं, बेहतर सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। इसे भारतीय रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर माना जा रहा है, जो प्रीमियम यात्रा को और सुगम बनाएगी। वंदे भारत के साथ-साथ रेल मंत्री ने देश की पहली बुलेट ट्रेन को लेकर भी बड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2027 को भारत को अपनी पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी। वैष्णव ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार इस प्रोजेक्ट को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए पूरी गंभीरता से जुटी हुई है।

**पीएम मोदी ने लिया था तैयारियों का जायजा:** प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर रेल मंत्री ने बताया कि पिछले साल नवंबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद गुजरात दौरे के दौरान मुंबई-अहमदाबाद हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर का निरीक्षण किया था। पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम की बारीकी से जांच की और वहां मौजूद इंजीनियरों व कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कर्मचारियों से बातचीत करते हुए कहा था कि यह प्रोजेक्ट न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के गर्व का विषय है। यह हाई-स्पीड ट्रेन परियोजना भारत के ट्रांसपोर्ट सिस्टम को आधुनिक बनाने में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगी, जिससे यात्रियों को तेज और सुविधाजनक सफर का लाभ मिलेगा।

### दिसंबर माह में ....

उछलकर 28,980 करोड़ रुपए हो गया। बीते साल के आखिरी महीने में सेस कलेक्शन घटकर 4,238 करोड़ रुपए रह गया, जबकि दिसंबर 2024 में यह 12,003 करोड़ रुपए था। रिपोर्ट के मुताबिक बीते 22 सितंबर 2025 से करीब 375 चीजों पर जीएसटी रेट कट किया गया था, जिससे खासतौर पर रोजमर्रा के 99% सामानों के दाम घट गए थे। इसके साथ ही कंपन्सेशन सेस सिर्फ़ तंबाकू और उससे जुड़े प्रोडक्ट्स पर लगाया जाता है, जबकि पहले लग्ज़री, सिन प्रोडक्ट्स पर भी लागू था।

डिप्टी सीएम पाठक ने मरीजों को दी सौगात

# कहा- 64 सामुदायिक अस्पतालों पर डिजिटल एक्सरे मशीनें लगाई जाएंगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नए वर्ष के पहले दिन मरीजों को सौगात दी है। उन्होंने घोषणा की है कि प्रदेश के 64 सामुदायिक अस्पतालों पर डिजिटल एक्सरे मशीनें लगाई जाएंगी। इसके जरिये रोगियों को आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि डिजिटल एक्सरे मशीनों की स्थापना के लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई है। इस योजना के तहत अलीगढ़ के तीन, आजमगढ़ के चार, इटावा के चार, कन्नौज के दो सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीनें लगाई जाएंगी। इसके अलावा कानपुर नगर में 3, लखनऊ में 16, मऊ में 4, मुरादाबाद के 2, रायबरेली के 5, संभल के 3 सीएचसी व सोनभद्र के 2, सुल्तानपुर के 4 सीएचसी पर डिजिटल एक्सरे मशीनें लगाई जाएंगी। इसी तरह देवरिया, रामपुर, प्रयागराज, पीलीभीत, मेरठ, महराजगंज, महोबा, कौशाम्बी, हरदोई, बस्ती, बरेली एवं बलिया के 1-1 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी डिजिटल एक्सरे मशीन लगाई जाएंगी। ब्रजेश पाठक ने कहा कि सरकार मरीजों को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

कमेटी करेगी खारसावां शहीदों के परिवार की पहचान

# 1948 में पुलिस ने बरसाईं थीं गोलियां, अब होगा सम्मान

एजेंसी ▶▶ सरायकेला

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि खारसावां के आदिवासी शहीदों के परिवारों और उनसे जुड़े लोगों की पहचान करने के लिए जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा। सोरेन ने उन आदिवासी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जो 1948 में इसी दिन पुलिस गोलीबारी में शहीद हो गए थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को कहा कि खारसावां के आदिवासी शहीदों के परिवारों को भी गुआ पुलिस गोलीबारी कांड के शहीदों की तरह सम्मान दिया जाएगा। कहा कि शहीदों के परिवारों और उनसे जुड़े लोगों की पहचान के लिए जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा। सोरेन ने 1948 में इसी दिन पुलिस गोलीबारी में शहीद हुए उन आदिवासी शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जो शहीद सरायकेला-खारसावां के ओडिशा में विलय का विरोध कर रहे थे व अलग झारखंड राज्य की मांग कर रहे थे। 1948 में नव वर्ष के दिन सैकड़ों आदिवासी सेराइकेला-खरसावां जिले के ओडिशा में विलय के विरोध में और अपने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए एक अलग झारखंड राज्य के गठन की मांग को लेकर खरसावां हाट मैदान में एकत्र हुए थे। उसी दौरान पुलिस ने उन पर गोली चला दी थी। शहीदों के परिवारों व उनसे जुड़े लोगों की पहचान के लिए जल्द ही एक समिति का गठन किया जाएगा। कहा कि शहीदों के परिवारों को ठीक उसी तरह सम्मानित किया जाएगा जैसे 8 सितंबर 1980 को हुए गुआ गोलीबारी कांड में शहीद हुए शहीदों के परिवारों को गया था।



### जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी

मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी योद्धाओं ने आदिवासी समुदाय के अधिकारों, उनके जल, जंगल और जमीन की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी। आदिवासी समुदाय को उन पर गर्व है। सोरेन ने कहा कि पूरे राज्य से लोग शहीद स्थल पर आदिवासी नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने आते हैं, जिन्होंने आदिवासियों के हित के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

बच्चो, कल से शुरू हुए इस नए साल में एजुकेशन, टेक्नोलॉजी और गेमिंग में बहुत से बदलाव होने वाले हैं, जो तुम्हें बहुत पसंद आएंगे। इसमें तुम्हें ऐसे अनुभव मिलेंगे, जिसके बारे में तुमने सोचा भी नहीं होगा। कैसे होंगे ये एक्सपीरियंस और कैसे बदलेगी तुम्हारी लर्निंग-एंटरटेनमेंट और गेमिंग की दुनिया, तुमको यहां डिटेल में बता रहे हैं।



# इस साल लर्निंग-गेमिंग में मिलेंगे नए-नए एक्सपीरियंस

अपकमिंग टेक्नोलॉजी

शिखर चंद जैन

बच्चो, नए साल की शुरुआत हो चुकी है। कल तुमने धूमधाम से न्यू ईयर सेलिब्रेट किया होगा। साल 2026 में तुम्हारे लिए बहुत कुछ नया होने वाला है। इस बारे में तुमको यहां डिटेल में बता रहे हैं।

### एजुकेशन होगी टेक्नोफ्रेंडली

इस साल से तुम्हें स्कूल में पढ़ाई-लिखाई का एकदम नया और फ्रेश अनुभव मिलने वाला है। भारत सरकार ने घोषणा की है कि 2026-27 के शैक्षणिक सत्र से कक्षा 3 से ही सभी स्कूलों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और कंप्यूटेशनल थिंकिंग (सीटी) को पाठ्यक्रम में शामिल किया जाएगा। एआई आधारित ऐसे प्लेटफॉर्म्स का विस्तार होगा, जो स्टूडेंट्स की सीखने की गति और शैली के अनुसार पाठ तैयार करेंगे। एआई और सीटी पाठ्यक्रम विकसित करने के लिए सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन (सीबीएसई), आईआईटी मद्रास के एक्सपर्ट प्रोफेसर्स के साथ मिलकर इस दिशा में काम कर रहा है। नई नीति के तहत लंबे पाठों के बजाय छोटे, 5-10 मिनट के 'बाइट-साइज्ड' वीडियो और क्विज के माध्यम से पढ़ाई पर जोर दिया जाएगा।

### अमेजिंग होगा लर्निंग एक्सपीरियंस



जिस तरह से और जिस गति से एआई, साइंस एंड टेक्नोलॉजी का विकास हो रहा है, आने वाले समय में तुम्हारा लर्निंग एक्सपीरियंस बहुत ही अमेजिंग होने वाला है। तुम्हारे स्कूल बैग में किताबों का बोझ कम होगा, क्योंकि अलग-अलग किताबों में मौजूद सारी जानकारी तुम्हें एक ही टैबलेट (टैब) में मिल जाएगी। होलोग्राम 3-डी तकनीक तुम्हें अनोखा लर्निंग एक्सपीरियंस देंगे। सोचो, इतिहास पढ़ते समय साक्षात 'महाराणा प्रताप' या 'महात्मा गांधी' का होलोग्राम (3-डी डिजिटल रूप) क्लास में आ जाए, तो कैसा लगेगा? विज्ञान के प्रयोगों के लिए तुम वर्चुअल रियलिटी हेडसेट का उपयोग करके आभासी लैब्स में केमिस्ट्री और फिजिक्स के एक्सपेरिमेंट्स कर सकोगे। पढ़ाई से जुड़ी तुम्हारी हर प्रॉब्लम, एआई ट्यूटर सॉल्व करेंगे। यह सब जानकर एक्साइटमेंट बढ़ रही है न! आने वाले समय में तुम्हारी स्मार्ट क्लासेज कुछ ऐसी ही होने वाली हैं।

### कर सकोगे साइंस-टेक्नोलॉजी के नए-नए एक्सपेरिमेंट्स

अब तुम्हारे लिए विशेष 'एसटीईएम' यानी साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ्स के किट्स बनेंगे। ये किट तुम्हें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और मैथ्स के कॉन्सेप्ट्स को मजेदार तरीके से सीखने में मदद करेंगी। कई कंपनियां इसे बनाने में लगी हुई हैं। इससे भविष्य में एसटीईएम किट के कई नए और अपडेटेड वर्जन तुम्हारे लिए आसानी से उपलब्ध होंगे। इन किट्स की मदद से तुम घर पर ही सौर ऊर्जा से चलने वाली कारें, रोबोटिक हैंड या मिनी सर्किट और भी बहुत कुछ बना सकोगे।

### गेमिफिकेशन से बढ़ेगा अपनी पढ़ाई में इंटरेस्ट

आने वाले समय में तुम्हारे स्कूल प्रोजेक्ट्स 'क्वेस्ट' और 'मिशन' के रूप में होंगे, जहां अच्छा परफॉर्म करने पर तुम्हें बैज और रिवॉर्ड्स मिलेंगे। हालांकि अभी भी स्कूली बच्चों के लिए कई



बेहतरीन गेमिफिकेशन प्लेटफॉर्म्स उपलब्ध हैं, जो पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए गेम मैकेनिक्स, जैसे पॉइंट्स, लीडरबोर्ड और बैज का उपयोग करते हैं। कुछ एडटेक कंपनियां गणित और विज्ञान जैसे जटिल विषयों को समझाने के लिए इंटरेक्टिव क्विज और विजुअल स्टोरी टेलिंग का उपयोग करती हैं। कई प्लेटफॉर्म शिक्षकों को गेमिफाइड क्विज और इंटरैक्टिव लेसन बनाने की सुविधा देते हैं। ऐसे और भी कई प्लेटफॉर्म्स भविष्य में तुम्हारे लिए उपलब्ध होंगे। इनके माध्यम से पढ़ाई-लिखाई में तुम्हारा इंटरेस्ट बढ़ेगा।

### मजेदार होगा गेमिंग एक्सपीरियंस

बच्चो, आने वाले समय में तुम्हें महंगे गेमिंग कंसोल की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि अब तुम्हारे लिए क्लाउड गेमिंग आसानी से उपलब्ध होगी। तुम किसी भी डिवाइस पर इंटरनेट के माध्यम से सीधे हाई क्वालिटी गेम खेल सकोगे। साथ ही इमर्सिव गेमिंग में ऑगमेंटेड रियलिटी का उपयोग करके तुम अपने कमरे में ही डिजिटल पात्रों के साथ खेल सकोगे। इससे तुम्हारा फिजिकल मूवमेंट बढ़ेगा, जिससे तुम्हें इनडोर गेम्स में आउटडोर गेम्स के बेनिफिट्स भी मिलेंगे। सिमुलेशन और फार्मिंग जैसे गेम्स का चलन भी बढ़ेगा, जो तुम्हें रिलैक्स फील कराने में मदद करेंगे। *



### एंटरटेनमेंट का अमेजिंग एक्सपीरियंस

**सोचो जरा**, अगर तुम्हें अपने फेवरेट कार्टून कैरेक्टर के पास जाकर उससे अपने हिसाब से एक्ट करवाने का मौका मिल जाए, तो कितना मजा आएगा! आने वाले समय में ऐसा हो सकता है। यानी कार्टून फिल्म देखने का तुम्हारा एक्सपीरियंस पूरी तरह बदलने वाला है। तुम वर्चुअली कहानी में तय कर सकोगे कि तुम्हारा फेवरेट सुपर हीरो या कार्टून कैरेक्टर आगे क्या करेगा? जैसे तुम्हारे कमांड देते ही वह शेर से लड़ेगा, दुश्मनों से फाइट करेगा और तुम चाहोगे तो वह फ्रेंडशिप कर लेगा। ऐसे मेटावर्स थीम पार्क आएंगे, जिससे तुम 'वीआर चश्मा' लगाओगे और घर बैठे सीधे डिज्नीलैंड पहुंच जाओगे। मिकी माउस से हाथ मिला सकोगे या उसके साथ झूला झूलने का आनंद ले सकोगे।

नया साल शुरू हो चुका है। इस साल अपनी खुशी बढ़ाने और आकर्षक व्यक्तित्व के लिए कुछ बातें जरूर अमल में लाओ। ये बातें तुम्हारी जिंदगी को आसान भी बनाएंगी। ये बातें कौन-सी हैं, जानो।

# नए साल में अपनाओ ये बातें मिलेगी एक अलग खुशी



सलाह

विमला नागला



मेरे प्यारे नन्हे दोस्तो, नया साल शुरू हो चुका है। तुम नए साल में जरूर नए उत्साह-उमंग से सराबोर होगे। कल तुमने नया साल, अपने दोस्तों के साथ जरूर सेलिब्रेट भी किया होगा। बच्चो, नए साल के मौके पर मेरे मन में कुछ बातें हैं, तुमसे जरूर कहना चाहूंगी। वैसे तुम हर साल न्यू ईयर अपनी-अपनी प्लानिंग के अनुसार मनाते ही हो, इस बार अपनी प्लानिंग में हमारी बातें या कहो, रेजॉल्यूशंस भी जोड़ो। मेरी बातें बहुत सरल सी हैं, इन्हें मानना बिल्कुल भी कठिन नहीं है। यकीन मानो, इसके परिणाम तुम्हें एक अलग तरह की खुशी देंगे, तुम्हारे व्यक्तित्व को एक नया और आकर्षक रूप देंगे। मेरी कौन सी बातें तुम अपने रेजॉल्यूशन में शामिल करो, जानो-

- रोज उगते हुए सूरज की खूबसूरती को कुछ देर जरूर निहारो, इससे ताजगी का अहसास होगा, शरीर में स्फूर्ति आएगी।
- प्रतिदिन कुछ समय पेड़-पौधों, फूलों,



पक्षियों संग बिताओ। यह संकल्प लो कि इस वर्ष पांच पौधे लगाकर उनकी पूरी देखभाल करेंगे। ऐसा करने से तुम प्रकृति से जुड़ोगे, पर्यावरण को संरक्षित करोगे, इसके प्रति जागरूक होगे।
- नियमित योग-कसरत करोगे। यह बेहतर स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। स्वस्थ शरीर में स्वस्थ और तेज मस्तिष्क का वास होता है।
- खास अवसरों पर अपने मित्रों-परिजनों को पत्र लिखोगे। ऐसा करने से लोगों से तुम्हारे रिश्ते मीठे और मजबूत बने रहेंगे।
- कुछ समय अपने बुजुर्गों के साथ बिताओगे। इससे बुजुर्गों का अकेलापन दूर होगा, उन्हें एक खुशी मिलेगी, तुम्हें भी उनका साथ भाएगा।
- सप्ताह में एक कहानी की पुस्तक पढ़ोगे। ऐसा करने से तुम्हें अच्छी शिक्षा मिलेगी, तुम्हारा भाषा ज्ञान बढ़ेगा।
- प्रतिदिन किसी एक की मदद या कोई एक भलाई का काम करोगे। यह आदत तुम्हें नेक इंसान बनाएगी।
- वर्ष भर अपनी पाठ्य-पुस्तकें, बस्ते, पढ़ाई की मेज को एकदम व्यवस्थित और साफ रखोगे। व्यवस्थित होकर रहने से हमारी जिंदगी आसान होती है।
- बेवजह किसी से भी नाराज नहीं होगे और न ही किसी से अनावश्यक बहस में पड़ोगे। तो बच्चो, तुम इन सभी बातों को एक संकल्प के रूप में अपनी डायरी में लिख लो और इनका ईमानदारी से पालन करो। शुरू में किसी नियम के निर्वहन में थोड़ी मुश्किल जरूर महसूस होती है, लेकिन बाद में कोई मुश्किल नहीं होती। बच्चो, 'जहां चाह वहां राह' निकल ही आती है। नए साल की तुम सभी को शुभकामनाएं ... *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## शिक्षाप्रद-रोचक कहानियां



बच्चो, तुम सब स्कूल तो जरूर जाते होगे। वहां तुमको अलग-अलग विषयों की जानकारी मिलती होगी। अपने दोस्तों के साथ खेलते भी होगे। हाल में ही तुम्हारे लिए अच्छी-अच्छी 68 कहानियों का एक संग्रह 'बचपन और स्कूल की मीठी-मीठी कहानियां' छपकर आया है। इसमें लगभग हर कहानी का बैकग्राउंड स्कूल से ही रिलेटेड है। इसमें तुमको कहीं अपने जैसे समझदार, पढ़ने में होशियार और दूसरों की मदद के लिए तैयार बच्चे मिलेंगे, तो कुछ में नटखट जंगली जानवरों पर रोचक कहानियां पढ़ने को मिलेंगी। संग्रह की पहली कहानी 'मिनी की दोस्त चींटियां' में तुम पढ़ोगे कि खेती के लिए नन्ही चींटियां भी कितनी महत्वपूर्ण होती हैं। ईयरफोन लगाने की हैबिट कितनी नुकसानदेह होती है, इसे तुम ' ईयरफोन की आदत' कहानी में जान सकते हो। समझदारी से कठिन काम भी कैसे आसान हो जाते हैं, इसे तेजी लोमड़ी की मजेदार कहानी 'पेट का एसी' में पढ़ सकते हो। किताब की हर कहानी से तुमको कोई न कोई शिक्षा जरूर मिलेगी। इन्हें पढ़ने में बहुत मजा भी आएगा। *

**किताब:** बचपन और स्कूल की मीठी-मीठी कहानियां (बाल कहानी संग्रह), **लेखिका:** रेनू सैनी, **मूल्य:** 450 रुपए, **प्रकाशक:** ग्रंथ अकादमी, नई दिल्ली

### हंसगुल्ले



**रिंकू (टिंकू से)** : तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**टिंकू** : अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**रिंकू** : क्यों?
**टिंकू** : क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।

-खुशी, बिलासपुर

**टीचर** : लड़के को अंग्रेजी में 'ही' और लड़की को 'शी' कहते हैं। अच्छा बताओ, कई लड़कों को अंग्रेजी में क्या कहेंगे?
**गोलू (कुछ देर सोचने के बाद)** : सर, जितने लड़के होंगे, उतने 'ही ही ही ' कहेंगे।

-स्वप्निल, रायपुर

### जीके क्विज-186



1. टी-20 क्रिकेट में चार हजार से अधिक रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन बनी हैं?
2. लीप-ईयर में कुल कितने दिन होते हैं?
3. विश्व हिंदी दिवस कब मनाया जाता है?
4. आइजोल भारत के किस राज्य की राजधानी है?
5. किस देश को 'नीले आकाश की भूमि' के रूप में जाना जाता है?
6. सबसे हल्की गैस कौन-सी होती है?
7. कोशिका का पावर हाउस (पॉवर हाउस ऑफ सेल) किसे कहा जाता है?
8. सिक्कों का अध्ययन क्या कहलाता है?
9. किस जंतु को भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव घोषित किया गया है?
10. दिल्ली के वर्तमान उप राज्यपाल कौन हैं?

बच्चों, जीके क्विज-186 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-185 का उत्तर :** 1.बंकिम चंद्र चटर्जी, 2. 1 जनवरी, 3.कोलकाता, 4.जर्मनी, 5.लियोनार्डो डिकैप्रियो, 6.मूसी नदी, 7.शैफाली वर्मा, 8.नागालैंड, 9.उत्तर प्रदेश, 10.मैथिली शरण गुप्त

**जीके क्विज-185 का सही उत्तर देने वाले :** मन्नत-कैथल, उर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, लालिमा-गरियाबंद, आयुष-कैथल, ओमदेव-मुंगेली, अनूप-रायगढ़, कबीर-हिसार, चीनू-रायगढ़, ज्योति-बैकुंठपुर, नीटू-सीतापुर, अंशुमन-दिल्ली



कहानी

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'

ठिठुरती सर्दी में उस गरीब लड़के के पास पहनने के लिए स्कूल ड्रेस का स्वेटर नहीं था। इसके लिए उसे रोज स्कूल में डांट पड़ती थी। वैभव को जब यह बात पता चली तो उसने अपने पापा से कहकर उस लड़के की मदद करनी चाही। क्या नए साल में वैभव यह नेक काम कर पाया? एक प्यारी सी कहानी।

## हैप्पी न्यू ईयर

नए साल का आज दूसरा दिन था। वैभव ट्रेन से उतरा तो ठंडी हवा से वह थर-थर कांपने लगा। दांतों ने किटकिटाना शुरू कर दिया। वैभव अपने पापा-मम्मी के साथ गुजरात से लौटा था। वहां तो सर्दी नहीं थी। मौसम बढ़िया था। समुद्र के किनारे हाफ बनियान और नेकर में उसने खूब धमा-चौकड़ी की थी। समुद्र की लहरों से खूब बातें की थीं। आती हुई लहरों को देखकर वह जोर से चिल्लाता, 'आओ, आ जाओ!' फिर लहरें वापस जाने को होतीं तो ताली पीट-पीट कहता, 'गो बैक.. गो बैक..।' समुद्र के तट पर ऐसा आनंद उसके लिए एकदम नया था। अभूतपूर्व शब्द का सही अर्थ वह यहीं समझा था। वैभव ने पहली बार समुद्र देखा था। पापा-मम्मी की ओर से उसके लिए यह नए साल का एक अद्भुत उपहार था।




समुद्र के किनारे खड़े वैभव ने आने वाले हर नए साल में कुछ नया देखने की फरमाइश भी पापा से कर दी थी। मम्मी ने हंसते हुए कहा था, 'हां.. हां.. बिल्कुल! ... लेकिन तुम्हें भी हर साल कुछ न कुछ नया कर दिखाना होगा, दिखाओगे न..?'

'बिल्कुल मम्मी.. प्रॉमिस।' वैभव यह कहते हुए चहक उठा था। उसने बड़ा ही प्यार जताते हुए मम्मी-पापा दोनों का हाथ पकड़कर कहा था, 'मैं जब बड़ा हो जाऊंगा तो ऐसे ही आप दोनों को घुमाने ले जाया करूंगा।' बहरहाल, अब जब वैभव मम्मी-पापा के साथ अपने शहर में वापस आया तो यहां ठंड कुछ ज्यादा ही बढ़ गई थी। एक तो जबरदस्त कोहरा, उस पर हड्डियां कंपाने वाली सर्द हवाएं। उसकी तो विंटर वेकेशन चल रही थी। इसीलिए पापा ने गुजरात घूमने का प्रोग्राम बना लिया था। वैभव को अब इस बात की जल्दी थी कि अपने सारे दोस्तों से मिलकर उन्हें अपनी यात्रा के किस्से सुनाए। 'चाय पीनी है क्या?' पापा ने वैभव को कांपते देख पूछा। वह सर्दी में अपने दोनों हाथ रगड़ते हुए बोला, 'नहीं, पापा। जल्दी से घर चलिए। मुझे रजाई में कछुआ बनना है।' सभी स्टेशन से बाहर आए। उनको बाहर आता देखते ही कई ऑटो वाले सामने आ गए। सहसा वैभव की निगाहें स्टेशन के बाहर बनी नेकी की दीवार पर पड़ी। वहां हैप्पी न्यू ईयर का बड़ा-सा बोर्ड भी लगा था। बहुत सारे पुराने कपड़े भी टंगे हुए थे। उसकी ही उम्र का एक बच्चा उन कपड़ों में पता नहीं क्या खोज रहा था? इस बीच पापा ने एक ऑटो वाले को तय कर लिया था। वह वैभव से बोले, 'चलो बेटा।' पापा ने कहा तो वैभव के कदम जैसे वहीं ठिठक गए। 'क्या हुआ बेटे?' मम्मी ने उसे हिलाया, 'चलो न।' 'उस लड़के को देखो न पापा।' वैभव सामने की ओर देखते हुए बोला।

'हां, वह अपने साइज के कपड़े खोज रहा होगा।' पापा बोले।

'लेकिन... पापा वहां तो उसके साइज के कितने सारे कपड़े टंगे हैं। वह उन्हें कहां ले रहा है?' वैभव कुछ अचरज से बोला। 'चलो, उसी से पूछ लेते हैं, उसे क्या चाहिए?' पापा वैभव का मन भांपते हुए बोले। पापा उसे लेकर उस लड़के पास पहुंचे। वह लड़का पहले तो हिचका, लेकिन फिर उसने बताया कि वह नीले रंग का स्वेटर खोज रहा है। स्कूल में ड्रेस से मैचिंग स्वेटर न पहनने की वजह से उसे रोज डांट पड़ती है। कई बार वापस लौटने की सजा भी मिलती है। बातचीत में उसने अपने स्कूल और घर का पता भी बताया कि स्टेशन के पास ही बनी झुग्गियों में वह रहता है। उस लड़के ने यह भी बताया कि उसके पिता नहीं हैं। मां घरों में काम करती हैं। वैभव मचलते हुए बोला, 'पापा आप इसे नया स्वेटर दिला दीजिए न!' 'जरूर दिलाएंगे, केवल इसे ही नहीं, इसके जैसे अन्य बच्चों को भी हम लोग झुग्गियों में जाकर स्कूल ड्रेस के स्वेटर बांटेंगे, प्रॉमिस! हमने समझ लिया है, वह कहां रहता है?' पापा जब ऐसा बोले तो वैभव बहुत खुश हो गया।

पापा उस बच्चे से बोले, 'अब आप अपने घर जाओ। हम लोग आज ही आपके घर पर आएंगे।'

उस लड़के की आंखों में आंसू आ गए। वैभव ने उसे गले से लगा लिया और धीरे से कहा, 'माई डियर, हैप्पी न्यू ईयर।' उस बच्चे के मुख से कोई आवाज तो नहीं आई, लेकिन होंठ जरूर बुदबुदाए। वैभव बहुत खुश था। नए साल में यह कितना अच्छा और नया काम हो जाएगा। ठंड अब उसे बेअसर सी लग रही थी, क्योंकि उसके भीतर एक नेक काम की गर्माहट थी। *

कविता

राजेंद्र श्रीवास्तव

## नया वर्ष यह आया

दो हजार पचीस गया अब,
नया वर्ष यह आया।
नव उत्साह-नई आशाएं
नई उमंगें लाया।
नए वर्ष में नया सीखकर
अपना ज्ञान बढ़ाएं।
नई-नई तकनीकों से हम,
परिचित होते जाएं।
अपने आस-पास का मनहर,
वातावरण बनाएं।
पानी की कीमत पहचानें,
पर्यावरण बचाएं।
घर, बाजार, शहर, विद्यालय
जहां कहीं भी पाएं।
मिलने वाले हर अवसर का,
मित्रो लाभ उठाएं।



### अंतर बताओ

बच्चो, यहां पर न्यू ईयर सेलिब्रेशन से जुड़े दो चित्र दिए गए हैं। वैसे तो ये दोनों चित्र दिखने में एक जैसे हैं, लेकिन इनमें आठ अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। तो देर किस बात की, फटाफट आठ अंतर खोजो।







### चित्र पूरा करो

नया साल शुरू हुआ तो बच्चों ने कॉलोनी के पार्क में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया। यहां इस सेलिब्रेशन का आधा-अधूरा चित्र दिया गया है। दाहिनी तरफ इस चित्र के कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुम चित्र और कट-आउट्स को ध्यान से देखो और सभी कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : 1-B, 2-A, 3-C, 4-D

### श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति के समक्ष भव्य आतिशबाजी, विधानसभा अध्यक्ष तोमर के साथ एमएलए शर्मा ने मनाया उत्सव

# प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन बना भोपाल की सांस्कृतिक पहचान, इसके लिए विधायक रामेश्वर को बधाईः तोमर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या धाम में पुनर्निर्मित भव्य श्रीराम मंदिर में प्रभु श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देशभर में अनेकों आयोजन कराए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में राजधानी भोपाल में भी पूरी श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रतिष्ठा द्वादशी का उत्सव मनाया गया।

राजधानी की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा युवा सदन कार्यालय पर प्रतिष्ठा द्वादशी के पूर्व मंगलवार को राम मंदिर की प्रतिकृति प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संपन्न हुआ था।


विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विधायक रामेश्वर और अन्य अतिशबाजी करते हुए।

बुधवार को प्रतिष्ठा द्वादशी पर इसी प्रतिकृति के समक्ष रंगारंग और गगनचुंबी आतिथ्य का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में मप्र के विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर सम्मिलित हुए। जिन्होंने उपस्थित सैकड़ों कार्यकर्ताओं को रामलला विराजमान की द्वितीय वर्षगांठ की बधाई देकर आतिशबाजी का शुभारंभ किया।

उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व इसी तिथि को अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा संपन्न हुई थी। इस तिथि पर विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा प्रतिवर्ष युवा सदन कार्यालय परिसर में श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति सजाई जाती है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि युवा सदन पर प्रतिष्ठा द्वादशी का आयोजन अब भोपाल की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा बन चुका है। उन्होंने विधायक रामेश्वर शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक चेतना, आस्था और एकता को सुदृढ़ करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

### पीसीबी की एनओसी नहीं मिलने पर होंगे सील

## शहर के 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन की निगम प्रशासन करेगा जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में 100 से ज्यादा मैरिज गार्डन संचालित हो रहे हैं, लेकिन प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी नहीं होने की सूचना मिलने पर निगम ने इसकी जांच करने की तैयारी कर ली है। गत दिवस निगम को जानकारी मिलने पर एक मैरिज गार्डन को सील किया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने शहर के सभी मैरिज गार्डन की जांच करने जा रहा है। अगर एनओसी नहीं पाई गई तो मैरिज गार्डन को सील कर दिया जाएगा। निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि मैरिज गार्डन से प्रदूषण फैलने और वातावरण दूषित होने की शिकायतें मिली थीं। इसके आधार पर कार्रवाई शुरू की गई है। मैरिज गार्डन संचालन के लिए पीसीबी की एनओसी जरूरी है। इसके लिए चैकिंग मुहिम चलाई जा रही है। जोन स्तर पर मैदानी अमला इसकी जांच करेगा।

शहर के कोलार, लालघाटी से संत नगर रोड, एयरपोर्ट रोड, बैरसिया रोड, बीएचईएल क्षेत्र, होशंगाबाद रोड पर बडी संख्या में मैरिज गार्डन हैं। अक्सर यहां ध्वनि और वायु प्रदूषण की शिकायतें निगम को मिलती हैं। कई मैरिज गार्डन संचालकों ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से एनओसी नहीं ली है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने बैरवा दिवस की बधाई दी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि, महर्षि बालीनाथ जी महाराज की जयंती और बैरवा दिवस की सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि महर्षि बालीनाथ महाराज ने समाज को शिक्षा और कृषि से स्वावलंबन की राह दिखाई। वे कुरीतियों के उन्मूलन, समानता और कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर समर्पित रहे। संत शिरोमणि का साधनामय जीवन हम सभी के लिए प्रेरणापुंज है।

### बीयूः ईसी के बाद 20 लॉ कॉलेजों की निरंतरता का पत्र किया जारी

**भोपाल।** राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में बुधवार को कार्यपरिषद (ईसी) की बैठक हुई। बैठक में कार्यपरिषद के सदस्य उपस्थित रहे। बीयू के कुलगरु प्रो. एसके जैन प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यपरिषद की बैठक में प्रमुख रूप से एक एजेंडे पर चर्चा की गई। यह एजेंडा बीयू से संबद्ध करीब 20 लॉ कॉलेजों की समय सीमा में निरंतरता से जुड़ा रहा है। इसमें उपस्थित सदस्यों की सहमति के बाद बुधवार को ही 20 लॉ कालेजों को निरंतरता का पत्र जारी किया गया है। बताया गया है कि बीयू से संबद्ध 20 लॉ कॉलेजों की समय सीमा में निरंतरता होना थी, जो समय सीमा बीसीआई के लिए आवश्यक बताई गई है। इस लिए बुधवार को बीयू में केवल एक मुद्दे के लिए ईसी की बैठक बुलाई गई थी।

### आवास संघ ऋण घोटाला मामले के दोषियों को 3 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मप्र राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित से मकान बनाने का नाम पर लाखों रुपयों का गृह ऋण लेकर उसे हड़पने के मामले में विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन के विशेष न्यायाधीश रामप्रताप मिश्र ने क्षिप्रा कॉम्प्लेक्स गृह निर्माण सहकारी समिति भोपाल के तत्कालीन अध्यक्ष खेमचंद आहुजा, मप्र राज्य सहकारी आवास संघ मर्यादित के तत्कालीन क्षेत्रीय अधिकारी अरुण कुमार मेहरा और उनके सहयोगी अजीज जफर को दोषी ठहराते हुए 3 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 21,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष पुलिस स्थापना लोकायुक्त संगठन के पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत मिलने प्रकरण दर्ज किया था।

### नए साल पर नायब सरकार का हरियाणावासियों को ट्रिपल गिफ्ट

# मेधावी बच्चे मां को बनाएंगे लाडो लक्ष्मी

## 5500 कांस्टेबल किए जाएंगे भर्ती

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

नए साल के पहले दिन सरकार ने प्रदेशवासियों को तिहरा तोहफा दिया। हरियाणा कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसलों पर मुहर लगी। लाडो लक्ष्मी योजना को लेकर नया फैसला लिया गया।

वहीं, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश की सबसे बड़ी पुलिस सिपाही भर्ती निकाली। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएसएससी) ने 5500 पदों पर पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया। कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया है कि लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ अब उन महिलाओं को भी मिलेगा, जिन परिवारों की सालाना आय 1 लाख 80 हजार से कम है और जिनके बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं और उन्होंने 10वीं और 12वीं कक्षा में 80% से ज्यादा अंक प्राप्त किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि कैबिनेट में 6 एजेंडे रखे गए थे, जिनमें सभी को मंजूरी दे दी गई। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग में 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर रखे गए ड्राइवरों को भी राहत दी गई है।

*कैबिनेट बैठक में कई अहम फैसले, 6 एजेंडे रखे गए*

*एएसआई संदीप लाठर की पत्नी संतोष को भी सरकारी नौकरी*

*मुख्यमंत्री बोले, महिलाओं को सशक्त बनाने को सरकार प्रतिबद्ध*

*बच्चों में कुपोषण और एनिमिया रोकने के लिए पहल शुरू की*

*2002 में कान्ट्रैक्ट पर लगाए चालकों को राहत*



*लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार, 1.80 लाख आय वाले परिवार की महिलाओं के सरकारी स्कूल में पढ़ने वाले 10वीं और 12वीं के बच्चे 80% से अधिक अंक लाते हैं तो मां को 2100 रुपये मिलेंगे। अभी तक एक लाख आय वालों को मिलता है लाभ।*

### 1 लाडो लक्ष्मी योजना

#### एनीमिया से बाहर आए बच्चों की मां को भी योजना का लाभ

मुख्यमंत्री ने बताया कि लाडो लक्ष्मी योजना का विस्तार किया गया है। वर्तमान में जिन परिवारों की वार्षिक आय 1 लाख रुपये से कम है, उन परिवारों की महिलाओं को 2100 का लाभ दिया जा रहा है। अब संशोधन के तहत जिन परिवारों की सालाना आय 1 लाख 80 हजार तक है और उनके बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे हैं और वे 10वीं और 12वीं कक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक लेकर आते हैं, तो उनकी माताओं को भी दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना का लाभ मिलेगा। इसके अलावा जो बच्चे कक्षा एक से चार तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी प्राप्त करते हैं, ऐसी माताओं को भी योजना का लाभ मिलेगा। पोषण ट्रैकर में कोई बच्चा जो कुपोषित या एनीमिया ग्रस्त था, वह पोषित और स्वस्थ होकर ग्रीन जोन में आ जाता है, तो ऐसी माताओं को भी 2100 का लाभ मिलेगा।

**कक्षा एक से चार तक ग्रेड लेवल प्रोफिशिएंसी लाने पर भी मिलेगा लाभ**

### 2 सबसे बड़ी पुलिस भर्ती

#### बढ़ेगी सुरक्षा : प्रदेश को मिलेंगे 4500 पुरुष और 600 महिला कांस्टेबल

हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन ने 5500 पदों पर पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। जिसे अब तक की सबसे बड़ी पुलिस भर्ती माना जा रहा है। इससे पहले 5061 पदों पर सबसे बड़ी भर्ती हुई थी। एचएसएससी द्वारा जारी विज्ञापन में 5500 पदों में 4500 पुरुष कॉन्स्टेबल और 600 महिला कॉन्स्टेबल भर्ती किए जाएंगे। वहीं इनके साथ जीआरपी के लिए 400 मेल कॉन्स्टेबल के पद रिजर्व रखे गए हैं। आवेदन करने के लिए कोई फीस नहीं होगी। अभ्यर्थी 11 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 25 जनवरी 2026 रात 11:59 तक वे अपना आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

- **11 जनवरी से ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे**

### 3 2002 में नियुक्त 347 कॉन्ट्रैक्ट ड्राइवरों को ओपीएस व अन्य लाभ प्रदान

मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य परिवहन विभाग के कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त 347 ड्राइवरों को क्वालीफाइंग सर्विस और पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) के लाभ देने का फैसला किया है। इन ड्राइवरों को वर्ष 2002 में कॉन्ट्रैक्ट पर नियुक्त किया गया था और बाद में वर्ष 2006 में हरियाणा परिवहन विभाग (ग्रुप-सी) हरियाणा रोडवेज सेवा नियम, 1995 (समय-समय पर संशोधित), के तहत रेगुलर किया गया था। हालांकि, जनवरी 2014 में सरकार और कर्मचारी यूनियनों के बीच हुए आपसी समझौते में केवल 1 जनवरी, 2003 को या उसके बाद नियुक्त कर्मचारियों को ही शामिल किया गया था, इसलिए वर्ष 2002 में नियुक्त ड्राइवरों को यह लाभ नहीं मिल पाए थे, जिससे जूनियर ड्राइवरों को अपने सीनियर्स की तुलना में ज़्यादा सैलरी और पेंशन लाभ मिल रहे थे।

### पाथवे, ओपन थियेटर, वाटर बाडी आदि का लिया जायजा

## 5 करोड़ से बन रहे नमोः उपवन का महापौर ने किया निरीक्षण


निर्माणाधीन नमो : उपवन का निरीक्षण करतीं महापौर मालती राय।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय ने बुधवार को लालघाटी स्थित निर्माणाधीन नमोः उपवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाथवे, ओपन थियेटर, वाटर बाडी आदि कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों से जानकारी हासिल की। उन्होंने निर्माणाधीन नमोः उपवन के कार्यों में तेजी लाने तथा सभी कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

महापौर ने पार्क को प्राकृतिक एवं आकर्षक स्वरूप देने के निर्देश दिए ताकि राजधानीवासी पार्क में आकर सुखद अनुभव कर सके। उन्होंने पार्क में बड़े पत्थरों को बेहतर स्वरूप देकर नेच्युलर रूप में करने के भी निर्देश दिए। पाथवे के कार्य को जल्द पूरा करने निर्माणाधीन ओपन थियेटर के कार्य को बेहतर स्वरूप देकर पूरा करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त हर्षित तिवारी, उपायुक्त हीरेन्द्र सिंह कुशवाह, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, पार्षद एवं जोन अध्यक्ष विनीता सोनी, कार्यपालन यंत्री प्रमोद मालवीय, सहायक यंत्री आदित्य खरे के अलावा जगदीश यादव, विकास सोनी, अनिल मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

### अज्ञात आरोपियों ने युवक को उतारा मौत के घाट

**गौरेला पेंड्रा मरवाही ।** गौरेला थाना क्षेत्र के बरवासन गांव अंतर्गत लमरा टोला में एक युवक की बेरहमी से की गई हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। मृतक की पहचान चंद्रभान सिंह के रूप में हुई है, जिसका शव उसके घर के सामने आंगन में खून से लथपथ अवस्था में मिला। इस घटना से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश और भय का माहौल है। जानकारी के अनुसार, सुबह जब ग्रामीणों ने चंद्रभान सिंह के घर के सामने आंगन में उसका शव देखा तो उन्हें तत्काल परिजनों और पुलिस को सूचित किया। शव पर चोट के कई गहरे निशान पाए गए, जिससे यह स्पष्ट है कि युवक पर अत्यंत क्रूरता से हमला किया गया था। घटनास्थल पर बड़ी मात्रा में खून बिखरा हुआ था, जो हमले की भयावहता को दर्शाता है।

### सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस जांच जारी

## तेज रफ्तार भारी वाहन की टक्कर से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिला मुख्यालय में गुरुवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना में 35 वर्षीय युवक केशव मेहर की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के विरोध में आक्रोशित लोगों ने मौके पर चक्काजाम कर दिया, जिससे यातायात बाधित हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन ने घटना स्थल पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाया। यह मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जानकारी के अनुसार, गुरुवार की सुबह केशव मेहर अपने दो साथियों के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपने गांव लोईंग की ओर जा रहा था। जब वे चांदमारी स्थित होम गार्ड कार्यालय के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाए जा रहे एक भारी वाहन ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। इस भयावह दुर्घटना में स्कूटी सवार केशव मेहर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके साथ सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की खबर फैलते ही कांग्रेस नेता और स्थानीय ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और सड़क पर बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि उर्दना की ओर से इस मार्ग पर रोजाना भारी वाहनों का परिचालन होता है, जिससे अक्सर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। उन्होंने मांग की कि सड़क पर ब्रेकर बनाए जाएं और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दिया जाए।

### डिप्टी सीएम, संस्कृति मंत्री सहित स्थानीय विधायक, अफसर रहे शामिल

## केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किया पुरातात्विक नगरी सिरपुर का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महासमुंद

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने महासमुंद जिले की पुरातात्विक नगरी सिरपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी और विधायक राजू सिन्हा के साथ सिरपुर के लक्ष्मण देवालय, आनंद प्रभु कुटी विहार, तीवरदेव विहार,



सुरंग टीला और स्थानीय हाट बाजार का निरीक्षण किया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, एसपी प्रभास कुमार और अन्य जनप्रतिनिधियों ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने सिरपुर की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन क्षमता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्थल भारत की प्राचीन धरोहर का एक महत्वपूर्ण केंद्र है, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की आवश्यकता है।

### ट्रक चालक ने अचानक लगाया ब्रेक, पीछे से आ रही बाइक घुसी, शोरूम मैनेजर की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित रेलवे गोदाम के सामने छोला भानपुर रोड पर ऑफिस से घर लौट रहे ई-रिक्शा शोरूम के मैनेजर की बाइक, अचानक ब्रेक लगाने से सड़क पर खड़े हुए ट्रक में घुस गई। सिर व चेहरे आई चोटों के कारण गंभीर रूप से घायल मैनेजर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौंप दिया था। पुलिस के मुताबिक बाफना कॉलोनी निवासी अनिल राठौर (45) सिटी लाईफ ई-रिक्शा शोरूम भानपुर में मैनेजर थे। विगत 29 दिसंबर की रात करीब साढ़े 10 बजे वह ऑफिस से बाइक पर सवार होकर घर जा रहे थे। इस बीच रेलवे गोदाम के सामने छोला भानपुर रोड पर सामने जा रहे तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे बाइक पर आ रहे अनिल राठौर ट्रक में घुसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

## केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले-मैं हर परिस्थिति में आपके साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कुंभकार प्रजापति समाज का प्रदेशस्तरीय महासम्मेलन बीते दिनों विश्व पर्यटन नगरी सांची में आयोजित किया गया, जिसमें हजारों समाजजन मौजूद रहे। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं हर परिस्थिति में समाज के साथ हूं। इस अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा और पूर्व मंत्री व क्षेत्रीय विधायक डा. प्रभुराम चौधरी ने भी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम कुम्भकार ने कहा कि हमें भविष्य में भी इसी तरह एकजुट होकर समाज को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है।



#### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में बेनीप्रसाद प्रजापति, डी.एस. सरोठिया, सुरेश प्रजापति, गौरीशंकर प्रजापति, भागीरथ सिसोदिया, मोहनलाल भार्गव, होतम सिंह, मनोहर, मनोहर मंत्री, बाबूलाल कुम्भकार, डॉ. दिनेश, डॉ. मोहन, डॉ. यू.एस. चतुर्वेदी, कैलाश प्रजापति, फुंदीलाल, अशोक प्रजापति, राजेश वर्मा, तहसीलदार जगदीश प्रजापति और डॉ. मोहन कुम्भकार सहित समस्त पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की सराहनीय भूमिका रही।

### आर्यभट्ट गणित चैलेंज में लवीना ने अर्जित की उपलब्धि

**संतनगर।** शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी से संबद्ध नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की कक्षा दसवीं की प्रतिभाशाली छात्रा लवीना सावलानी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2025 में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त कर विद्यालय, अभिभावकों तथा संस्था का गौरव बढ़ाया है। सीबीएसई द्वारा आयोजित यह राष्ट्रीय स्तर की चुनौती विद्यार्थियों में गणितीय तर्कशक्ति, तार्किक चिंतन एवं समस्या समाधान कौशल को प्रोत्साहित करने हेतु संचालित की जाती है। लवीना ने अपनी मेहनत, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इस उपलब्धि को प्राप्त किया। विद्यालय की प्राचार्य अमृता मोटवानी ने लवीना की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया है।


लवीना

### प्रथम चरण पूर्ण, 3 लाख 29 हजार 167 बकायादार ने कराया पंजीयन

## समाधान योजना का दूसरा चरण शुरू... 1 जनवरी से 28 फरवरी तक सरचार्ज में 90% तक छूट का अवसर

373 करोड़ 30 लाख मूल राशि हुई जमा, 204 करोड़ 75 लाख का सरचार्ज हुआ माफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विगत 3 नवंबर से शुरू हुई समाधान योजना 2025-26 में शामिल होकर बकायादार उपभोक्ताओं ने सौ फीसदी तक छूट का लाभ लिया। अब समाधान योजना का दूसरा चरण 01 जनवरी से शुरू हो गया है जो कि 28 फरवरी तक चलेगा।

कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि तीन माह से अधिक के बकायादार उपभोक्ता योजना के द्वितीय चरण में शामिल होकर अपना बकाया बिल एकमुश्त जमा करके 90 फीसदी तक सरचार्ज माफी का लाभ उठा सकते हैं। मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के प्रथम चरण में अब तक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के 3लाख 29 हजार 167 बकायादार उपभोक्ताओं ने अपना पंजीयन कराकर लाभ लिया है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के खाते में 373 करोड़ 30 लाख से अधिक की मूल राशि जमा हुई है, जबकि 204 करोड़ 75 लाख का सरचार्ज माफ किया गया है।



मध्य प्रदेश सरकार की समाधान योजना 2025-26 के लागू होने से ऐसे अनेक उपभोक्ता हैं जो बकाया बिल जमा कर रहे हैं और एकमुश्त बकाया राशि जमा करने पर अधिकतम छूट का लाभ ले रहे हैं। यह योजना उन बकायादार उपभोक्ताओं के लिए वरदान बनी है जो सरचार्ज के कारण मूलधन राशि जमा नहीं कर पा रहे थे। अब उन्हें समाधान योजना के द्वितीय चरण में सरचार्ज में 50 से लेकर 90 प्रतिशत तक छूट के साथ एकमुश्त अथवा किस्तों में भुगतान करने का विकल्प मिल रहा है।

#### एक नजर मेंसमाधान योजना वर्ष 2025-26

समाधान योजना 2025-26 का उद्देश्य तीन माह से अधिक अवधि के उपभोक्ताओं को बकाया विलंबित भुगतान के सरचार्ज पर छूट प्रदान करना है। योजना में उपभोक्ता को प्रथम चरण में एकमुश्त भुगतान करने पर सबसे अधिक लाभ हुआ जबकि द्वितीय चरण के दौरान छूट का प्रतिशत कुछ कम है। यह योजना दो चरणों में प्रारंभ होकर प्रथम चरण की शुरुआत 3 नवंबर से 31 दिसंबर 2025 तक थी, जिसमें 60 से लेकर 100 प्रतिशत तक सरचार्ज माफ किया गया।

## चिंतन

# जानलेवा तंबाकू बिगाड़ रहा सेहत

तंबाकू एक ऐसा उत्पाद है जो जानलेवा तो है ही, साथ ही लोगों की आर्थिक और शारीरिक सेहत भी बिगाड़ रहा है। इसके उपयोग से लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। भारत तंबाकू उत्पादन में तीसरा सबसे बड़ा देश और विश्व स्तर पर तंबाकू का दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। भारत में तंबाकू से होने वाली मृत्यु दर प्रतिवर्ष 13.5 लाख है, इसमें 10 लाख मौतें धूम्रपान के कारण और शेष धुआं रहित तंबाकू (एसएलटी) के सेवन के कारण होती हैं। इस हिसाब से देश में हर दिन औसतन 3,700 लोगों की जान जा रही है। वहीं, कैंसर, हृदय रोग और श्वसन रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी लोगों को घेर रही हैं। दुनिया की बात करें तो अनुमानित 70 लाख मौतें रोजाना तंबाकू के कारण हो रही हैं। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक तंबाकू उपयोगकर्ताओं की आयु लगभग 15 वर्ष कम हो जाती है और इनमें से लगभग आधे उपयोगकर्ता असमय मौत का शिकार हो जाते हैं। गर्भावस्था में तंबाकू का उपयोग करने से बच्चे के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, वहीं परिवार और समाज पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता है। जीएटीएस-2 की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 28.6% (266.8 मिलियन) युवा वर्तमान में किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। वयस्क तंबाकू उपयोगकर्ताओं में 24.9% (232.4 मिलियन) दैनिक उपयोगकर्ता और 3.7% (34.4 मिलियन) कभी-कभार उपयोग करने वाले शामिल हैं। भारत में सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद खैनी है। इसे देश के करीब 36 फीसदी लोग प्रयोग करते हैं। बीड़ी दूसरा सबसे लोकप्रिय तंबाकू उत्पाद है, इसे करीब 24 फीसदी, तीसरे नंबर पर गुटका 22 फीसदी, तंबाकू युक्त पान और उत्पाद चौथे स्थान पर हैं। इन्हें करीब 18 फीसदी लोग उपयोग करते हैं। बता दें कि फ्रेमवर्क कन्वेंशन (एफसीटीसी) तंबाकू नियंत्रण के लिए सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक पहल है, जिसका नेतृत्व विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) कर रहा है। एफसीटीसी को लागू करने की एक प्रमुख रणनीति एमपीओडब्ल्यूईआर पैकेज है, जिसमें तंबाकू की मांग को कम करने के छह साक्ष्य-आधारित उपाय शामिल हैं। इनमें तंबाकू के उपयोग और रोकथाम नीतियों की निगरानी, लोगों को तंबाकू के धुएं से बचाना, तंबाकू छोड़ने में सहायता प्रदान करना, तंबाकू के खतरों के बारे में चेतावनी देना, तंबाकू के विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लागू करना और तंबाकू पर कर बढ़ाना शामिल है। भारत ने तंबाकू छोड़ने के क्षेत्र में सकारात्मक प्रगति की है, लेकिन अभी भी कई बड़ी बाधाएं मौजूद हैं। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) जैसे कार्यक्रमों और तंबाकू उत्पादों पर चेतावनी लागू करने से धूम्रपान की दर में कमी आई है, जिससे पता चलता है कि सरकार तंबाकू नियंत्रण और इस मुद्दे के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार ने तंबाकू के उत्पादों पर सबसे अधिक 28 फीसदी जीएसटी लगाया है। हाल ही में सिगरेट पर 20 फीसदी अतिरिक्त टैक्स लगाया है। 1 फरवरी 2026 से सिगरेट की प्रति 1,000 स्टिक्स पर 2,050 रुपये से 8,500 रुपये तक की ड्यूटी ली जाएगी। इसके बावजूद सेवन करने वालों की कमी नहीं है। हालांकि देश में तंबाकू नियंत्रण एक जटिल मुद्दा है और इसके लिए सरकार, समाज, और व्यक्तियों के संयुक्त प्रयास की आवश्यकता है। हमें तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू छोड़ने में लोगों की मदद करने के लिए काम करना चाहिए।



बांग्लादेश हिंसा
योगेंद्र माथुर

# यूनुस चुनाव टालने की कोशिश में तो नहीं

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल दिखाई दे रही है। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

बांग्लादेश में 12 फरवरी 2025 को चुनाव होना है लेकिन उससे ठीक डेढ़ माह पूर्व ही बांग्लादेश हिंसा, आगजनी और उपद्रव की आग में झुलसने लगा है। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार इस पर नियंत्रण कर पाने में असफल हो रही है या कहिए दिखाई दे रही है। कट्टरपंथियों द्वारा हिंदुओं के विरुद्ध जमकर हिंसा की जा रही है। भारत के विरोध के बावजूद मोहम्मद यूनुस हिंसा पर नियंत्रण करने के बजाय झूठे नैरेटिव गढ़कर भारत पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। सवाल यह है कि वर्तमान स्थिति में क्या निर्धारित समय पर वहां चुनाव हो पाएंगे? कहीं ऐसा तो नहीं कि इस हिंसा-उपद्रव की आड़ में चुनाव टालने की कोई कोशिश की जा रही है? यदि ऐसा है तो इसके पीछे कौन हो सकता है? बांग्लादेश की राजनीति को बेहतर तरीके से जानने-समझने वाले तमाम लोग अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस पर इस बात को लेकर संदेह जता रहे हैं। हालांकि मोहम्मद यूनुस ने कहा है कि चुनाव समय आने पर 12 फरवरी को ही होंगे, लेकिन बांग्लादेश की वर्तमान स्थिति देख कर उनकी बात पर सहज विश्वास करना बेहद मुश्किल है।

उधर, उस्मान हादी के भाई उमर हादी ने भी आरोप लगाया है कि उनके भाई की हत्या मोहम्मद यूनुस ने करवाई है, चुनाव टालने के लिए! अब जब उस्मान हादी के भाई ने आरोप लगाया है तो मोहम्मद यूनुस पर संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। ऐसा लगता है कि मोहम्मद यूनुस से 'सत्ता का मोह' छूट नहीं रहा है। वे सत्ता में बने रहना चाहते हैं और संभवतः इसीलिए येन-केन-प्रकारेण चुनाव टालने की जुगत में लगे हैं। यदि हिंसा व उपद्रव की पृष्ठभूमि में जाएं तो मोहम्मद यूनुस पर चुनाव टालने की कोशिशों का संदेह और अधिक गहरा हो जाता है। बांग्लादेश में अस्थिरता का नया दौर विगत वर्ष जुलाई-अगस्त में शुरू हुआ था। तब सत्तासीन शेख हसीना सरकार की कथित छात्र विरोधी नीतियों के विरुद्ध छात्र आंदोलन की शुरुआत हुई थी। कहने को यह छात्र आंदोलन था लेकिन कुछ समय में यह 'जेन जी' आंदोलन में बदलकर अंततः शेख हसीना की नीतियों, विशेषकर भारत के प्रति लगाव, का विरोध करने वाले और देश में शरीयत का कानून लागू करने की मंशा रखने वाले जमाते इस्लामी के कट्टरपंथियों के हाथों में जाता स्पष्ट रूप से दिखाई दिया था। कथित रूप से छात्रों के इस आंदोलन ने तब हिंसक रूप ले लिया था। सड़कों पर आंदोलनकारियों का उन्माद व हिंसा का भीषण रूप देखने को मिल रहा था। आंदोलनकारियों ने प्रधानमंत्री शेख हसीना के निवास सहित बड़ी संख्या में सरकारी इमारतों, स्मृति चिन्हों व नेताओं को निशाना बनाया था और जमकर तोड़फोड़, आगजनी व हिंसा की गई थी। बड़ी संख्या में भारत समर्थक नेता, पत्रकार और हिंदुओं को इस हिंसा में अपने प्राण तक गंवाने पड़े थे। इस हिंसा व अराजकता के बीच 5 अगस्त 2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने पद से त्यागपत्र देकर देश छोड़ना पड़ा और भारत में शरण लेनी पड़ी थी।

उस समय सेना व कुछ विपक्षी नेताओं के हस्तक्षेप के बाद आंदोलन समाप्त हुआ था और देश में अगले चुनाव होने तक नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में अंतरिम सरकार सत्ता पर काबिज हुई थी। उस समय यह कहा गया था कि अनुकूल समय आने पर आम



चुनाव करा कर देश में लोकतंत्र की बहाली की जाएगी। बाद में चुनाव की यह तारीख 12 फरवरी 2026 घोषित की गई है। चुनाव की तारीख निर्धारित होने के बाद मोहम्मद यूनुस ने सत्ता में बने रहने की अपनी रणनीति पर तेजी से काम करना शुरू कर दिया है, ऐसा हाल के घटनाक्रमों से समझा जा सकता है। मोहम्मद युनुस शुरू से अपने भारत विरोध के लिए जाने जाते रहे हैं। भारत विरोध उन्हें जनता में लोकप्रिय और सत्ता में बने रहने का 'रामबाण' उपाय मालूम होता दिखता है और संभवतः इसीलिए अंतरिम सरकार के मुखिया बनने के बाद से अब तक वे तरह तरह से भारत के विरुद्ध दुष्प्रचार में लगे रहे हैं। शेख हसीना के तख्तापलट के बाद भारत ने उनके साथ संबंध मधुर बनाने की अपने तई कई कोशिशें की हैं लेकिन उनके भारत विरोधी व्यवहार में कोई परिवर्तन होता नहीं दिखा, बल्कि उनके शासन में जमकर भारत विरोधी भावना भड़काने के षड्यंत्र व प्रयास होते रहे हैं। गत नवंबर माह में शेख हसीना को बांग्लादेश की अंतराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल द्वारा मौत की की सजा सुनाई जाने के बाद मोहम्मद यूनुस ने प्रत्यार्पण संधि का हवाला देते हुए भारत से तुरंत शेख हसीना को वापस बांग्लादेश भेजने की मांग की थी और भारत पर कई आरोप भी मड़ दिए थे। ऐसा इसलिए कि वहां जनता को, विशेषकर छात्रों को ऐसा मालूम न हो कि वे ( मोहम्मद युनुस ) शेख हसीना व भारत के प्रति किसी प्रकार का नरम रवैया अपना रहे हैं और शेख हसीना को वापस बांग्लादेश लाने के कोई प्रयास नहीं कर रहे हैं। दूसरी तरफ बांग्लादेश में शेख हसीना की पार्टी आवामी लीग के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है और इसी के साथ बांग्लादेश जमाते इस्लामी को मान्यता प्रदान कर चुनाव में लड़ने की अनुमति दे दी गई है। इस तरह उन्होंने वहां की एक बड़ी व सर्वाधिक समय तक सत्तासीन रही पार्टी को चुनावी मैदान से बाहर करने के साथ जमाते इस्लामी के जरिए सत्ता में बने रहने का एक रास्ता भी बना लिया है। इसके पीछे उनकी सोच संभवतः यह लगती है कि जमाते इस्लामी यदि सत्ता में आती है तो उनका राष्ट्रपति बनना बेहद आसान रहेगा। शेख हसीना के कार्यकाल में जेल में निरुद्ध जमाते इस्लामी के सदस्यों को जेल से बाहर कर वे इसके साथ मधुर संबंधों की कड़ी पहले ही जोड़ चुके हैं। अब देश में चुनाव लड़ने के लिए खालिदा जिया के नेतृत्व वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी मैदान में बची रह जाती है। चुनाव में भाग लेने के लिए खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल बाद विदेश से बांग्लादेश लौट आए हैं। फिलहाल मोहम्मद युनुस इस पार्टी से कोई खास खतरा महसूस कर रहे हों, ऐसा नहीं दिखता। ऐसा इसलिए भी कि हाल के कुछ महीनों में सक्रियता के अभाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अपेक्षा जमाते इस्लामी की ओर लोगों का झुकाव अधिक बढ़ते देखा गया है। भारत विरोधी भावना का यह ज्वार व वहां के अल्पसंख्यक हिंदुओं के विरुद्ध जारी हिंसा बताती है कि इस आरोप से मोहम्मद यूनुस पर किसी भी तरह का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा है। शेख हसीना के तख्तापलट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले छात्र संगठन इंकलाब मोर्चे के सूत्रधारों में प्रमुख शरीफ उस्मान हादी ही मैदान में सबसे प्रबल उम्मीदवार दिख रहे थे, लेकिन हादी की भी हत्या हो चुकी है। समझा जा सकता है कि मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बांग्लादेश की ताजा हिंसा पर नियंत्रण न कर इसे अपनी असफलता दर्शा रही है लेकिन इसका असली उद्देश्य कुछ और है। यदि हिंसा, उपद्रव का दौर कुछ दिन और इसी तरह चलता रहता है तो उन्हें चुनाव टालने का, दुनिया को दिखाने-करने के लिए बहाना आसानी से मिल जाएगा। आगे बांग्लादेश की स्थिति क्या मोड़ लेगी, इस पर भी बहुत कुछ निर्भर करेगा।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## आर्थिकी
डॉ. जयंतीलाल भंडारी



# नए साल में भारत होगा सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार

इन दिनों प्रकाशित हो रही दुनिया के उपभोक्ता बाजारों से संबंधित रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि वर्ष 2026 में भारत ऊंची विकास दर, सस्ते कर्ज, महंगाई में कमी, कर सुधार और बढ़ी हुई क्रय शक्ति से दुनिया के सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में उभरकर दिखाई दे सकता है। वैश्विक परामर्श कंपनी बीसीजी की 'ग्लोबल कंज्यूमर रडार' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय उपभोक्ता मौजूदा आर्थिक मंदी और भू-राजनीतिक संघर्षों से अप्रभावित है और भारत 2026 में दुनिया का सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार रहेगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि सिंगापुर टूरिज्म बोर्ड के आंकड़ों के मुताबिक भारत से आने वाले सैलानी सिंगापुर में सबसे ज्यादा खर्च करने वाले लग्जरी ग्राहकों में शामिल हैं। गौरतलब है कि नए वर्ष में भारतीयों को महंगाई घटने और ब्याज दरों में कमी से खरीदारी में नई शक्ति मिलती हुई दिखाई देगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के द्वारा मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो रेट में की गई कटौती के बाद रेपो रेट अब 5.25 प्रतिशत हो गई है। इस समीक्षा बैठक में कहा गया है कि देश में इस समय महंगाई रिकॉर्ड निचले स्तर 2.2 फीसदी पर है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ का अनुमान 7.3 फीसदी है।

भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत रफ्तार पकड़ रही है और आगे भी यही रुझान बना रहने की पूरी उम्मीद है। साथ ही रिजर्व बैंक ने जनवरी 2026 में बैंकिंग सिस्टम में पैसों की कमी को दूर करने, नकदी लंबे समय तक बनाए रखने के लिए 3 लाख करोड़ रुपये डालना सुनिश्चित किया है। रिजर्व बैंक के द्वारा 5 दिसंबर को ब्याज दरों में कटौती के मद्देनजर रेपो रेट में 25 आधार अंक की जो कटौती की गई है, उसका लाभ बैंकों के द्वारा विभिन्न वर्ग के ग्राहकों तक पहुंचाया जाना शुरू हो गया है। ऐसे में तेजी से आगे बढ़ रहे सुकूनदेह आर्थिक परिदृश्य के मद्देनजर आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मार्च 2026 में रेपो रेट में कमी की संभावना भी उभरकर दिखाई दे रही है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2026 में महंगाई में कमी रहने की संभावना से देश का उपभोक्ता बाजार मजबूत होगा। निसंदेह रिजर्व बैंक के द्वारा ब्याज दर और घटाए जाने की संभावना का एक खास कारण महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण भी है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की ओर से 12 दिसंबर को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई नवंबर, 2025 में 0.71 फीसदी के स्तर पर पहुंच गई। अक्टूबर में यह 0.25 फीसदी रही थी। इस वृद्धि के बावजूद खुदरा महंगाई लगातार 10वें महीने आरबीआई के चार फीसदी के लक्ष्य के नीचे रही। साथ ही, यह लगातार दूसरा महीना है, जब यह एक फीसदी से भी कम रही। इससे पहले खुदरा महंगाई सितंबर में एक फीसदी से अधिक यानी 1.44 फीसदी रही थी। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय विभिन्न शोध रिपोर्टों में यह भी कहा जा रहा है कि खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन और अच्छे मानसून के बाद कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को मिली अनुकूलताओं के कारण आगामी महीनों में भी महंगाई में और कमी आने की उम्मीद है। वर्ष 2024-25 में देश में 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारत के आर्थिक परिदृश्य से संबंधित विभिन्न अध्ययन रिपोर्टों में यह तथ्य रेखांकित हो रहा है कि चालू वित्त वर्ष में ग्रामीण भारत से अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। इन रिपोर्टों में यह बताया जा रहा है कि गांवों में खपत तेजी से बढ़ रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि इस समय जब अमेरिका और यूरोप सहित पूरी दुनिया के कई देशों में महंगाई आर्थिक-सामाजिक चिंता का कारण बन गई है, तब भारत पूरी दुनिया के लिए एक ऐसी नजीर बन गया है, जहां खुदरा महंगाई लगातार एक फीसदी से नीचे स्तर पर है और विकास लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में इस समय भारत में महंगाई में तेज गिरावट से सस्ते कर्ज की राह आसान हुई है और इससे उपभोक्ता बाजार तेजी से आगे बढ़ेगा। निश्चित रूप से ब्याज दर घटाए जाने के कारण सस्ते कर्ज से वर्ष 2026 में आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने के लिए सकारात्मक संदेश होगी। उम्मीद करें कि भारत में महंगाई में कमी और ब्याज दरों में कटौती भारतीय उपभोक्ताओं को नई आशावादी शक्ति देगी और भारत में उपभोक्ताओं की बड़ी हुई क्रय शक्ति भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए घरेलू खपत बढ़ाने में अहम भूमिका निभाते हुए दिखाई देगी। वर्ष 2026 में ईएमआई घटने से आम आदमी की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा और इससे भारत दुनिया में सबसे आशावादी उपभोक्ता बाजार के रूप में आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा और देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ेगी।

( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
## दर्शन

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया - गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।। राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# पति-पत्नी के बीच अविश्वास नहीं होना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

शिव जी और सती को रास्ते में श्रीराम दिखाई दिए। श्रीराम सीता के वियोग में रो रहे थे। शिव जी ने श्रीराम को दूर से ही प्रणाम किया और देवी सती से कहा कि तुम भी भगवान को प्रणाम करो। सती ने सोचा कि जो व्यक्ति रो रहा है, वह भगवान कैसे हो सकता है। शिव जी ने समझाया कि आप श्रीराम पर संदेह न करें, वे भगवान ही हैं। शिव जी तो वहां से चले गए, लेकिन देवी सती ने सोचा कि वे श्रीराम की परीक्षा लेंगी। ऐसा सोचकर वे सीता का रूप धारण करके श्रीराम के सामने पहुंच गईं। श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया, प्रणाम किया और पूछा कि देवी आप अकेली आई हैं, भगवान शिव कहां हैं। श्रीराम की बात सुनकर सती लज्जित हो गईं और चुपचाप शिव जी के पास लौट आईं। इसके बाद शिव जी ने देवी सती का मानसिक त्याग कर दिया था। इस घटना के कुछ समय बाद देवी सती के पिता ने एक यज्ञ का आयोजन किया था। यज्ञ में दक्ष ने शिव-सती को छोड़कर सभी देवी-देवताओं को बुलाया था। जब ये बात सती को मालूम हुई तो उन्होंने शिव जी से पिता के यहां जाने की अनुमति मांगी। शिव जी ने सती को समझाया कि हमें ऐसे आयोजन में बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए, लेकिन सती ने शिव जी की बात नहीं मानी और पिता के यहां यज्ञ में चली गईं। सती जब यज्ञ स्थल पर पहुंची तो दक्ष ने सती के सामने ही शिव जी का अपमान करना शुरू कर दिया। सती ये सहन नहीं सकीं और यज्ञ कुंड में कूदकर देह त्याग दी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### नववर्ष पर कैलेंडर के साथ सोच भी बदलें

नववर्ष पर हमें अपनी स्वार्थी, संकीर्ण और नकारात्मक सोच भी बदलनी चाहिए, तभी यह वर्ष हर किसी के लिए मंगलमय और समाज, देश में एक नया अच्छा परिवर्तन लेकर आएगा। एडिथ लाव्जोय पीयर्स ने कहा है कि, नववर्ष एक खाली पन्नों की किताब की तरह खड़ा होता है, अब यह हमारे ऊपर निर्भर होता है कि हम उस पहले पन्ने पर क्या लिखेंगे। इस किताब को अवसर कहते हैं और पहला पन्ना पहला दिन है। नववर्ष 2026 का अंग्रेजी महीना आरंभ हो गया। नया वर्ष, नयी उमंग लेकर आता है। नववर्ष पर हम एक-दूसरे को बधाइयां देते हैं, बहुत से लोग इस दिन धार्मिक स्थलों की यात्रा कर इस वर्ष में सब कुछ मंगलमय हो, यह कामना करते हैं। बहरहाल, नया साल सभी के लिए शुभ हो।

*- संजय यादव, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### प्रचंड जनाक्रोश



पश्चिम बंगाल में टीएमसी के भ्रष्टाचार, हिंसा, तुष्टीकरण और कुशासन के खिलाफ प्रचंड जनाक्रोश है, जो कि 'परिवर्तन' का बहुत बड़ा संकेत है। आने वाले तीन महीनों में हमारे कार्यकर्ता एकजुट होकर हर बूथ पर कमल खिलाएँगे और प्रदेश में भाजपा की मजबूत सरकार बनाएँगे।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

### जी राम जी योजना



विकसित भारत - जी राम जी योजना अंतर्गत कम से कम 33% कार्य महिलाओं को देना अनिवार्य है, इससे ज्यादा होने पर कोई रोक नहीं है। इसमें बहनों के हितों को भी सुरक्षित रखने की कोशिश की गई है।

**-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री**

### टीएमसी का सफर



'मां, माटी, मानुष' की सेवा के लक्ष्य के साथ टीएमसी का सफर एक जनवरी, 1998 को शुरू हुआ था। आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति अडिग और प्रतिबद्ध है। टीएमसी देश के हर व्यक्ति के अधिकार की लड़ाई के लिए पूरी तरह संकल्पित रहेगी।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

### ब्रांडेड चीनी मुफ्त



दिल्ली के 65,883 अंत्योदय परिवारों को अब पैक्ड और ब्रांडेड चीनी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल अंत्योदय से राष्ट्रोदय की उस भावना को सशक्त करती है, जिसमें समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की गरिमा सर्वोपरि है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# अफगान सीमा बंद करने से पाक में आतंकी हमले कम

पाकिस्तान में अफगानिस्तान से लगती सरहद बंद करने के बाद सीमा पार आतंकवादी हमलों और हिंसा से संबंधित मौतों में काफी कमी आई है, लेकिन वर्ष 2025 एक दशक में 'सबसे हिंसक' साल था। एक थिंक टैंक ने यह जानकारी दी। अफगानिस्तान के साथ झड़पों के बाद पाकिस्तान ने पिछले साल 11 अक्टूबर को अपनी सीमा बंद कर दी थी। इसका कारण यह आरोप था कि अफगानिस्तान आतंकवादियों द्वारा अपनी धरती के इस्तेमाल को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहा है। 'डॉन' अखबार ने थिंक टैंक 'सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज' (सीआरएसएस) द्वारा एकत्रित आंकड़ों के आधार पर बताया कि दिसंबर में आतंकवादी हमलों में लगभग 17 प्रतिशत की कमी आई, जबकि नवंबर में इसमें नौ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी। इसने कहा है कि 2025 की आखिरी तिमाही में असैन्य नागरिकों और सुरक्षा अधिकारियों में आतंकवाद से जुड़ी मौतों में भी गिरावट आई है। यह नवंबर में चार फीसदी और दिसंबर में 19 प्रतिशत कम हुई। हालांकि, सीआरएसएस के आंकड़ों से पता चला है कि समग्र हिंसा में लगभग 34 फीसदी का इजाफा हुआ है और वर्ष 2025 पाकिस्तान के लिए एक दशक में सबसे हिंसक साल साबित हुआ।



## ऑफ बीट

# आइसक्रीम का 2,500 साल पुराना इतिहास

आइसक्रीम बनाने से पहले बर्फ के उत्पादन और भंडारण की विश्वसनीय तकनीक जरूरी थी, जो सबसे पहले 550 ईसा पूर्व में फारस (आधुनिक ईरान) में विकसित हुई। प्राचीन फारसियों ने रेगिस्तानी इलाकों में 'यखचाल' नामक बड़े, मधुमक्खी के छत्ते जैसे पत्थर के ढांचे बनाए। इनमें गहरी, इंसुलेटेड भूमिगत संरचनाएं होती थीं, जिससे साल भर बर्फ संग्रहित की जा सकती थी। इस संग्रहित बर्फ से फलों के शरबत, शोरबे और 'फलूदा' (गुलाब जल और सेवइयों से बनी जमी हुई मिठाई) जैसे व्यंजन बनाए जाते थे। लगभग 650 ईस्वी में फारस पर अरब विजय के बाद यह तकनीक मध्य पूर्व में फैल गई। इसी तकनीक से सीरिया में 'बूज़ा' और फारस में 'बस्तानी' जैसी खिंचावदार आइसक्रीम तैयार की गई। इसी काल में चीन के तांग राजवंश (618–907) के दौरान 'सुशन' नामक जमी हुई मिठाई विकसित हुई, जिसे कवियों ने मुंह में पिघलने वाली, तरल और ठोस के बीच की बनावट वाला बताया। जमाने के साथ फ्रीजिंग की तकनीक में बदलाव आया। 1558 में नेपल्स में जियाम्बातिस्ता डेला पोर्ता की पुस्तक जिसमें बर्फ में शोरा (पोटैशियम नाइट्रेट) मिलाकर तरल पदार्थों को तेजी से ठंडा करने की विधि बताई गई। 17वीं सदी में नमक, पानी और बर्फ के मिश्रण से भी इसी तरह का प्रभाव सामने आया।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# सियासत में फेरबदल...बंगाल में अकेले चुनाव मैदान में उतर सकती है कांग्रेस!

## राज्य में वाम मोर्चे से अलग होकर चुनाव लड़ने पर हो रहा गंभीरता से विचार

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की सियासत में बड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है। कांग्रेस पार्टी आगामी विधानसभा चुनावों में वाम मोर्चे से अलग होकर अकेले चुनाव लड़ने पर गंभीरता से विचार कर रही है। पार्टी के भीतर इसे लेकर मंथन तेज हो गया है और संकेत मिल रहे हैं कि कांग्रेस अब अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को फिर से मज़बूत करने की रणनीति पर आगे बढ़ सकती है।

सूत्रों के अनुसार, पिछले चुनावों में वाम मोर्चे के साथ गठबंधन के बावजूद कांग्रेस को अपेक्षित सफलता नहीं मिल सकी। 2021 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और वाम मोर्चा दोनों ही खाता खोलने में नाकाम रहे थे, जिससे पार्टी के अंदर गठबंधन की उपयोगिता पर सवाल उठे। कांग्रेस नेताओं का मानना है कि राज्य में तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी लड़ाई के कारण तीसरे मोर्चे की राजनीति कमजोर हुई है। ऐसे में पार्टी अब जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत कर, अपने बलबूते जनता के बीच जाने की तैयारी कर रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि बंगाल में कांग्रेस की ऐतिहासिक भूमिका रही है और मतदाता आज भी एक वैकल्पिक राजनीतिक ताकत की तलाश में हैं। अकेले चुनाव लड़ने से पार्टी को अपनी नीतियों और विचारधारा को स्पष्ट रूप से जनता के सामने रखने का अवसर मिलेगा। हालांकि, इस मुद्दे पर अंतिम फैसला पार्टी आलाकमान की मंजूरी के बाद ही लिया जाएगा। आने वाले दिनों में कांग्रेस की रणनीति बंगाल की राजनीति की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती है।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, पश्चिम बंगाल में तृणमूल की साथ गठबंधन में जाने से केरल में वाम मोर्चे के साथ भिड़ने में मुश्किल होगी क्या? इस पर विमर्श चल रहा है। पश्चिम बंगाल में वाम मोर्चे के साथ जाने पर लाभ हानि के गुणा भाग पर भी काम हो रहा है। केरल में वाम मोर्चे की अगुवाई वाली एलडीएफ और कांग्रेस की अगुवाई वाली यूडीएफ आमने सामने है। वाम दलों के साथ पश्चिम बंगाल चुनाव कांग्रेस ने 2016 में लड़ा था जिसमें कांग्रेस को 44 और वाम मोर्चा को 26 सीटें मिली थी। 2021 में गठबंधन के दोनों दलों को खाता खोलना भी भारी पड़ा था। भाजपा का सूबे में पूरी तरह अभ्युदय हो चुका था। 2016 में 3 सीटें हासिल करने वाली भाजपा 2021 के चुनाव में 77 सीटों पर फतह हासिल कर 38 फीसदी पाने का आश्चर्यजनक सफलता पाई थी।

अगले साल 2026 में पश्चिम बंगाल के चुनाव में कांग्रेस के अधिकांश नेता अकेले ही चुनावी मैदान में कूदने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं। एक नेता ने कहा, राज्य में कांग्रेस के पास खोने को कुछ नहीं। पाने को सबकुछ है। लेकिन विपक्षी गठबंधन की दुहाई देकर अन्य विपक्षी दलों ने तृणमूल के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ने का दबाव बनाया हुआ है ताकि भाजपा के खिलाफ विपक्षी वोटों का बिखराव न हो।

## पश्चिम बंगाल एसआईआरः मतदाता 7 करोड़ और आपत्तियां महज 8

**नई दिल्ली(हरिभूमि ब्यूरो)।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जानकारी देते हुए बताया है कि पश्चिम बंगाल में जारी ड्राफ्ट मतदाता सूची को लेकर अब तक केवल 8 दावे और आपत्तियां ही प्राप्त हुई हैं। यह आंकड़ा तब सामने आया है, जब राज्य में कुल मतदाताओं की संख्या 7 करोड़ से अधिक है। सीसीआई के अनुसार मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद नागरिकों को नाम जोड़ने, संशोधन कराने या आपत्ति दर्ज कराने का अवसर दिया जाता है। इतने बड़े मतदाता आधार वाले राज्य में बेहद कम संख्या में दावे और आपत्तियां मिलना यह दर्शाता है कि ड्राफ्ट रोल की तैयारी व्यापक और संतोषजनक रही है। आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर अपनी प्रविष्टियों की जांच अवश्य करें और यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित फॉर्म के माध्यम से दावा या आपत्ति दर्ज कराएं। निर्वाचन आयोग का कहना है कि शुद्ध, समावेशी और त्रुटिरहित मतदाता सूची लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बुनियाद है। ईसीआई के इस ताजा आंकड़े को मतदाता सूची की गुणवत्ता और प्रशासनिक तैयारियों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। ये बात अलग है कि एसआईआर को लेकर बंगाल में जबरदस्त राजनीतिक सरगर्मी पैदा करने की कोशिश टीएमसीके नेताओं द्वारा बार बार किया गया था। यही वजह है कि चुनाव आयोग सूबे में हो रहे एसआईआर प्रक्रिया के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरत रहा है ताकि कोई जायज मतदाता छूटे नहीं और किसी नाजायज निवासी को वोट डालने का हक नहीं मिल सके।

## खबर संक्षेप

### राहुल की तुलना श्री राम से,भड़के निरुपम

**मुंबई।** कांग्रेस नेता नाना पटोले ने राहुल गांधी के कार्यों की तुलना भगवान राम से की, जिस पर



राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। शिवसेना नेता संजय निरुपम ने इस तुलना को हास्यास्पद बताते हुए कांग्रेस के आचरण को 'रावण' जैसा करार दिया। संजय ने कहा कांग्रेस सदैव राम विरोधी रही है।

### कार ने 6 को कुचला 1 की मौत, कई घायल

**मिर्जापुर।** यूपी के मिर्जापुर में कंबल वितरण के दौरान एक कार ने 6लोगों को कुचल दिया। एक



व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 5 लोग बुरी तरह से घायल हो गए। इस पर लोगों ने चौकी में भी तोड़फोड़ की। घटना अदलहाट थाना क्षेत्र के भुइली गांव के पास की है। अदलहाट शेरवा मार्ग पर कंबल वितरण का आयोजन था।

### पिता ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर आत्महत्या की

**उय्यालावाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उय्यालावाड़ा से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने 3 नाबालिग बेटों की हत्या कर दी और फिर खुद ही अपने घर में फांसी का फंदा बनाकर खुद भी आत्महत्या कर ली। घटना नंदयाल जिले की है।

## पीएम मोदी ने लिखा तिरुवनंतपुरम के नए मेयर राजेश को पत्र

# केरल के लिए यह खास उपहार, कार्यकर्ताओं की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम

### इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया

**नए साल की शुरुआत पर दी बधाई**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

नए साल की शुरुआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम के नवनिर्वाचित मेयर वीवी राजेश को पत्र लिखकर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे केरल के लिए नए साल का विशेष उपहार बताया और इस सफलता को वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम बताया है। पत्र में पीएम मोदी ने मेयर वीवी राजेश और उपमेयर जीएस आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि को पार्टी के लिए ऐतिहासिक करार दिया। पीएम मोदी ने तिरुवनंतपुरम से अपने भावनात्मक जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा कि यह शहर हर मलयाली के दिल में विशेष स्थान रखता है। यह श्री पद्मनाभस्वामी के आशीर्वाद से पवित्र है और राजधानी होने के साथ-साथ विचारकों, समाज सुधारकों, कलाकारों, कवियों, संगीतज्ञों और संतों की भूमि रही है। ऐसे महान शहर का भाजपा को आशीर्वाद देना विनम्र करने वाला अनुभव है।

उपमेयर आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और नवनिर्वाचित पार्षदों और कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं

**'विकसित तिरुवनंतपुरम' का विजन हर वर्ग तक पहुंचा**



प्रधानमंत्री मोदी



मेयर वीवी राजेश

पीएम मोदी ने कहा कि 'विकसित तिरुवनंतपुरम' का भाजपा का विजन शहर के हर वर्ग तक पहुंचा है। लोगों ने केंद्र के कामकाज और राज्यों में शहरी विकास के प्रयासों को देखा है, इसी कारण उन्होंने भाजपा को समर्थन दिया।

### केरल में एक 'नए सवेरे' का संकेत

प्रधानमंत्री ने लिखा कि यह जीत सिर्फ एक चुनावी सफलता नहीं, बल्कि एक ऐसा मील का पत्थर है जिसे सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। केरल में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों तक कठिन परिस्थितियों में संघर्ष किया है। राज्य की राजनीति लंबे समय से एलडीएफ और यूडीएफ के हाथों में रही है, जिनके शासन में भ्रष्टाचार और हिंसा की संस्कृति पनपी। इसके बावजूद भाजपा कार्यकर्ता डटे रहे, लोगों की समस्याएं उठाईं।

### केरल झूठे वादों की राजनीति से अलग हो रहा

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा-एनडीए अब केरल में जनता का विकल्प बनकर उभर रही है। उन्होंने एलडीएफ और यूडीएफ पर तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली में दोस्त और केरल में प्रतिद्वंद्वी होने का उनका 'फिक्स्ड मैच' अब खत्म होने वाला है। केरल अब झूठे वादों से मुक्त होना चाहता है।

### नारायण गुरु, अय्यंकाली और पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया

प्रधानमंत्री ने श्री नारायण गुरु, महात्मा अय्यंकाली और मन्नाथु पद्मनाभन के विचारों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि निस्वार्थ सेवा, गरीबों और वंचितों की चिंता तथा महिलाओं का सशक्तीकरण जैसे मूल्य तिरुवनंतपुरम के प्रशासन की प्रेरणा बनने चाहिए। राजेश और उनकी टीम 'ईज ऑफ लिविंग' को आगे बढ़ातएगी।

### पत्र को अमित मालवीय ने भी एक्स पर शेयर किया

इस पत्र को भाजपा आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने भी 'एक्स' पर शेयर किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश केरल और भाजपा दोनों के लिए गर्व का क्षण है। यह उपलब्धि प्रधानमंत्री के नेतृत्व और भाजपा के विजन पर जनता के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है और राज्य में शहरी शासन के एक नए अध्याय की शुरुआत का संकेत देती है।

पीएम ने दी सिंधिया को जन्मदिन की बधाई

### पूर्वोत्तर भारत में किए गए कामों को सराहा दीर्घायु की कामना की

पीएम मोदी ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। पीएम मोदी ने पूर्वोत्तर भारत में लोगों की जिंदगी बेहतर बनाने की दिशा में उनके प्रयासों को सराहा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, केंद्रीय मंत्री सिंधिया को जन्मदिन की बधाई। वे टेलीकॉम सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए जुटे हैं।

### सिंधिया ने पीएम मोदी का किया धन्यवाद

सिंधिया ने पीएम मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि



प्रधानमंत्री जी शुभकामनाओं और आशीर्वाद के लिए धन्यवाद। आपकी लीडरशिप और जनसेवा की से प्रेरित होकर मैं विकसित भारत बनाने में कमी नहीं करूंगा।

**शिवराज ने कहा- 15 दिन में भुगतान नहीं हुआ, तो मजदूर को अतिरिक्त मजदूरी ब्याज के रूप में मिलेगी**

## जी राम जी के तहत गांव का कोई भी काम कराया जा सकता है, फैसला ग्राम सभा करेगी



केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री ने महाराष्ट्र के अहमदनगर के लोनी बुद्रुक में ग्रामीण जनों, श्रमिक, मजदूर भाई-बहनों के साथ किया संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि विकसित भारतः जी राम जी एक्ट, 2025 के तहत गांव की ज़रूरत का कोई भी काम कराने का फैसला अब ग्राम सभा द्वारा ही लिए जा सकेंगे। अब गांव की जरूरतों के अनुसार काम होगा, यही इस योजना की आत्मा है। इस एक्ट के लागू होने से गांव में जल संरक्षण, इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम, आजीविका मूलक गतिविधियों तथा प्राकृतिक आपदाओं से बचाव आदि के काम किए जा सकेंगे। चौहान ने महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के लोनी बुद्रुक में एक विशेष ग्राम सभा में भाग लिया। चौहान ने सरपंचों और ग्राम पंचायत के लोगों को अधिनियम के प्रावधानों के बारे बताया। इस पूरे कार्यक्रम का देश भर में वेबकास्ट किया गया। आम जनता, स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, किसानों आदि सहित लोगों ने कार्यक्रम देखा।

चौहान ने बताया कि नया फ्रेमवर्क 125 दिन के काम की गारंटी के ज़रिए मज़दूर के रोज़गार के अधिकार को पक्का करता है। योजना के अतिरिक्त फायदों पर ज़ोर देते हुए मंत्री ने कहा कि यह नया कानून मनरेगा के प्रावधानों को मज़बूत करके पेश किया गया है, ताकि कार्यक्रम को ज़्यादा मज़बूत, असरदार और पारदर्शी बनाया जा सके। विकसित भारत- जी राम जी एक्ट, 2025 के तहत 100 नहीं, बल्कि 125 दिनों के काम की कानूनी गारंटी दी गई है और काम न मिलने की स्थिति में बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को और सशक्त बनाया गया है। चौहान ने आगे बताया कि इस कानून के तहत अब मज़दूरी एक सप्ताह के भीतर देना अनिवार्य है। साथ ही अगर 15 दिन में भुगतान नहीं हुआ, तो मज़दूर को 0.05% अतिरिक्त मज़दूरी ब्याज के रूप में दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पहले देरी पर कुछ नहीं मिलता था, अब देरी करने वालों को उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।

**जांच समिति मामले की विस्तृत रिपोर्ट एक माह में सौंपेगी**

## श्रम विभाग में उजागर अनियमितताओं पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सख्त एक्शन

### मुख्यमंत्री के आदेशानुसार मामले की जांच के लिए उच्चस्तरीय जांच समिति गठित

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा के श्रम विभाग में कार्य पर्चियों के सत्यापन और श्रमिकों के पंजीकरण से जुड़ी अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए सीएम नायब सिंह सैनी ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार इस मामले की गहन जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है, जो एक माह के भीतर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सरकार को सौंपेगी।

मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि श्रम मंत्री हरियाणा द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मामले की जानकारी दी गई थी, परंतु मुख्यमंत्री कार्यालय में ऐसा कोई पत्र प्राप्त नहीं हुआ था। हालांकि, विभाग द्वारा इस विषय पर एक फाइल प्रस्तुत की गई थी, जिसमें मुख्यमंत्री को सूचित किया गया कि विभाग ने मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है और 13 जिलों की रिपोर्ट तैयार है, लेकिन शेष नौ जिलों की रिपोर्ट लंबित हैं। इसलिए विभाग ने सूचित किया कि शेष जिलों की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने इस मुद्दे को गंभीरता से लिया और अगले ही दिन फाइल वापस भेज दी तथा श्रम मंत्री से सभी जिलों की पूर्ण रिपोर्ट, वित्तीय हानि के सही आंकड़ों समेत प्रस्तुत करने को कहा। हालांकि, रिपोर्ट अभी तक लंबित है। यह मुद्दा निर्माण श्रमिकों और श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत उन्हें मिलने वाले लाभों से संबंधित है। आरोप लगाया गया है कि जिन कार्यों पर उन्होंने श्रम किया था, वे सही नहीं हैं, इसलिए उनका भवन निर्माण श्रमिक के रूप में दर्ज होना संदिग्ध प्रतीत होता है। सीएम ने पंकज अग्रवाल, आईएएस की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समिति गठित की है, जिसमें आईएएस राजीव रतन और आईपीएस पंकज नैन हैं। यह समिति पूरे मामले की जांच करेगी और विभिन्न अधिकारियों तथा अन्य लोगों द्वारा की गई अनियमितताओं का पता लगाएगी। इसके अलावा, यह समिति विभाग को सुधारात्मक या निवारक उपायों की भी सिफारिश करेगी, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना न हो। यह समिति सभी तथ्यों की जांच कर एक माह में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

**एनएचएआई ने जारी किया नया आदेश**

## 1 फरवरी 2026 के बाद जारी होने वाले नए फास्टैग वाली कारों के लिए केवाईवी बंद

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने 1 फरवरी 2026 से सभी नए जारी किए गए फास्टैग वाली कारों (कार/जीप/वैन श्रेणी फास्टैग) के लिए 'नो योर व्हीकल (केवाईवी)' की प्रक्रिया को बंद करने का फैसला किया है। सक्रिय किए जाने से पहले सत्यापन की पूरी जिम्मेदारी जारीकर्ता बैंकों को सौंपकर, एनएचएआई का लक्ष्य राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले लोगों को परेशानी से मुक्त अनुभव प्रदान करना है।

यह सुधार सड़क का उपयोग करने वाले उन लाखों आम लोगों को बड़ी राहत देगा, जिन्हें वाहनों के मान्य दस्तावेज होने के बावजूद फास्टैग के सक्रिय होने के बाद जारी होने के उपरांत केवाईवी संबंधी जरूरतों के कारण असुविधा और देरी का सामना करना पड़ रहा था। कारों के लिए पहले से जारी मौजूदा फास्टैग के लिए, अब केवाईवी रूटीन जरूरत के तौर पर अनिवार्य नहीं होगा। केवाईवी केवल वैसे खास मामलों में जरूरी होगा जहां ढीले फास्टैग, गलत जारी होने, या गलत इस्तेमाल से जुड़ी समस्याएं जैसी शिकायतें मिलती हैं। किसी भी शिकायत के न होने पर, मौजूदा कार फास्टैग के लिए किसी केवाईवी की जरूरत नहीं होगी।

**खास बातें**

- **अनिवार्य वाहन-आधारित सत्यापनः** फास्टैग को सक्रिय करने की अनुमति केवल वाहन डेटाबेस से वाहन के विवरण के सत्यापन के बाद ही दी जाएगी।
- **सक्रिय होने के बाद कोई सत्यापन नहींः** सक्रिय होने के बाद सत्यापन की अनुमति देने वाला पहले का प्रावधान बंद कर दिया गया है।
- **केवल असाधारण मामलों में आरसी-आधारित सत्यापनः** जहां वाहन का विवरण वाहन पर उपलब्ध नहीं है, वहां जारीकर्ता बैंकों को पूरी जवाबदेही के साथ सक्रिय किए जाने से पहले पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) का उपयोग करके विवरण को सत्यापित करना होगा।
- **ऑनलाइन फास्टैग शामिलः** ऑनलाइन चैनलों के माध्यम से बेचे जाने वाले फास्टैग भी बैंकों द्वारा पूर्ण सत्यापन के बाद ही सक्रिय किए जाएंगे।
- इन उपायों से सभी गाड़ियों का सत्यापन पहले ही पूरा हो जाना सुनिश्चित होगा, जिससे फास्टैग के सक्रिय होने के बाद ग्राहकों से बार-बार फॉलो-अप करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**विवादों के बीच मद्रास हाईकोर्ट के जज का अहम फैसला**

## स्टेन स्वामी का मेमोरियल बन सकता है तो स्मारक स्तूप बनाने में क्या दिक्कत?

### नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु में मंदिर में दीप जलाने के मुद्दे को लेकर राज्य सरकार और केंद्र में विपक्षी पार्टियों के निशाने पर आए जस्टिस जी आर स्वामीनाथन ने एक और अहम फैसला सुनाया है। मद्रास हाई कोर्ट में जस्टिस स्वामीनाथन ने 1755 में अंग्रेजों के खिलाफ लड़े नथम कनवाई युद्ध की याद में स्मारक स्तूप बनाने का रास्ता साफ कर दिया है। यह फैसला 18वीं सदी में गुलामी के दौर में भारतीयों के



प्रतिरोध की एक प्रेरक इतिहास को उदाहरण बनाता है। जस्टिस स्वामीनाथन का फैसला नथम के तहसीलदार द्वारा इस स्मारक को अनुमति न दिए जाने के बाद आया है। तहसीलदार द्वारा अनुमति न देने पर हाई कोर्ट में रिट दायर की थी।

### स्तूप स्थापना के लिए अनुमति की जरूरत नहीं

जस्टिस ने कहा कि राज्य में अगर स्टैन स्वामी की याद में पत्थर का स्तंभ लगाया जा सकता है, उसके लिए अनुमति कि आवश्यकता नहीं पड़ी, तो निश्चित रूप से नथन कनवाई युद्ध की स्मृति में स्तूप स्थापित करने किए भी किसी अनुमति की आवश्यकता नहीं है। कोर्ट ने जिन स्टेन स्वामी का जिक्र किया।

**सरकार ने श्रम संहिताओं के नियमों पर 45 दिन के भीतर मांगे सुझाव**

## महिलाओं के लिए नाइट शिफ्ट को मिला सुरक्षा कवच, श्रम संहिता के नियम जारी, एक अप्रैल से लागू हो सकते हैं इसके नए प्रावधान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली।

महिलाओं को रात्रिकालीन पाली (नाइट शिफ्ट) में काम करने की अनुमति देते हुए केंद्र सरकार ने उनकी सुरक्षा और अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए श्रम संहिता के तहत नए नियम जारी कर दिए हैं। इन नियमों के अनुसार अब महिलाएं शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट शिफ्ट में काम कर सकेंगी, लेकिन इसके लिए नियोक्ता को महिला कर्मचारी की लिखित सहमति लेना अनिवार्य होगा।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं को नाइट शिफ्ट में कार्य कराने की स्थिति में सुरक्षित और रोशन कार्यस्थल के साथ-साथ उनके आवास से कार्यालय तक आने-जाने के लिए पर्याप्त परिवहन सुविधा भी उपलब्ध करानी होगी। पिक-अप और ड्रॉप की व्यवस्था नियोक्ता की जिम्मेदारी होगी।नए नियमों के तहत सप्ताह में अधिकतम कार्य अवधि 48 घंटे तय की गई है। दैनिक कार्य घंटों, विश्राम अवधि और कार्य समय के विस्तार को लेकर अलग से अधिसूचना जारी की जाएगी। किसी भी श्रमिक से सप्ताह में 48 घंटे से अधिक कार्य नहीं कराया जा सकेगा। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार, असंगठित क्षेत्र के 16 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी श्रमिकों के लिए आधार से जुड़ा पंजीकरण अनिवार्य किया गया है। साथ ही गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के गठन का भी प्रावधान किया गया है, जिसमें संसद, राज्यों, श्रमिक संगठनों और नियोक्ताओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि श्रम संहिताओं के तहत 'वेतन' की परिभाषा को व्यापक किया गया है। यदि भत्ते और अन्य भुगतान कुल पारिश्रमिक के 50 प्रतिशत से अधिक होते हैं, तो अतिरिक्त राशि को वेतन में जोड़ा जाएगा। हालांकि, प्रदर्शन आधारित प्रोत्साहन, ईएसओपी और प्रतिपूर्ति आधारित भुगतान को वेतन का हिस्सा नहीं माना जाएगा।नियमों में निश्चित अवधि के रोजगार को भी मान्यता दी गई है। ऐसे कर्मचारियों को एक वर्ष की निरंतर सेवा के बाद ग्रेच्युटी का लाभ मिलेगा, जबकि पहले यह सुविधा स्थायी कर्मचारियों को 5 वर्ष बाद मिलती थी। ग्रेच्युटी के ये प्रावधान 21 नवंबर 2025 से प्रभावी होंगे। सरकार ने ठेकेदारों के लिए एकल इलेक्ट्रॉनिक लाइसेंस प्रणाली का भी प्रावधान किया है, जिससे एक से अधिक राज्यों या पूरे देश में कार्य करने वाले ठेकेदारों को 45 दिन के भीतर लाइसेंस स्वीकृति या अस्वीकृति की जानकारी मिल सकेगी। सरकार ने चारों श्रम संहिताओं के मसौदा नियमों पर 30 से 45 दिनों के भीतर सुझाव आमंत्रित किए हैं। अंतिम नियमों के मार्च तक अधिसूचित होने की संभावना है। 1 अप्रैल से नई श्रम संहिताएं लागू हो सकती हैं।

# परनीत-अभिषेक तीरंदाज टॉप्स कोर समूह में, डोप कलंकित रीतिका बाहर

**खबर संक्षेप**



## एमबाप्पे चोटिल, तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध

**पेरिस।** स्पेनिश क्लब रियाल मैड्रिड के स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे के बाएं घुटने में चोट लगी है और उनका तीन सप्ताह तक खेलना संदिग्ध है। रियाल मैड्रिड ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि फ्रांस के सुपरस्टार के पांव में मोच आई है, लेकिन इसमें यह नहीं बताया गया है कि वह कब तक पूरी तरह ठीक हो जाएंगे। एलइक्विप के अनुसार एमबाप्पे पिछले कुछ सप्ताह से अपने घुटने के पिछले हिस्से में लिगामेंट की समस्या से जूझ रहे थे और बुधवार सुबह किए गए एमआरआई में घाव का पता चला जिसके लिए उपचार और आराम की आवश्यकता है। यह स्ट्राइकर शानदार फॉर्म में हैं। इस महीने की शुरुआत में एमबाप्पे ने 2025 में रियाल मैड्रिड के लिए अपना 59वां गोल किया, जिससे उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो के क्लब की तरफ से एक साल में सर्वाधिक गोल करने की रिकॉर्ड की बराबरी की थी।

## टी-20 विश्व कप से पहले मलिंगा बने श्रीलंका के गेंदबाजी सलाहकार

**कोलंबो।** टी-20 विश्व कप 2026 की शुरुआत 7 फरवरी से होनी है, जो कि भारत और श्रीलंका में खेला जाना है। इस वैश्विक प्रतियोगिता से ठीक पहले श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने पूर्व दिग्गज लसिथ मलिंगा को अपनी टीम का तेज गेंदबाजी कोच सलाहकार नियुक्त किया है। बोर्ड ने माना कि मलिंगा की नियुक्ति से श्रीलंका का गेंदबाजी सेक्शन अच्छा परफार्म करेगा। बता दें कि विश्व कप में श्रीलंका ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे, आयरलैंड और ओमान के साथ शामिल है।



## कैपिटल्स और पार्ल रॉयल्स की आसान जीत

**केपटाउन।** प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एमआई केपटाउन को 85 रन से करारी शिकस्त देकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने के साथ बोनस अंक भी हासिल किया जबकि एक अन्य मैच में डेविड मिलर के नेतृत्व वाली पार्ल रॉयल्स ने सनराइजर्स ईस्टर्न केप को पांच विकेट से हराया। प्रिटोरिया कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 220 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से विहान लुब्बे ने 36 गेंदों में सात चौकों और दो छक्कों की मदद से 60 रन और शाई होप ने 30 गेंदों में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 45 रन बनाए। लेकिन वह डेवाल्ड ब्रेविस (13 गेंदों पर नाबाद 36 रन, एक चौका, चार छक्के) और शेरफेन रदरफोर्ड (15 गेंदों पर नाबाद 47, छह छक्के) के बीच केवल 27 गेंद पर 86 रन की अटूट साझेदारी थी जिससे प्रिटोरिया की टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

डोप कलंकित पहलवान रीतिका हुड्डा को खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) से बाहर कर दिया गया है जबकि कंपाउंड तीरंदाज परनीत कौर और अभिषेक वर्मा को कोर समूह में जगह मिल गई है और डेकाथलीट तेजस्विन शंकर को डेवलपमेंटल सूची में शामिल किया गया है। पिछले साल पेरिस ओलंपिक 2024 चक्र के बाद टॉप्स सूची 179 से घटाकर 94 कर दी गई थी। पिछले एक साल के प्रदर्शन को देखते हुए इसमें कुछ और बदलाव किये गए हैं। कोर ग्रुप के खिलाड़ियों की संख्या अब 118 है जिसमें 57 सामान्य और 61 पैरा एथलीट हैं।





### डोप टेस्ट में नाकाम रहीं थीं हुड्डा

एशियाई चैम्पियनशिप पदक विजेता रीतिका हुड्डा पिछले साल जुलाई में चयन ट्रायल के दौरान डोप टेस्ट में नाकाम रही थी। वह पिछले साल फरवरी में जारी टॉप्स कोर समूह का हिस्सा थी। भारतीय खेल प्राधिकरण के एक सूत्र ने हुड्डा के बारे में पूछने पर बताया अब उन्हें बाहर कर दिया गया है।'' विश्व पैरा एथलेटिक्स स्वर्ण पदक विजेता फर्राटा धाविका सिमरन को कोर समूह में रखा गया है जिनके गाइड उमर सैफी पिछले साल अक्टूबर में डोप टेस्ट में नाकाम रहे थे। सूत्र ने कहा ,'' हम आनन फानन में फैसला नहीं लेंगे। वह समूह में है और मिशन ओलंपिक सेल की अगली बैठक में उस पर चर्चा होगी।'' सिमरन पेरिस पैरालम्पिक कांस्य पदक विजेता है।



### तीरंदाजी कंपाउंड की सूची में 8 खिलाड़ी

लॉस एंजिलिस ओलंपिक में पदक के प्रबल दावेदार कंपाउंड तीरंदाजों को ताजा सूची में रखा गया है । तीरंदाजी इन खेलों का हिस्सा होगी। परनीत, अभिषेक और ज्योति सुरेखा समेत आठ कंपाउंड तीरंदाजों को कोर समूह में जगह मिली है जबकि तीन रिकर्व सितारों दीपिका कुमारी, धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत को भी इसमें शामिल किया गया है । अदिति गोपीचंद स्वामी, ओजस प्रवीण देवताले, प्रियांश, प्रथमेश जावकर और ऋषभ यादव के नाम भी सूची में शामिल हैं।

### खिलाड़ियों को मिलने वाली राशि

टॉप्स में कोर समूह के खिलाड़ियों को 50000 रूपये और डेवलपमेंटल समूह के खिलाड़ियों को 25000 रूपये 'आउट आफ पॉकेट ' भत्ता दिया जाता है। इसके अलावा विदेश में ट्रेनिंग और प्रतियोगिता के दौरान 25 डॉलर प्रतिदिन दिये जाते हैं

**एशेज सीरीज 2025-26 : पांचवा और अंतिम टेस्ट 4 से**

# सिडनी के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने 62 तो इंग्लैंड ने जीते हैं केवल 22 टेस्ट मैच, 4 से फिर होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| सिडनी

इस समय खेली जा रही एशेज सीरीज 2025-26 का 5वां और आखिरी टेस्ट 4 जनवरी, 2026 से सिडनी के मैदान पर खेला जाएगा। इस समय ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने सीरीज में 3-1 से बढ़त बनाई हुई है।

बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली टीम ने पिछले टेस्ट को जीता था और मेहमान टीम आखिरी मैच को भी जीतने की कोशिश करेगी। इस बीच सिडनी में दोनों टीमों के प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।

### सिडनी में इंग्लैंड ने खेले हैं 57 टेस्ट

सिडनी में इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कुल 57 टेस्ट खेले हैं, जिसमें से 22 मैच जीते हैं और 27 में हार का सामना किया है। इस बीच 8 टेस्ट ड्रॉ पर समाप्त हुए थे। इंग्लैंड ने यहां आखिरी बार 2011 में टेस्ट जीता था। वहीं इंग्लैंड ने इस मैदान पर उच्चतम स्कोर 644/10 (2011 में) बनाया है। इस मैदान पर इंग्लैंड का न्यूनतम स्कोर 45/10 रन है।

### ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में खेले 103 टेस्ट

कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया ने यहां 103 टेस्ट खेले हैं और उनमें से 62 में जीत हासिल की है। कंगारू टीम को 28 टेस्ट में हार मिली है और टीम ने 23 मैच ड्रा खेले हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने यहां पर पर सर्वोच्च स्कोर 659 रन बनाया है। इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का न्यूनतम स्कोर 42 रन है। ऑस्ट्रेलिया ने 2 स्कोर इंग्लैंड के खिलाफ 600 से अधिक रनों के किए हैं।



### इंग्लैंड के हैमंड, रूट व जॉर्ज का रहा अच्छा प्रदर्शन



वॉली हैमंड सिडनी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले इंग्लिश बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 161.6 की औसत से कुल 808 रन बनाए हैं। जो रूट ने यहां पर 2 मैचों में 55 की औसत से 165 रन बनाए हैं। वहीं, सिडनी में जॉर्ज लोहमैन के नाम एक इंग्लिश गेंदबाज के तौर पर सबसे बेहतरीन गेंदबाजी आंकड़े (1887 में 8/35) और सबसे ज्यादा विकेट (9.45 की औसत से 35 विकेट) लेने का रिकॉर्ड है।

### सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के रिंकी, उस्मान, नाथन का रहा है उम्दा प्रदर्शन

सिडनी में सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज रिकी पोंटिंग हैं। उन्होंने यहां 16 टेस्ट में 67.27 की औसत से 1,480 रन (शतक-6) बनाए हैं। स्टीव स्मिथ ने यहां पर 12 टेस्ट में 64.47 की औसत से 1,096 रन (शतक-4) बनाए हैं। उस्मान ख्वाजा ने 9 टेस्ट में 87.50 की औसत से 875 रन बनाए। गेंदबाजी में नाथन लियोन ने यहां पर 49 विकेट लिए हैं। मिचेल स्टार्क ने 10 टेस्ट में 27 विकेट लिए हैं।

### 5वें टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम

स्टीव स्मिथ (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, ब्रेंडन डॉगेट, कैमरन ग्रीन, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, टॉड मर्फी, माइकल नेसर, झाई रिचर्डसन, मिशेल स्टार्क, जेक वेदरल्ड, और ब्यू वेबस्टर।

**टी-20 विश्व कप**

# मिचेल मार्श संभालेंगे ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान, कमिंस शामिल



एजेंसी ▶▶| सिडनी

टी-20 विश्व कप 2026 के लिए ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की घोषणा की गई है। मिचेल मार्श की कप्तानी वाली टीम में पैट कमिंस, टिम डेविड और जोश हेजलवुड को भी चुना गया है।

बता दें कि कमिंस, डेविड और हेजलवुड फिलहाल अपनी-अपनी फिटनेस हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ मिशेल ओवेन और बेन ड्वार्शियस इस प्रारंभिक टीम में अपनी जगह नहीं बना सके हैं। भारत और श्रीलंका में खेले जाने वाले टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलियाई टीम अपने अभियान की शुरुआत 11 फरवरी को आयरलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ मैच से करेगी। ऑस्ट्रेलिया टीम ग्रुप-बी में मौजूद है।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुने गए हैं पांच स्पिनर

ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्पिनर्स से भरी टीम चुनी है, जिसमें एडम जैम्पा स्पिन विभाग की अगुआई करेंगे। उनके साथ मैथ्यू कुह्नमैन, कूपर कोनोली, ग्लेन मैक्सवेल और मैथ्यू शॉर्ट जैसे अन्य स्पिन गेंदबाजी के विकल्प शामिल हैं। युवा ऑलराउंडर कोनोली पर भी चयनकर्ताओं ने भरोसा जताया है। उन्होंने अब तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से 6 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। 22 वर्षीय ये खिलाड़ी इस समय बिग बैश लीग में खेल रहे हैं।

**चोटिल खिलाड़ियों को लेकर क्या बोले चयनकर्ता :** प्रमुख चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, टी-20 टीम ने हाल ही में लगातार सफलता हासिल की है, जिससे हमें श्रीलंका और भारत में मिलने वाली अलग-अलग परिस्थितियों के हिसाब से खिलाड़ियों का संतुलन बनाने में मदद मिली।

### ऐसी है ऑस्ट्रेलियाई टीम

टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीमः मिचेल मार्श (कप्तान), जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, पैट कमिंस, टिम डेविड, कैमरन ग्रीन, नाथन एलिस, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस, मैथ्यू कुह्नमैन, ग्लेन मैक्सवेल, मैथ्यू शॉर्ट, मार्कस स्टोइनिस, और एडम जैम्पा।

# डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और फीडर सीरीज में प्रतिस्पर्धा करेंगे 10 देशों के 334 खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| वडोदरा

वडोदरा के सामा इंडोर खेल परिसर में आज शुक्रवार से शुरू हो रहे डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर और डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज में 10 देशों के लगभग 334 खिलाड़ी खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का यह दूसरा चरण है जिसमें दो से पांच जनवरी तक अंडर-11 से अंडर-19 आयु वर्ग की प्रतिस्पर्धा होंगी। इसके बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज का आयोजन सात से 11 जनवरी तक किया जाएगा। यूथ कंटेंडर में चार देशों के 226 खिलाड़ी भाग लेंगे जबकि फीडर सीरीज में 10 देशों के 108 खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा करेंगे।



यूथ कंटेंडर की शुरुआत शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 एकल मुकाबलों से होगी। वहीं अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 वर्ग की स्पर्धाएं चार और पांच जनवरी को खेली जाएंगी। भारत ने पिछले साल डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर में शानदार प्रदर्शन किया था।

**खिलाड़ियों को मिलेगा बेहतर प्रदर्शन का मौका : मेहता**

भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के महासचिव कमलेश मेहता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''ओलंपिक और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करने के लिए अच्छी रैंकिंग जरूरी होती है।

# बिग बैश लीग में मिचेल मार्श ने 55 गेंदों में जड़ा शानदार शतक

एजेंसी ▶▶| सिडनी

पर्थ स्कॉर्चर्स और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने बिग बैश लीग 2025-26 में होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ 19वें मुकाबले में शानदार शतकीय पारी खेली। ये उनके टी-20 करियर का चौथा शतक रहा। उन्होंने सिर्फ 55 गेंदों का सामना कर अपना शतक पूरा किया। बीबीएल में इस खिलाड़ी के बल्ले से निकला यह दूसरा शतक है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

मार्श ने 58 गेंदों का सामना किया और 102 रन बनाए। उनके बल्ले से 11 चौके और 5 छक्के निकले। उनकी



स्ट्राइक रेट 175.86 की रही। उनके अलावा आरोन हार्डी ने 43 गेंदों का सामना कर 94 रन बनाए। हार्डी और मार्श ने 84 गेंदों में 164 रन की शानदार साझेदारी निभाई। इन दोनों की पारियों के दम पर पर्थ की टीम 229/3 का स्कोर खड़ा करने में सफल रही।

मार्श ने अब तक 222 टी-20 मुकाबले खेले हैं। इसकी 209 पारियों में लगभग 33 की औसत से 5,500 से अधिक रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 4 शतक के अलावा 34 अर्धशतक भी निकले हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 137.17 की रही है। ऑस्ट्रेलिया के लिए उन्होंने 81 टी-20 की 76 पारियों में 33.06 की औसत और 139.79 की स्ट्राइक रेट से 2,083 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 1 शतक और 11 अर्धशतक निकले हैं।

**डब्ल्यूपीएल 2026**

# पेरी व सदरलैंड ने नाम लिया वापस अब सयाली और अलाना खेलेंगी



एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर एलिस पेरी और एनाबेल सदरलैंड ने व्यक्तिगत कारणों से विमेंस प्रीमियर लीग 2026 से अपना नाम वापस लिया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पेरी की जगह सयाली सतघरे को टीम में शामिल किया है। सतघरे 30 लाख रुपये की रिजर्व कीमत पर आरसीबी में शामिल होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने सदरलैंड की जगह अलाना किंग को टीम में शामिल किया है।

### 60 लाख में दिल्ली में शामिल होंगी अलाना किंग

ऑस्ट्रेलियाई लेग-स्पिनर किंग पिछले सीजन में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था। उन्होंने 27 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिसमें 18.81 की औसत और 6.49 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। किंग 60 लाख रुपये की रिजर्व कीमत पर डीसी में शामिल होंगी। वहीं 25 वर्षीय सयाली ने भारत की ओर से 3 वनडे मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 35.66 की औसत के साथ 3 ही विकेट लिए हैं।

# पोंटिंग, स्मिथ व क्लॉर्क की तिकड़ी ने एशेज ही नहीं बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में भी ठोके हैं 2,000 से ज्यादा रन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच एशेज सीरीज खेली जाती है। ऐसी ही ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तौर पर ऐतिहासिक सीरीज होती है।

ये दोनों सीरीज टेस्ट प्रारूप की सबसे प्रतिस्पर्धी द्विपक्षीय सीरीज मानी जाती हैं। अब तक चुनिंदा ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ही एशेज सीरीज के साथ-साथ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 2,000 से अधिक रन बना चुके हैं। आइए इन खिलाड़ियों के बारे में जानते हैं।







### रिकी पोंटिंग

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने एशेज सीरीज में 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 44.21 की औसत के साथ 2,476 रन बनाए थे। उन्होंने इंग्लैंड के विरुद्ध 8 शतक और 9 अर्धशतक लगाए थे। पोंटिंग को भारत के खिलाफ बल्लेबाजी करना भी पसंद रहा था। उन्होंने भारतीय टीम के खिलाफ 29 टेस्ट में 54.36 की औसत के साथ 2,555 रन बनाए थे, जिसमें 8 शतक शामिल थे। वह भारत के विरुद्ध सर्वाधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हैं।

### स्टीव स्मिथ

दिग्गज बल्लेबाज स्टीव स्मिथ एशेज सीरीज में फिलहाल तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। वह इंग्लिश टीम के विरुद्ध अब तक 3,500 से ज्यादा रन बना चुके हैं। स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 23 टेस्ट खेले हैं, जिसकी 44 पारियों में 57.92 की औसत के साथ 2,201 रन बनाए हैं। स्मिथ ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 192 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 10 शतक और 5 अर्धशतक लगाए हैं।

### भारत के खिलाफ 10+ शतक जड़ने वालों में शुमार हैं स्मिथ

स्मिथ भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में कम से कम 10 शतक लगाने वाले 2 बल्लेबाजों में शुमार हैं। बता दें कि इंग्लैंड के जो रूट ने भारत के विरुद्ध सर्वाधिक 13 टेस्ट शतक लगाए हैं।

### माइकल क्लार्क

माइकल क्लार्क भी इस विशेष सूची का हिस्सा हैं। एशेज सीरीज में माइकल क्लार्क ने 35 टेस्ट खेले थे, जिसमें 40.74 की औसत के साथ 2,241 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 7 शतक और इतने ही अर्धशतक लगाए थे। वहीं, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में क्लार्क ने 22 टेस्ट खेले थे, जिसमें उन्होंने 53.92 की औसत के साथ 2,049 रन बनाए थे। भारत के खिलाफ उन्होंने 7 शतक और 6 अर्धशतक लगाए थे।


**HARYANA PUBLIC SERVICE COMMISSION**
**BAYS NO 1-10, BLOCK-B, SECTOR-4, PANCHKULA**

सत्यमेव जयते

**ANNOUNCEMENT**

**Subject: Main Examination (Written) for the posts of Treasury Officer / Assistant Treasury Officer in Finance Department, Haryana (Advt. No. 23/2023)**

It is hereby announced for the general information of the candidates who have been shortlisted for the Main Examination (Written) for the posts of Treasury Officer / Assistant Treasury Officer in Finance Department, Haryana which was earlier scheduled to be held on 18.01.2026 (Morning & Evening Session), that the said exam is hereby re-scheduled as detailed below :-

| Sr. No. | Advt. No. | Name of the Post & Department | Paper | Date of Test |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 23/2023 | Treasury Officer / Assistant Treasury Officer in Finance Department, Haryana | Paper-II | 25.01.2026 (F.N.) |
| | | | Paper-III | 25.01.2026 (A.N.) |

Sd/- Secretary

SAMVAD - 1156/13/371/2026/41664/88/7 DT. 01.01.26 Haryana Public Service Commission, Panchkula

## बांग्लादेश में थम नहीं रही हिंदुओं के खिलाफ जारी हिंसा...

# बदमाशों के एक समूह ने पहले चाकू से किया वार, फिर पेट्रोल डालकर की हिंदू खोकन चंद्र दास को जिंदा जलाने की कोशिश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते सप्ताह विदेश मंत्रालय द्वारा ढाका में की गई हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की हत्या की कड़े शब्दों में की गई निंदा और उसके साथ ही अल्पसंख्यकों खासतौर पर हिंदुओं के खिलाफ बढ़ते उत्पीड़न, हिंसा को लेकर जताई गई चिंता का बांग्लादेश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। उलटा वहां हालात और बिगड़ते हुए नजर आ रहे हैं। ताजा मामला बांग्लादेश के शरीयतपुर इलाके में बदमाशों के एक समूह द्वारा की गई एक अन्य हिंदू व्यापारी खोकन चंद्र दास को जान से मारने की कोशिश से जुड़ा हुआ है। बांग्लादेश के लोकप्रिय समाचारपत्र प्रोथोम आलो ने अपनी एक रिपोर्ट के जरिए यह जानकारी दी है।

### अपने रोजमर्रा के काम से लौट रहे थे खोकन

रिपोर्ट के मुताबिक, ये घटना बीते बुधवार 31 दिसंबर की रात करीब 9 बजकर 30 मिनट पर हुई थी। जब कनेश्वर यूनियन के तिलोई इलाके में रहने वाले 50 वर्षीय व्यापारी खोकन दास कुरबानगाह में अपने मेडिसिन और मोबाइल बैंकिंग के दैनिक कामकाज को खत्म कर सीएनजी चालित ऑटो-रिक्शा से अपने घर लौट रहे थे।

तभी बदमाशों के एक समूह ने पहले उन्हें घेरकर रोका और फिर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शुरुआत में खोकन को बदमाशों ने चाकू मारे और उसके बाद उनके सिर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। जिसके बाद उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए पास के एक तालाब में छलांग लगाई। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में बचाया गया और पास में शरीयतपुर के ही एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन बाद में उन्हें एडवांस ट्रीटमेंट के लिए ढाका भेजा गया।


खोकन दास को अस्पताल ले जाते हुए

घटना के बाद से इलाके में दहशत फैल गई है। लेकिन अभी तक बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की तरफ से मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। बताते चलें कि पूर्व में बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की हिंसक भीड़ ने हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की बेहद निर्ममता से हत्या कर दी थी और उसके बाद मेहराबारी इलाके में सुरक्षा ड्यूटी के दौरान बिजेंद्र बिश्वास की गोली मारकर हत्या की गई।

### कट्टरपंथी हादी की हत्या के बाद जारी तनाव

गौरतलब है कि बीते दिनों बांग्लादेश में हुई कट्टरपंथी युवा छात्र नेता उस्मान हादी की मौत के बाद से पड़ोसी देश के हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। जगह-जगह पर खासतौर पर अल्पसंख्यकों (हिंदू और अन्य शामिल) को निशाना बनाया जा रहा है। इसी क्रम में पहले दीपू और उसके बाद बिजेंद्र और अब खोकन दास की हत्या की गई है।

### *यूनुस सरकार में संकट में अल्पसंख्यक: भारत*

*बीते दिनों विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक मीडिया ब्रीफिंग में दीपू चंद्र दास की हत्या के मामले की कड़ी निंदा करते हुए बताया था कि पिछले साल अगस्त 2024 से सत्ता पर काबिज हुई मोहम्मद यूनुस सरकार के कार्यकाल में अब तक बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के कुल 2 हजार 900 मामले सामने आए हैं। जिनमें हत्या, जिंदा जलाने और जमीन हथियाने के मामले मुख्य हैं। उन्होंने बांग्लादेश में जल्द होने वाले आम चुनावों को लेकर कहा था कि हम अपने निकट पड़ोसी देश में शांति और स्थिरता के साथ वहां निष्पक्ष और समावेशी (सभी पक्षों की भागीदारी के साथ) चुनावों की मांग करते हैं।*

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी के नाम पर पेंटागन को भेजा ई-मेल



**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत कुंज में रहने वाले निशीथ कोहली नाम के व्यक्ति ने पीएम मोदी के नाम का गलत इस्तेमाल कर डीआरडीओ, इसरो और यहां तक कि अमेरिका के रक्षा विभाग पेंटागन तक को ई-मेल भेज रखे थे। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सीबीआई ने अपनी पड़ताल में पाया कि शख्स ने पीएमओ, एचएए को भी ई-मेल लिखे थे। इन ई-मेल्स में उस व्यक्ति ने दावा किया था कि उसे सरकार को स्वदेशी सैन्य जेट इंजन बनाने में मदद करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त है।

### कनाडा में उड़ान से पहले पायलट ने पी शराब



**वैंकूवर।** कनाडा के वैंकूवर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया के एक पायलट को नशे की हालत में हिरासत में लिया गया। 23 दिसंबर, 2025 को वैंकूवर-दिल्ली (वियना होते हुए) उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के एक पायलट को जश्न मनाना भारी पड़ गया। पायलट को मुंह से शराब की गंध आने के बाद हिरासत में लिया गया। कर्मचारी ने पायलट की सूचना कनाडाई अधिकारियों को दी। कनाडाई अधिकारियों ने पायलट का ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट किया, जिसमें वे फेल हो गए। इसके बाद उन्हें हिरासत में लिया।

### असलम शब्बीर शेख की गोली मारकर हत्या



**पुणे।** पुणे में 2012 के जंगली महाराज (जेएम) रोड सीरियल बम विस्फोट मामले में आरोपी असलम शब्बीर शेख उर्फ बंटी जहागीरदार (52) की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या की यह घटना महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले के श्रीरामपुर में हुई। श्रीरामपुर के वार्ड नंबर 2 के रहने वाले जहागीरदार फिलहाल जमानत पर बाहर थे। पुलिस के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद जब जहागीरदार श्रीरामपुर के एक कब्रिस्तान से बाहर निकले तो अज्ञात हमलावरों ने उन पर दो पिस्तौल से गोलियां चलाईं।

### बच्चों के लिए फ्रांस में भी बैन होगा सोशल मीडिया



**नई दिल्ली।** फ्रांस सरकार किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर एक बड़ा कदम उठाने जा रही है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों सितंबर 2026 से 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की योजना बना रहे हैं। इसके साथ ही हाई स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर भी रोक लगाने की तैयारी है। फ्रांस का यह कदम ऑस्ट्रेलिया के हालिया कानून से प्रेरित है। ऑस्ट्रेलिया ने दिसंबर में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए फेसबुक, स्नैपचैट, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध

## ईरान में आर्थिक संकट के खिलाफ चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी

1 पुलिसकर्मी की मौत, 13 घायल

# गलियों में गूंजा 'डेथ टू डिक्टेटर' का नारा 21 प्रांतों में पहुंच गई 'बगावत' की चिंगारी

*प्रदर्शनकारियों ने इस्फ़हान, हमादान, बाबोल, देहलोरन, बाघमलेक और पियान जैसे शहरों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी अब ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए, निर्वासित राजकुमार रज़ा पहलवी का समर्थन किया और पिछले विद्रोहों में मारे गए*

एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में सत्ता के खिलाफ प्रदर्शन का दायरा बढ़ता ही जा रहा है। ईरान की सत्ता के खिलाफ नागरिकों का विद्रोह चौथे दिन में और 2025 से 2026 में प्रवेश कर गया है। अब प्रदर्शनकारी ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। बुधवार को ईरान में लगातार चौथे दिन देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में रैलियां निकाली।

प्रदर्शन के चलते 31 दिसंबर को एक 21 साल के पुलिसकर्मी की मौत हो गई और लगभग 13 पुलिसकर्मी घायल हैं। ईरान में जारी आंदोलन की सबसे बड़ी वजह ईरानी मुद्रा रियाल में आई भारी गिरावट है। एक डॉलर 42,125 रियाल के बराबर हो गया है।

रियाल की कीमत गिरने के चलते लोग खाने-पीने की चीजें, दवाइयां और रोजमर्रा का सामान नहीं खरीद पा रहे हैं। लोगों का कहना है कि उनकी कमाई बेकार हो गई है और जीवन मुश्किल होता जा रहा है। पहले जो पैसा महीने भर चलता था, अब वह कुछ दिनों में खत्म हो जाता है।

### बड़े शहरों में दुकानदारों ने सरकार के विरोध में दुकानें बंद की

**प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया**


ईरान में महंगाई के विरुद्ध सड़कों पर लोग

### महंगाई कहर बरपा रही

*ईरान में महंगाई अभी कहर बरपा रही है। यहां महंगाई दर अभी 42 फीसदी तक पहुंच गई है। रोजाना की जिंदगी के खर्चे बढ़ने से जनता हलकान है और सड़कों पर उतर आई है। इस्फ़हान में रात में प्रदर्शनकारियों ने 'डरो मत, हम सब साथ हैं', 'तानाशाह मुर्दाबाद', 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'डेथ टू डिक्टेटर' के नारे लगाए। जबकि देहलोरन और बागमलेक में प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में नारे लगाए। कई लोगों ने ईरान के पूर्व शासक रजा शाह पहलवी के समर्थन में नारे लगाए।*

### सुरक्षा बलों ने किया बल प्रयोग

प्रदर्शनकारियों को डिगाने के लिए सुरक्षा बलों ने कई जगहों पर बल प्रयोग किया। नाहवंद, असदाबाद और हमादान जैसे शहरों में गोलीबारी और आंसू गैस छोड़े लेकिन यहां प्रदर्शनकारी डटे हुए दिखाई दिए। तेहरान में तेहरान यूनिवर्सिटी की एक स्टूडेंट लीडर सरीरा करीमी को उनके घर पर छापे के बाद हिरासत में लिया गया है। सरीरा करीमी के ठिकाने का पता नहीं चल पाया है।

### समर्थन मिलना शुरू

*इस प्रदर्शन को मौलानाओं का भी समर्थन मिलना शुरू हो गया है। सुन्नी मौलाना मोलावी अब्दोलहामिद ने कहा कि खराब लिविंग ऑफ स्टैंडर्ड और राजनीतिक गतिरोध इस विद्रोह की वजह बन रहे हैं। मशहूर फिल्ममेकर जाफर पनाही ने इस अशांति को "इतिहास को आगे बढ़ाने" के लिए एक विद्रोह बताया। उन्होंने कहा कि साझा दर्द अब सड़कों पर एक चीख में बदल गया है। पश्चिमी राजनेता लगातार प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खड़े रहे। अमेरिकी सीनेटर रिक स्कॉट ने कहा कि उन्हें यह देखकर हौसला मिला कि ईरानी लोग ईरान की ज़ालिम तानाशाही को खत्म करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने उनसे 'बुरी सरकार' के खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आग्रह किया।*

### ईरान में सत्ता बदलाव की मांग उठी

प्रदर्शनकारियों ने कई शहरों में सरकारी इमारतों पर भी हमला किया है। वे इस्फ़हान, हमादान, बाबोल, देहलोरन, बाघमलेक और पियान जैसे शहरों में सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारी अब ईरान में सत्ता में बदलाव की मांग कर रहे हैं। उन्होंने सुप्रीम लीडर अली खामेनेई के खिलाफ नारे लगाए, निर्वासित राजकुमार रज़ा पहलवी का समर्थन किया और पिछले विद्रोहों में मारे गए प्रदर्शनकारियों को याद किया। कुल मिलाकर ये प्रदर्शन ईरान के 21 प्रांतों में पहुंच गया है।

## सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी

# सीमा पर पकड़ा पाकिस्तानी घुसपैठिया, जासूसी का शक


सीमा पर गश्त करते सुरक्षाकर्मी

एजेंसी ▶▶ जैसलमेर/पुंछ

जैसलमेर जिले में नए साल के जश्न के बीच सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानी नागरिक को पकड़ा है। जिले के नाचना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 8 बजे BSF की 72वीं बटालियन के जवान गश्त पर थे। इसी दौरान हल्के कोहरे के बीच सीमा पार से एक युवक को भारतीय क्षेत्र की ओर आते देखा।

जवानों ने सतर्कता बरतते हुए तुरंत घेराबंदी की। जैसे ही संदिग्ध युवक भारतीय सीमा के भीतर दाखिल हुआ, जवानों ने तारबंदी के पास उसे हिरासत में ले लिया। फिलहाल खुफिया एजेंसियां और बीएसएफ के अधिकारी उससे गहन पूछताछ कर रहे हैं। गणतंत्र दिवस से पहले पकड़े गए पाकिस्तानी घुसपैठिए के जासूस होने का शक है। 'ऑपरेशन अलर्ट' के तहत पकड़े गए युवक को तुरंत पास की बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) पर लाया गया।

### *आतंकियों ने ड्रोन से गिराया बैग*

*नए साल के पहले दिन जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर खड़ी सेक्टर में पाकिस्तान की ओर से एक ड्रोन के माध्यम से एक संदिग्ध बैग गिराया गया था। इस गतिविधि का पता चलते ही नियंत्रण रेखा पर तैनात सतर्क जवानों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सुबह तड़के अन्य सुरक्षा बलों के साथ मिलकर एक तलाशी अभियान शुरू किया। इस संयुक्त अभियान में सेना, एसओजी (स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप) और पुलिस के जवान शामिल थे। तलाशी अभियान के दौरान, पुलस्त्य नदी में ड्रोन से गिराया गया वह बैग बरामद करने में सफलता मिली। बैग की जांच करने पर उसमें तीन पैकेट मिले। इन पैकेटों में नशीला पदार्थ, गोलियां और एक आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) बरामद हुआ है।*



### अवैध घुसपैठ करते गिरफ्तार

भारत–नेपाल सीमा पर अवैध घुसपैठ का एक गंभीर मामला सामने आया है। रक्सौल बॉर्डर पर सीमा सुरक्षा बल ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे तीन बांग्लादेशी नागरिकों और उन्हें बॉर्डर पार कराने में मदद कर रहे एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया है। तीनों बांग्लादेशी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। यह मामला मोतिहारी जिले के भारत–नेपाल सीमा स्थित रक्सौल बॉर्डर का है।

## एयर मार्शल श्रीनिवास बनें वायुसेना की प्रशिक्षण कमांड के प्रमुख

# पाकिस्तान में रक्षा अताशे रहे एयर मार्शल कपूर ने संभाला उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में कार्यभार

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना के लिए नए साल का पहला दिन बेहद खास रहा। क्योंकि इसमें उसके दो वरिष्ठ अधिकारियों ने अपना कार्यभार संभाला है। सबसे पहले भारत के निकट पड़ोसी दुश्मन देश पाकिस्तान में रक्षा अताशे रहे एयर मार्शल नागेश कपूर ने उप-वायुसेनाप्रमुख के रूप में अपना पदभार ग्रहण किया है। उन्हें यह जिम्मेदारी एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी की जगह पर मिली है।

जो कुल करीब चार दशक लंबी अपनी देशसेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए हैं। इसके बाद एयर मार्शल सीथेपल्ली श्रीनिवास ने वायुसेना की प्रशिक्षण कमांड के प्रमुख यानी एफओसी-इन-सी के रूप में अपने जिम्मेदारी संभाली है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

### अनुभवी फाइटर पायलट हैं कपूर

एयर मार्शल कपूर ने दिसंबर 1985 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी से स्नातक की डिग्री प्राप्त की थी। इसके बाद 6 दिसंबर 1986 को वह वायुसेना की युद्धक इकाई में शामिल हुए। अपने लंबे सेवाकाल में वह एक अनुभवी युद्धक पायलट, योग्य उड़ान प्रशिक्षक, युद्धक विमान लीडर रहे। इस समय अवधि में उन्होंने मिग-21 और मिग-29 जैसे लड़ाकू विमानों के सभी प्रारूपों में उड़ान भरी। इसके साथ-साथ उन्हें अलग-अलग युद्धक और प्रशिक्षण विमानों में 3 हजार 400 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव भी है।

यहां वायुसेना मुख्यालय में दूसरे सबसे बड़े पद पर आसीन होने से पहले एयर मार्शल नागेश कपूर बल की ही प्रशिक्षण कमांड के वायु अधिकारी कमान-इन-चीफ और उसके बाद दक्षिणी पश्चिमी वायुसेना कमांड के प्रमुख के रूप में कार्यरत थे। राष्ट्र के लिए उनकी विशिष्ट सेवा के लिए 2008 में वायुसेना पदक, 2022 में अति विशिष्ट सेवा पदक और 2025 में राष्ट्रपति द्वारा परम विशिष्ट सेवा पदक तथा सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।



### कार्यकाल में आए पीसी-7 एमके-2 विमान

मंत्रालय ने कहा कि एयर मार्शल कपूर रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज से प्रशिक्षित हैं और उन्हें अपनी 39 वर्षों की गौरवशाली सेवा में कमान, परिचालन, प्रशिक्षण और स्टाफ पदों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। मध्य क्षेत्र में युद्धक स्क्वाड्रन के कमांडिंग अधिकारी, पश्चिमी क्षेत्र में फ्लाइंग बेस के स्टेशन कमांडर और प्रमुख एयर बेस के एयर ऑफिसर कमांडिंग के तौर पर सेवा में शामिल रहे हैं। इसके अलावा प्रशिक्षण कार्यों में वह वायुसेना अकादमी में मुख्य प्रशिक्षक (फ्लाइंग), वेलिंगटन में प्रतिष्ठित रक्षा सेवा स्टाफ कॉलेज में डायरेक्टिंग स्टाफ रहें। वायुसेना अकादमी में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने बल में पीसी-7 एमके-2 विमान शामिल कराने और उनके परिचालन में अहम भूमिका निभाई थी।

### *1987 में कमीशन हुए एयर मार्शल श्रीनिवास*

*वहीं, दूसरी ओर एयर मार्शल श्रीनिवास ने वायुसेना की प्रशिक्षण कमांड के प्रमुख (एओसी-इन-सी) के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इसके तुरंत बाद उन्होंने कमांड के युद्ध स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, वह भी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे हैं और 13 जून 1987 को वायुसेना की लड़ाकू शाखा में कमीशन हुए थे। उन्हें 'ए' श्रेणी के योग्य फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर के रूप में भी जाना जाता है। इसके अलावा एयर मार्शल श्रीनिवास के पास मिग-21, इस्क्रा, किरण, पीसी-7 एमके-2, एचपीटी-32 और माइक्रोलाइट के साथ ही अन्य विमानों पर 4 हजार 200 घंटे से अधिक का व्यापक उड़ान अनुभव है। चेतक, चीता हेलीकॉप्टर पर द्वितीय पायलट और पेचोरा मिसाइल प्रणाली में श्रेणीबद्ध संचालन अधिकारी के रूप में भी वह योग्य हैं।*



## नए साल के पहले दिन भारत-पाकिस्तान ने किया नागरिक कैदियों, मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान

# केंद्र के प्रयासों की बदौलत पाकिस्तान से सकुशल लौटे 2732 नागरिक कैदी और मछुआरे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पुरानी परंपरा के तहत भारत और पाकिस्तान ने नए साल के पहले दिन नई दिल्ली और इस्लामाबाद में मौजूद कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से एक-दूसरे की जेलों में बंद नागरिक कैदियों और मछुआरों की सूची का आदान-प्रदान किया है। जिसमें भारत ने 391 नागरिक कैदियों और 33 मछुआरों की सूची पड़ोसी देश को सौंपी है। ये वो लोग हैं जो बीते काफी वक्त से भारत की जेलों में बंद हैं और विश्वास के साथ अपने आप को पाकिस्तानी नागरिक मानते हैं। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि केंद्र सरकार के लगातार जारी सतत प्रयासों का ही परिणाम है कि 2014 से लेकर कुल 2 हजार 732 नागरिक कैदी और मछुआरे पाकिस्तान से सुरक्षित स्वदेश लौटे हैं। इनमें से 500 भारतीय मछुआरों और 13 नागरिक कैदियों की वतन वापसी 2023 से लेकर अभी तक हुई है। दोनों देशों ने इसी कवायद के साथ-साथ अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची को भी एक-दूसरे से साझा किया है।

■ दोनों देशों ने अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची भी एक-दूसरे से साझा की है



### पाक ने सौंपी 257 लोगों की सूची

पाकिस्तान ने जो सूची भारत को सौंपी है। उसमें उसने अपनी जेलों में बंद 58 नागरिक कैदियों और 199 मछुआरों का विवरण साझा किया है। ये वो तमाम लोग हैं, जो या तो भारतीय हैं या फिर उनका ऐसा विश्वास है कि वो भारत के नागरिक हैं। दोनों देशों के बीच काउंसलर एक्सेस को लेकर 2008 में एक द्विपक्षीय समझौता हुआ था। उसी के प्रावधानों के तहत हर साल नागरिक कैदियों और मछुआरों की संख्या के आदान-प्रदान का ये सिलसिला चलता है। जिसमें दोनों देशों के कूटनीतिक माध्यमों की अहम भूमिका रहती है।

### कैदियों की सुरक्षा, कल्याण पर दिया जोर

भारत ने पाकिस्तान को नागरिक कैदियों, मछुआरों को उनकी नौकाओं के साथ और लापता रक्षा कर्मियों को भी जल्द से जल्द रिहा कर सौंपने की मांग की है। पाकिस्तान ने भी कुछ ऐसी ही मांग भारत के सामने रखी है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत सरकार ने अपनी सूची के साथ ही पाकिस्तान की सरकार से कहा है कि वह अपनी जेलों में बंद और खुद को भारतीय नागरिक मानने वाले देश के नागरिक कैदियों, मछुआरों की सुरक्षा और कल्याण पर भी ध्यान केंद्रित करें। भारत ने पाक से ये भी कहा है कि वो उसकी जेलों में बंद 35 नागरिक कैदियों और मछुआरों को तुरंत काउंसलर एक्सेस प्रदान करे। यह वो लोग हैं, जिनका विश्वास है कि वो भारतीय नागरिक हैं और उन्हें अभी तक काउंसलर एक्सेस नहीं दी गई है। इन सबके बीच पाकिस्तान ने भारत से यह आग्रह किया है कि अपनी सजा पूरी कर चुके 167 भारतीय मछुआरों और नागरिक कैदियों की रिहाई के मामले में तेजी लाई जाए।

### परमाणु प्रतिष्ठानों की 35वीं सूची सौंपी

उक्त सूची के अलावा दोनों देशों के बीच एक और महत्वपूर्ण सूची का भी आदान-प्रदान किया गया है। जिसका संबंध भारत और पाकिस्तान के परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं से है। 'प्रोहिबिशन आफ अटैक अगेंस्ट न्यूक्लियर इस्टॉलेशंस एंड फैसिलिटी एग्रीमेंट' के तहत यह कार्य किया गया है। इस समझौते पर दोनों देशों ने 31 दिसंबर 1988 में हस्ताक्षर किए थे और 27 जनवरी 1991 को यह लागू हुआ था।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109